डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
आश्विन कृष्ण पक्ष 4, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 21 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-337, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



चेन्नई टेस्ट : दूसरे दिन का खेल खत्म भारत ...

**सेंसेक्स**
84,544.31 ↑ +1,359.52

**डॉलर**
83.530 ↑ -0.089

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 74,240
01 किलो 90,490

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा से पहले मेदिनीनगर के एक होटल में छापेमारी, 90 लाख रुपए बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के पहले, पलामू पुलिस ने मेदिनीनगर के एक होटल में छापेमारी के दौरान 90 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के उद्देश्य से की जा रही सघन तलाशी अभियान के तहत की। पुलिस ने जानकारी दी कि छापेमारी के दौरान बिहार के औरंगाबाद निवासी सदन यादव के



पास से 500-500 रुपए के 100 बंडल, कुल 90 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। यादव ने पुलिस को बताया कि वह स्वर्ण व्यवसायी है, लेकिन पुलिस उसकी बातों की सत्यता की जांच कर रही है।

### कई बिंदुओं पर हो रही है जांच : एसपी

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि इस मामले में 90 लाख रुपये बरामद किये गए हैं। इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों और आयकर विभाग को दे दी गई है। पुलिस बरामद पैसों के स्रोत की जांच कर रही है और इस बात की

**परीक्षा से पहले सघन चेकिंग अभियान :** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ गढ़वा से

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे नेतृत्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (झारखंड)।** झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करने जा रही है। 21 सितंबर को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के गोसाईबाग मैदान से इस यात्रा का शुभारंभ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे, जो राज्य में भाजपा की सत्ता वापसी के अभियान को गति देंगे। रक्षा मंत्री का हेलीकॉप्टर दोपहर 3:05 बजे अनुमंडल ग्राउंड में लैंड करेगा। इसके बाद वह विश्व प्रसिद्ध बंशीधर मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। मुख्य कार्यक्रम गोसाईबाग मैदान में होगा। वहां वह परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य राज्य में भ्रष्टाचार, कुशासन और वादाखिलाफी के खिलाफ भाजपा का पक्ष जनता के समक्ष रखना है।

**बड़ी राजनैतिक उपस्थिति :** इस ऐतिहासिक आयोजन में भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का कैंसर से निधन, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का शुक्रवार निधन हो गया। वे करीब पौने चार साल से लंग्स कैंसर से पीड़ित है। रवि प्रकाश के करीबी अविनाश दास ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि हमारे पुराने मित्र, सहकर्मी और साहस से भरे हुए पत्रकार रवि प्रकाश नहीं रहे। वह कैंसर से लड़ रहे थे। जिंदगी कैसे जी जाती है, हमने उनसे सीखा है। रवि प्रकाश के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं। आप बहुत याद आयेंगे रवि भाई। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र महतो ने भी रवि प्रकाश के निधन पर शोक जताया है। रवि प्रकाश को इसी महीने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड लंग्स कैंसर कॉफ्रेंस (डब्ल्यूसीएलसी-2024) में पेशेंट एडवोकेट एजुकेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। रवि प्रकाश यह पुरस्कार पाने वाले भारत के इकलौते व्यक्ति थे। रवि प्रकाश करीब पौने चार साल से लंग्स कैंसर से पीड़ित थे और कैंसर का लास्ट स्टेज चल रहा था। पिछले डेढ़ महीने से मुंबई में उनकी कार-टी सेल थेरेपी चल रही थी। अमेरिका से लौटने के बाद उन्हें गामा-डेल्टा सेल का चौथा इन्फ्यूजन भी दिया गया था।

### जेएसएससी परीक्षा कराने को लेकर डीजीपी ने जारी किये निर्देश

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्ताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय गंभीर है। यह परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के कुल 823 केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने परीक्षा को लेकर जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिले के एसएसपी, एसपी को सख्त निर्देश जारी किये हैं।

# सेकेंडरी एग्रीकल्चर से ही रुक सकता है किसानों का पलायन : द्रौपदी मुर्मू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड के प्रति मेरा विशेष लगाव है। धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर आना मेरे लिए तीर्थ यात्रा के समान है। यहां के लोगों से बहुत स्नेह मिला है। राज्यपाल के तौर पर मैंने यहां कई वर्षों तक काम किया है। वे शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के जयकारे के साथ किया। उन्होंने कहा कि झारखंड से उनका विशेष लगाव है। 2017 में इस संस्थान के साथ मिलकर कृषि मेले का उद्घाटन किया था। संस्थान ने लाख, रेजिन जैसे कई उत्पादों में विशेष योगदान दिया। लाख के उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित करने का मौका मिला। उस समय मुझे बताया गया कि किसान कैसे लाह द्वारा कैसे लाभान्वित होते थे। आज इस संस्थान के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। मुर्मू ने कहा कि आज का दौर आधुनिक तकनीक का है। इसका इस्तेमाल करना है मगर इसके दुष्प्रभाव से बचना है। अभी भी अनेक क्षेत्र हैं जहां हम और आगे जा सकते हैं। लाह के उत्पादन, सप्लाई चैन और मार्केटिंग में सुधार किया जाए तो हम लाह की खेती में और आगे बढ़ सकते हैं। गांवों में कृषि आधारित भंडारण नीति बनायी जा रही है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कृषि एवं उत्पाद कैसे आगे बढ़े, इसके लिए काम करने जरूरत है। मगर आज भी हमारे किसानों गरीबी में जीने को विवश हैं। इस दिशा में काम करने की जरूरत है। सेकेंडरी कृषि इसका विकल्प हो सकता है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और वे गांव में नहीं छोड़ेंगे। सेंकेंडरी कृषि उत्पाद हम बेहतर दिशा में बढ़ सकते हैं। वेस्टेज वस्तुओं को हम रीसाइकलिंग करके उपयोगी एवं मूल्यवान वस्तुएं बनाए जा सकते हैं। एक बदाम के छिलके से कैसे वे लाभान्वित शेष पृष्ठ 11 पर

### किसानों को खेतिहर मजदूर बनने से बचाने के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर गंभीरता से करना होगा विचार : मुख्यमंत्री

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम, रांची के गौरवशाली एक सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आयोजित शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का रांची आगमन हम सभी के लिए गौरव की बात है । वे 6 वर्षों तक झारखंड की राज्यपाल रहीं। इस दौरान उनका मार्गदर्शन हमेशा इस राज्य को मिलता रहा है। आज राष्ट्रपति के पद पर रहकर भी झारखंड से उनका गहरा लगाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस भौतिकवादी युग में किसानों को कृषि से जोड़े रखना, किसानों की आय में बढ़ोतरी, उन्हें वैकल्पिक खेती के साथ पशुपालन को बढ़ावा और प्रोत्साहन देने के लिए मजबूती से कदम उठाने की जरूरत है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हम संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शेष पृष्ठ 11 पर

## सरकार बनते ही बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर भेजेंगे : अमित शाह



- नौकरी तो नहीं मिली दौड़ लगाते-लगाते कई युवाओं की मौत हो रही है
- ये लोग सेना की जमीन तक खा गए, हेमंत सरकार देश की सबसे भ्रष्ट
- पाकुड़ जिले में हिंदुओं और आदिवासियों झारखंड छोड़ो के नारे लगते हैं

**घोटाला ही घोटाला**
- 1000 करोड़ का मनरेगा घोटाला
- 600 करोड़ का जमीन घोटाला
- 1000 करोड़ का खनन घोटाला
- 40 करोड़ का शराब घोटाला किया

**साहिबगंज/ गिरिडीह।** आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की चुनावी रणनीति को धार देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमर शहीद सिदो-कान्हू के जन्मस्थली साहिबगंज के भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा का आगाज कर दिया। इस मौके पर अमित शाह ने साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान में आयोजित विशाल जनसभा में कहा कि यह यात्रा झारखंड में भ्रष्ट और बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार को हटाकर राज्य का विकास करने वाली भाजपा की सरकार बनाने का संदेश घर-घर पहुंचाएगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर वापस भेजेंगे, यह हमारा वादा है। अमित शाह ने सिपाही बहाली दौड़ में युवाओं के लगातार मौत का मामला उठाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि प्रतिवर्ष शेष पृष्ठ 11 पर

## सपने संवारने की चाह में 16वें बेरोजगार की कुर्बानी

**उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में गिरिडीह में एक युवक की मौत, आठ बेहोश**

**गिरिडीह।** उत्पाद सिपाही बहाली में शुक्रवार को एक और अभ्यर्थी की जान चली गई। इस तरह अब तक सिपाही बहाली दौड़ में नौकरी और अपने सपनों को पूरी करने की चाह में कुर्बान होने वाले बेरोजगार युवकों की संख्या 16 हो गई है। गिरिडीह में शुक्रवार सुबह दौड़ की सिपाही बहाली दौड़ की शुरूआत हुई। इस दौरान कड़ी गर्मी के कारण एक साथ आठ युवक बेहोश हो गए। इनमें से एक युवक विरंची राय की मौत हो गई। सिपाही बहाली प्रक्रिया में गिरिडीह जिले में यह पहली मौत है। बेहोश हुए आठ युवकों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल सभी बेहतर बताए जा रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी सदर अस्पताल पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली। जानाकारी मिलने के बाद भाजपा नेता विनय सिंह और माले नेता राजेश सिन्हा भी सदर अस्पताल पहुंचे। मृत युवक विरंची राय की जानकारी मिलने के बाद उसके कई साथी सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल की व्यस्था पर आरोप लगाया।

बताया गया कि मृत युवक विरंची राय गिरिडीह जिले के धनवार थाना के गादी गांव का रहने वाला था। शुक्रवार को उत्पाद विभाग के सिपाही बहाली में शामिल होने गिरिडीह के न्यू पुलिस लाइन पहुंचा था। मालूम हो कि इसके पहले विभिन्न जिलों के बहाली केंद्रों से अभ्यर्थियों की लगातार मौत की खबरें आने व विपक्षी दल भाजपा द्वारा इसे मुद्दा बनाने के बाद राज्य सरकार ने तीन दिनों के लिए बहाली दौड़ स्थगित कर दिया था। बहाली दौड़ का दूसरे चरण जब शुरू हुआ फिर भी मौत का सिलसिला नहीं रुका।

झारखंड कैबिनेट में 36 प्रस्ताव पारित

## राज्यकर्मियों को दशहरा तोहफा, डीए 16 प्रतिशत बढ़ा

- 5 प्रतिशत बढ़ा पेंशनधारियों का डीए, एक जनवरी 2024 से ही प्रभावी होगा
- 100 रुपये प्रति क्विंटल अधिक बोनस किसानों को मिलेगा धान अधिप्राप्ती पर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 36 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने राज्य सरकार के अधीन कार्यरत पेंशनधारी और सरकारी कर्मचारियों को दशहरा के पहले बड़ी सौगात दी है। इन कर्मियों के महंगाई भत्ता को बढ़ाने की कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। पुनरीक्षित पेंशन और पारिवारिक पेंशन भोगी के डीए 234 से बढ़ाकर 239 किया गया। राज कर्मियों का डीए 427 से बढ़कर 443 प्रतिशत किया। सभी सरकारी कर्मियों का बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक जनवरी 2024 से ही प्रभावी होगा।



साथ ही सरकार ने संविदाकर्मियों की संविदा राशि बढ़ाने की भी घोषणा कर दी है। राज्य के किसानों से धान अधिप्राप्ति के लिए 100रुपये प्रति क्विंटल अधिक बोनस राशि देने का निर्णय लिया गया। इस साल छह लाख मीट्रिक टन अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान के लिए 2300 प्रति क्विंटल और इससे ऊपर धान के लिए 2320 पर प्रति क्विंटल रखा गया है। इसमें 100 बोनस मिलेगा। 29604 जलसहिया को डीबीटी के माध्यम से 12000 लागत की स्मार्टफोन देने की स्वीकृति दी गई। इसमें 34 करोड़ 40 लख रुपये खर्च आएगा। राज्य के कर्मकारों की अब सरकारी योजना के लाभ के लिए स्व घोषणा प्रमाणित प्रमाण पत्र से ही लाभ मिल जाएगा। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने यह जानकारी दी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले :** नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन शहरी स्थानीय निकायों में संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त करने के लिए 107 कनीय अभियंताओं को विभाग के आनुषंगिक इकाइयों निदेशालय के अधीन शहरी स्थानीय निकाय, झारखंड राज्य आवास बोर्ड, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिका,र झारखंड खनिज विकास प्राधिकार जुडको लिमिटेड में संविदा के आधार पर सेवाएं प्राप्त किए जाने की स्वीकृति दी गई। बिरसा चौक रांची से धुर्वा गोल चक्कर और धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट भवन तक सड़क निर्माण के लिए 47.33 करोड़ की रिवाइज प्राक्कलन की स्वीकृति दी गई। दुमका बाईपास के 4 लेन बनाने के के लिए 97 शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

## हमारी आदतें जो हमें इंसान या हैवान बनाती हैं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अक्सर कहा जाता है कि एक अच्छे या सफल मनुष्य की आदतें उसे अच्छा बनाती हैं और एक बुरे आदमी की आदत उसे बुरा बना देती है । एक ऋषि की कथा हम सभी ने पढ़ी थी कि नहाते समय ऋषि को तेज बहाव में बहता एक बिच्छू मिलता है जिसे ऋषि यह सोचकर उठा लेते हैं कि छोड़ देने पर वह निश्चित रूप से मर जाएगा पर उठाते ही बिच्छू उन्हें डंक मारता है और अस पीड़ा से वह उसे छोड़ देते हैं जिससे वह पानी में गिर जाता है । ऐसा कई बार होता है पर ऋषि उसे छोडते नहीं। किसी के पूछने पर कि आप उस दुष्ट बिच्छू को क्यों बचा रहे हैं जो बार आपको डंक मारता है? ऋषि ने कहा कि वह उसकी आदत है और यह मेरा स्वभाव है कि मैं उसे बचाऊँ। आदत निर्माण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यवहार स्वचालित हो जाते हैं। आदतें किसी व्यक्ति द्वारा उन्हें हासिल करने की इच्छा के बिना भी बन सकती हैं, लेकिन किसी के व्यक्तिगत लक्ष्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए उन्हें जानबूझकर विकसित भी किया जा सकता है - या समाप्त किया जा सकता है। जब लोग दुनिया में भ्रमण करते हैं तो उनमें अनगिनत आदतें विकसित हो जाती हैं, भले ही वे उनके बारे में जानते हों या नहीं। इन व्यवहारों की सहज प्रकृति लोगों को दिनचर्या में उनकी आवश्यकताओं को अधिक कुशलता से पूरा करने में मदद कर सकती है। फिर भी तथ्य यह है कि आदतें हमारे दिमाग में गहराई से बैठ जाती हैं, इसका मतलब यह है कि भले ही कोई विशेष आदत हल होने की तुलना में अधिक समस्याएं पैदा करती है, लेकिन इसे तोड़ना मुश्किल हो सकता है। शुरूआत में आदतें कैसे आकार लेती हैं, यह समझना उन्हें खत्म करने और बदलने में मददगार हो सकता है।आदतें हानिकारक या स्वास्थ्य-वर्धक हो सकती हैं। जागने के बाद सहज रूप से सिगरेट - या विशेष संकेतों से जुड़ी कोई भी दवा - एक आदत है। तो हर दिन घर पहुंचने के बाद जूतों को उचित स्थान पर रखना या गाड़ी चलते समय सोचे बिना अपनी सीट बेल्ट बांधना भी शामिल है। मनुष्यों की आदतें क्यों होती हैं? लोगों के आदतों का गुलाम बनने एक



संभावित कारण यह है कि आदतें कुशल होती हैः लोग क्या करना है इसके बारे में विचार-विमर्श किए बिना समय और ऊर्जा बर्बाद किए बिना उपयोगी व्यवहार कर सकते हैं। हालाँकि, त्वरित और कुशल प्रतिक्रियाओं की यह प्रवृत्ति उल्टी भी पड़ सकती है - जैसे कि जब यह नशे की लत वाली दवाओं के उपयोग या अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन से हाईजैक हो जाती है।आदतें ही हमारी जिंदगी को निर्धारित करती हैं। हम तय समय पर सुबह उठते हैं, ब्रश करते हैं, चाय पीते हैं और फिर काम पर निकलते हैं। ये सब आदतें ही तो हैं। फिर एक नई स्वस्थ आदत डालने में परेशानी कहां आती है? व्यवहार वैज्ञानिकों के अनुसार हम गलत तरह से स्वस्थ आदत बनाने की कोशिश करते हैं। वजन कम करने के लिए हम कसरत करने का संकल्प गलत तरह से लेते हैं। बड़े संकल्पों को लेने से पहले सफलता के लिए खुद को तैयार करने की भी जरूरत होती है। लेकिन हम इस पर ध्यान नहीं देते। एक्सपर्ट बताते हैं कि नई आदतों की शुरूआत का सबसे बेहतर तरीका है कि उन्हें मौजूदा आदतों में जोड़ दिया जाए। आपको अपनी जिंदगी के पैटर्न में झांक कर देखना होगा कि सकारात्मक आदतें विकसित करने के लिए आप किन मौजूदा आदतों का उपयोग कर सकते हैं।ज्यादातर लोगों के लिए सुबह की दिनचर्या सबसे प्रभावी होती है, इसलिए यह नई आदत शुरू करने का एक सुअवसर पैदा कर सकती है। जैसे सुबह की एक कप चाय, पांच मिनट के ध्यान के अभ्यास की शुरूआत कर सकती है। ब्रश करते वक्त आप संतुलन का अभ्यास करने के लिए एक पैर पर खड़ा होना चुन सकते हैं। कई लोग शाम में सोफे पर लेटकर टीवी देखना पसंद करते हैं। ये प्रतिदिन योग करने का अच्छा समय हो सकता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता और टाइनी हैबिट्स पुस्तक के लेखक बीजे फॉग कहते हैं कि व्यवहार में बड़े परिवर्तन लाने के लिए उच्च स्तर की प्रेरणा की जरूरत होती है, जिसे अक्सर कायम नहीं रखा जा पाता है। इसलिए वह नई आदत को यथासंभव आसान बनाने के लिए छोटी-छोटी आदतों से शुरूआत करने का सुझाव देते हैं। जैसे, रोजाना थोड़ी देर टहलना व्यायाम की आदत की शुरूआत हो सकता है या हर दिन अपने बैग में एक सेब रखने से खाने की आदतें बेहतर हो सकती हैं।

## झारखंड हाई कोर्ट में बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने वाली पीआईएल पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में शुक्रवार को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। राज्य सरकार की ओर से वर्चुअली रूप से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल जुड़े। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता इस जनहित याचिका को पॉलिटिकल एजेंडा के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। क्योंकि, केंद्र ने शपथ पत्र में कोई डाटा नहीं दिया है। झारखंड में कुछ माह में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने भी पक्ष रखा। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि अंतिम जनगणना के आधार पर आदिवासियों की संख्या में कमी आने का डाटा दिया गया है। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने इस मामले में हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि 30 सितंबर तक केंद्र सरकार के गृह सचिव एवं झारखंड के मुख्य सचिव की बैठक प्रस्तावित है। इसमें झारखंड में घुसपैठियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनने पर विचार होगा, जिसमें घुसपैठ के मसले पर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों के संबंध में विचार होगा। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का उद्देश्य झारखंड के सीमावर्ती जिलों यथा देवघर, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका और जामताड़ा में अवैध घुसपैठियों की पहचान करना तथा ऐसे अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की व्यवस्था करना होगा। हाई कोर्ट की खंडपीठ झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के संथाल परगना में अवैध प्रवेश को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

## एक नजर

### पीएमश्री अपग्रेडेड + 2 उवि में लगाए अशोक के पौधे

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पीएमश्री अपग्रेडेड + 2 उच्च विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को अशोक प्रजाति के 60 पौधे लगाए गए। इसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हाथ बंटाया। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पौधे युवा समाजसेवी विवेक विशाल बंटी ने उपलब्ध कराने का काम किया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनका यह सराहनीय कदम है। स्कूल में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे भी उनका प्रयास होगा। पौधरोपण में उनके अलावा प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह, प्रियहित सोनी, सुनील कुमार, रिजवान शाहिद, इश्तियाक अहमद निहाल, धनंजय कुमार, लालमुनि देवी, गीता देवी, सुषमा कुमारी, स्थानीय युवा हरिओम कुमार,आकाश कुमार, अमरकांत सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल थी। इससे सभी खुश नजर आए।

### नात शरीफ और सवाल का जवाब कार्यक्रम आयोजित

**छतरपुर।** ईद-मिलादुन नबी के मौके पर छतरपुर खाटिन मदरसा अहले सुन्नत नैमुल-उलूम के छात्र-छात्राओं ने एक -से-एक बढ़ कर नात शरीफ और सवाल का जवाब का कार्यक्रम किया गया ये कार्यक्रम सुन्नी यादे हुसैन कमिटी खाटीन के सदर खालिद राजा के नेतृव में आयोजन किया गया । अच्छा नात पढ़ने और अच्छा सवाल के जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं खुशनुमा बानो,फरीदा खातुन,शम्मा परवीन, गुलबसा खातून, कनीज फात्मा,उमर राजा, दिलवर राजा,मिनहाज ,अरमान को कौपी-कलम देकर उनका हौसले को बढ़ाया गया। खाटीन जामा मस्जिद के इमाम ने कहा कि सभी बच्चों को हर हाल में शिक्षा दें। मौके पर हाफिज तौहीद, असगर हुसैन, उमुस्लिम खलीफा, मुबारक हुसैन, असलम अब्बासी, आबिद, गुलाम मुस्तफा, मोहसिन, नजरुल, अकबर हुसैन, कलीम, राशिद अब्बासी, अजीज अब्बासी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जेएसएलपीएस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आजीविका प्रदान करना है : अधिकारी

**विश्रामपुर।** आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड का प्रखंड स्तरीय वार्षिक आमसभा की बैठक शुक्रवार को विश्रामपुर डाकबंगला परिसर में हुआ। कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीस का वार्षिक उत्सव भी मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन एसबीआई के शाखा प्रबंधक राजुल हेंब्रम,बघमनवा मुखिया मंजू देवी सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । बैठक में जेएसएलपीएस द्वारा वर्ष 2023-24 का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जेएसएलपीएस के अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में कई महिलाओं को स्वालंबी बनाया गया। महिलाओं को आजीविका प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने हेतु उन्हे कई तरह का प्रशिक्षण दिया गया। कहा कि जेएसएलपीएस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आजीविका प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर बनाना है।

# समूह के माध्यम से स्वावलंबन की दिशा में महिलाओं का सराहनीय कदम : बीडीओ

**▸▸ जल्द ही दाल मिल चलाएंगी महिलाएं, लिया गया प्रस्ताव**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय इतवार बाजार के पास स्थित पंचायत सचिवालय में जेएसएलपीएस संचालित संकूल स्तरीय आजीविका महिला संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा की दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन के बाद बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने कहा कि घर के कामकाज से इतर भी महिलाएं जेएसएलपीएस के समूह से जुड़कर स्वालंबन की दिशा आगे बढ़ रही हैं। इससे परिवार की परवरिश में उनका बड़ा योगदान मिल रहा है। उन्होंने महिलाओं को इस दिशा में और भी कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। बीपीएम भूपेश कुमार और अन्य ने वार्षिक लेखा-जोखा पेश करते हुए कहा कि इस संगठन से जुड़ने के बाद मेहनत और लगन से समूह की दीदियों की जिंदगी बदली है। इससे परिवार और समाज में भी बड़ा बदलाव आया है। इस मौके पर समूह की महिलाओं ने नाटक के माध्यम से इसे प्रदर्शित भी किया।




**500 समूह की दीदियों ने लिया हिस्सा**

जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने बताया कि आमसभा में लगभग 500 समूह की दीदियों ने हिस्सा लिया था। आमसभा में समूह के माध्यम से दाल मिल चलाने का प्रस्ताव लिया गया है। इसे जल्द ही कार्य रूप दिया जा सकता है। इसके लिए अबतक बेहतर काम करने वाली महिला समूह का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम में सीसी राजकुमार राम, भरत राम, आईपीआर मीना कुमारी और वीरेंद्र कुमार सिंह सहित सभी सक्रिय महिला दीदी एवं समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### लंगुराहा में डायरिया से दर्जन भर लोग आक्रांत

# स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है : डॉ. गोपाल प्रसाद



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के लंगुराहा गांव में डायरिया से करीब दर्जनभर लोग आक्रांत हैं। पीड़ितों में सतेन्द्र यादव, महेंद्र प्रजापति, अलख यादव, रविन्द्र यादव सहित अन्य घरों के महिला पुरुष सदस्य शामिल हैं। सूचना के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार को गांव में पहुंचकर मुआयना किया। साथ ही ओआरएस के पैकेट, ब्लीचिंग पाउडर प्रभावित परिवार को दिया गया। इसके अलावे लोगों को पानी उबालकर पीने, ताजा भोजन करने और घरों के आसपास साफ-सफाई रखने की सलाह दी । वहीं, विशेष परिस्थिति में एम्बुलेंस के लिए 108 पर कॉल कर सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराने की बात कही गयी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। बावजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट है। उन्होंने बताया कि गिद्दी परसडीह गांव से भी डायरिया के तीन मामले आए थे। सीएचसी में इलाज के बाद ठीक हो जाने पर उन्हें घर भेज दिया गया। मौके पर फार्मासिस्ट अविनाश कुमार, विकास कुमार सिंह स्वास्थ्य सहिया लालो देवी आदि मौजूद थे।

# दादा पर पोते की गला दबाकर हत्या का आरोप, आहर में फेंका मिला शव

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला पंचायत गांव के टोला होल्या से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। जहां दादा पर पोता की हत्या कर आहार में शव को फेकने का आरोप लगा है। मृतक 8 वर्षीय शुभम कुमार के परिजनों ने बताया कि उनका लड़का गुरुवार की शाम दूध लेने गांव के प्रमोद सिंह के घर गया था। आहर के पास बांस के पेड़ के पास बैठे उसके दादा कपिलदेव सिंह ने उसे वहां बैठा लिया था। शाम छह बजे तक शुभम घर नहीं लौटा, तब खोजबीन करने पर देखा की आहर में उसकी साइकिल है। शुभम की माता खुशबू देवी खुद आहार में कूद गई। बाद में अन्य लोगों ने आहार से शुभम के शव को निकाल कर तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच कर उपस्थित लोगों से जानकारी ली। शुक्रवार की सुबह उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है : थाना प्रभारी**

पुलिस ने गांव में पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया व परिजनों का फर्द बयान दर्ज किया। शुभम की मां खुशबू देवी ने पुलिस को बताया कि उनके ससुर कपिलदेव सिंह तीन दिनों से आहर के पास बैठ रहे थे। उन्होंने बेरहमी से गला दबाकर शुभम की हत्या कर शव को आहर में फेंक दिया। हत्या के बाद आरोपी दादा कपिलदेव सिंह अभी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर रही है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि मामले में किसी ने आवेदन नहीं दिया है। अंतिम संस्कार के बाद आवेदन देने की बात कही गई है। वैसे संबंधित लोगों का बयान दर्ज कर उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# विनोद सिन्हा ने किसानों के बीच सरकारी दर पर यूरिया खाद का कराया वितरण




नवीन मेल संवाददाता

**नीलाम्बर-पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे कुशवाहा विनोद सिन्हा ने एक अनूठी पहल करते हुए सुखाड़ की मार झेल चुके किसानों के बीच सरकारी दर पर यूरिया खाद का वितरण कृषक उत्पादक संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड कोट खास पैक्स भवन से करवाया। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि मैं जो कहता हूं वह करता हूँ। मैंने किसानों की खेती में लागत को कम करने के लिए प्रयास किया एवं किये प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया और किसानों को आज सरकारी दर से यहां यूरिया खाद मिल रहा है। मौके पर किसानों में काफी खुशी का माहौल देखा गया। स्थानीय किसानों ने कुशवाहा विनोद सिन्हा के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

## न्यूज बॉक्स

### गांधी उच्च विद्यालय प्रांगण में किया गया प्रखंड स्तरीय 'खेलो झारखंड' का आयोजन




**उंटारी रोड।** प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 का आयोजन +2 गांधी उच्च विद्यालय उंटारी रोड के प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू के द्वारा दीप प्रज्ल्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर शिक्षा विभाग के बीपीओ नरेंद्र सिंह, बीआरपी नीरज कुमार चौबे , सीआरपी अश्विनी कुमार सिंह सहित प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल भावना से खेलते हुए शारीरिक विकास के महत्व को समझाया। खेलो झारखंड के तहत कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल एवं शतरंज का आयोजन किया गया था। प्रखण्ड स्तर के विजेता बालक-बालिका को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।

### दलित ही दलित के दुश्मन बनते जा रहे हैं : अनुज राम

**नावाबाजार।** दलित ही दलित परिवार का दुश्मन बनते जा रहे हैं। इस पर किसी भी दलित के द्वारा आवाज नहीं उठायी जा रही है। बिहार के नवादा जिले स्थित कृष्णानगर में 80 महादलित परिवार के घरों में जमीन माफिया नन्दू पासवान व उनके गुर्गों के द्वारा आग लगाकर जलाने की बर्बर व अमानुषिक घटना को अंजाम दिया गया, लेकिन इस पर दलितों की ओर से राजनीति करने वाले लोग चुप क्यों बैठे हैं। उक्त बातें नावाबाजार प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनूज राम ने कही। वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुफस्सिल थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी पर महादलित व दलित परिवार के अत्यंत गरीबों के घरों व झोपड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया । इतना ही नहीं उनके दैनिक जीवन के समस्त उपभोग की वस्तुओं सहित जानवरों, पैसों आदि सभी सामग्रियों को जलाने की घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि बिना राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा अपराध संभव नहीं है। अनूज ने घटना को अंजाम देने में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### भारी बारिश से क्षतिग्रस्त कच्ची सड़क की पुलिया की कराई मरम्मत, आवागमन का मार्ग प्रशस्त



**मोहम्मदगंज।** पठारी क्षेत्र के दर्जनों गांवों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने के लिए रामनगर के ग्रामीणों की पहल पर श्रमदान से बनी कच्ची सड़क की क्षतिग्रस्त पुलिया की शुक्रवार को मरम्मत करा दी गई। इससे 5 दिनों से बंद आवागमन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रामनगर निवासी और श्रमदान से इस कच्ची सड़क और पुलिया का निर्माण कराने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले बुजुर्ग रामजन्म राम की सूचना पर कांग्रेस सहकारिता विभाग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन राहुल सिंह ने जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत करा दी है। इस मौके पर अमर, राकेश, पंकज, विजय कुमार,भीम यादव, सत्येंद्र यादव एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने इसके लिए राहुल सिंह के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि इस कच्ची सड़क के श्रमदान से निर्माण के 4 साल बाद भी इसके पक्कीकरण की दिशा में किसी भी स्तर से पहल नहीं की गई है। जबकि इसके लिए आग्रह किया जाता रहा है।

### प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने संतोष

**नावाबाजार।** प्रखंड के कंडा के पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया । इसे लेकर विद्यालय परिसर के सभागार कक्ष में अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक में शामिल अभिभावकों के बीच विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को ले चुनाव पर चर्चा की गई। बैठक में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में अधिकृत ताली मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक मनोज कुमार ने समुचित जानकारी उपलब्ध कराया। जहां सभी अभिभावकों ने सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधन समिति के लिए 12 सदस्यों का चुनाव किया गया। इसके बाद चयनित 12 सदस्यों में अध्यक्ष पद के लिए संतोष सिंह व संयोजिका के पद सुनीता देवी का चयन किया गया। प्रबंधन समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया नियमानुसार सीआरपी अनिरुद्ध कुमार के द्वारा संपन्न कराया गया। प्राचार्य सुमित शंकर ने बताया कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में पुनर्गठन की प्रक्रिया पर्यवेक्षक मनोज कुमार व सीआरपी अनिरुद्ध कुमार के देख रेख में संपन्न हुआ है।

### स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं में हो रहा है परिवर्तन : संदीप सरकार

**छतरपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित कचनपुर आजीविका महिला संकुल संगठन का वार्षिक आम सभा कचनपुर पंचायत भवन के प्रांगण में किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह के माध्यम से चार पंचायत कचनपुर सुसीगंज पिंडराही कलापहाड़ अंतर्गत की गई कार्यों की व्याख्या की गई। तथा अगले एक साल की कार्य योजना पर चर्चा की गई । युवा एकता मंच पलामू जिला अध्यक्ष सह छतरपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी संदीप सरकार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह में जोड़ने के बाद महिलाओं में परिवर्तन देखा जा रहा है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत बनने की सपना को साकार करने में सहयोग प्रदान कर रहे है। यदि हर प्रखंड और कलस्टर स्तर पर अगरबत्ती, मोमबत्ती पेंसिल-रबड़ जैसी सामग्री बनाने का प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था की जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। मौके पर कंचनपुर मुखिया सरस्वती देवी, जेएससलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, छतरपुर एसबीआई शाखा प्रबंधक, जेआरजीबी लठेया शाखा प्रबंधक, काला पहाड़ मुखिया पति प्रमोद कुमार यादव, संकुल संगठन के अध्यक्ष मनीषा कुमारी, सचिव सुनीता देवी, गीतांजलि देवी, बीएपी नीलू देवी , आइपीआरपी मीना कुमारी, अर्चना कुमारी, विक्की कुमार, सीसी दीपक कुमार सहित काफी संख्या में स्वयं सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहे।

### देवरी आजीविका महिला संकुल की वार्षिक आमसभा का आयोजन

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी कला आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन कुशुआ कार्यालय में किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ ,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार,दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह तथा जेएसएलपीएस कर्मियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों तथा बीओडी में शामिल नए सदस्यों को बुके देकर सम्मानित किया गया। आम सभा कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2023-2024 के किये गए कार्य का उपलब्धियां बताया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में किये जाने वाले कार्यों की कार्य योजना तैयार किया गया। सहकारी समिति से जुड़ने के लिए शेयर होल्डर की संख्या बढ़ाने के लिए जानकारी दी गई। साथ ही अंश पूंजी जमा करने के लिए बताया गया।

**परियोजना से मिलने वाले फायदे के बारे में बताया :** संकुल का ऋण वापसी प्रतिशत बढ़ाने तथा संकुल में छूटे हुए सदस्यों को सखी मंडल से जोड़ने के लिए बताया गया। प्रखण्ड में चल रहे विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं जैसे एनआरएलएम, एनआरईटीपी, एमकेएसपी, डीडीयू जीकेवाई, उमंग, समाजिक विकास, आर्टिजन कलस्टर, इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर, ओएसएफ के कार्यों और परियोजना से मिलने वाले फायदे के बारे में कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार के द्वारा विस्तार से बताया गया। इस आम सभा कार्यक्रम मे सीएलएफ अध्यक्ष रीता देवी,उर्मिला देवी,मानती देवी,मुन्नी देवी,चांदनी देवी आदि ने भाग लिया।

# प्रशासन का सख्त आदेश : 48 घंटे में दुकानों से अतिक्रमण हटाएं



नवीन मेल संवाददाता

**नीलाम्बर- पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के लेस्लीगंज बाजार में दुकानदारों और व्यापारियों को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया है। अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक रितेश कुमार पांडे, कर्मचारी महेंद्र राम और थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता की टीम ने ढेला चौक से गांधी चौक होते हुए पानी टंकी तक के 84 दुकानदारों को मौखिक रूप से यह निर्देश दिया। 48 घंटे की मोहलतः अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने साफ कहा कि सभी व्यापारी 48 घंटे के भीतर अपनी दुकानें अतिक्रमण मुक्त करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे लेस्लीगंज बाजार को एक दिन में अतिक्रमण मुक्त करना संभव नहीं है, इसलिए पहले सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया जाएगा। अधिकारी ने चेतावनी दी कि अगर निर्धारित समय सीमा के अंदर व्यापारी अपनी दुकानें खाली नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**बुलडोजर चलाकर कराया गया था अतिक्रमण मुक्त**

ज्ञात हो कि वर्ष 2014 में तत्कालीन अंचलाधिकारी सह प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी शांतनु कुमार अग्रहरी द्वारा बुलडोजर चलवाकर पूरे बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। अब देखना दिलचस्प यह होगा कि वर्तमान अंचल अधिकारी का बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने की योजना कितना धरातल पर कारगर हो पाती है।

### हरिहरगंज में चलाया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान

**हरिहरगंज।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को कार्यपालक पदाधिकारी के निदेर्शानुसार नगर पंचायत के मेन रोड, मेन बाजार, दुर्गा मंदिर परिसर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में साफ सफाई अभियान चलाया गया. इस दौरान सीता हाई स्कूल एवं बालिका उच्च विद्यालय में बच्चों द्वारा पेंटिंग, निबंध, कविता, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी फैजुल रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुलाह अंसारी, सामुदायिक संगठन कर्ता बिचित्रा कुमारी के अलावे सामुदायिक संसाधन सेविका सफाई कर्मी सीता हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाचार्य अजय राय, बालिका उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार सहित शिक्षक तथा स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# 'खेलो झारखंड प्रतियोगिता' के तहत कबड्डी खेल का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**पांडू।** शुक्रवार को पांडू प्रखंड के खेल स्टेडियम में खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत प्रखंड स्तरीय कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पांडू जिला परिषद सदस्य मीना देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक अनुपम तिवारी, शकील हैदर, और निरंजन कुमार द्वारा किया गया, जबकि संदीप सिंह और ब्रजेश कुमार यादव ने आयोजन का समन्वय संभाला। प्रतियोगिता में 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों की कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने वाले छात्रों को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों के लिए चयनित किया जाएगा। इस अवसर पर बीपीओ मानी कुमार पांडेय, सीआरपी अजय सिंह, महबूब अली और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के बच्चों ने दिखाया हुनर

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय जपला, पलामू के छात्रों ने कला उत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय जामताड़ा, झारखंड में आयोजित की गई, जिसमें बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। इस संकुल स्तरीय कला उत्सव का आयोजन पटना संभाग द्वारा किया गया, और इसमें जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के छात्रों का हर कला क्षेत्र में दबदबा रहा। कला शिक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि यह कला उत्सव भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित होता है। प्रतियोगिता को तीन चरणों में आयोजित किया जाता हैः संकुल स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर। सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के बच्चों को इस प्रतियोगिता का सालभर इंतजार रहता है। इस वर्ष, इस विद्यालय के स्वेता कुमारी ने खेल-खिलौने में, सूरज कुमार ने मूर्तिकला में, और अभय ठाकुर ने चित्रकला में भाग लिया। स्थानीय क्राफ्ट में भी विद्यालय के छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### मिलन समारोह को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक अयोजित

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी सह बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने पंडवा अपने आवास परिसर मे आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति और 2 अक्टूबर को होने वाली कार्यकर्ता महासम्मेलन सह मिलन समारोह को लेकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार एक बैठक अयोजित की। वहीं बैठक में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी राजन मेहता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में पार्टी के कार्यकर्ताओं को पूरी तैयारी के साथ विरोधियों की गतिविधियों पर भी नजर रखते हुए दिशा निर्देश दिया।

## एक नजर

### कबड्डी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का चयन 22 को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में रविवार को जीएलए कॉलेज ग्राउंड में सीनियर वर्ग का एक दिवसीय ओपन चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस ओपन चयन प्रतियोगिता में पलामू जिला कबड्डी के सीनियर सभी प्लेयर भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला कबड्डी संघ द्वारा चयनित खिलाड़ियों राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। चयनित खिलाड़ी चाईबासा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के बालक-बालिका वर्ग में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 30 सितंबर तक चाईबासा में किया जाना है। यह जानकारी पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव दीपक तिवारी ने दी।

### नदी व जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**मेदिनीनगर।** संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र और आदिवासी युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में रामगढ़ प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। यह टूर्नामेंट रामगढ़ के बांसडीह खुर्द पंचायत स्थित अड़ागडा मिशन स्कूल के मैदान में 23 सितंबर से शुरू होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। **टूर्नामेंट का उद्देश्य** :टूर्नामेंट का आयोजन नदी और जल स्रोतों की सुरक्षा एवं जीर्णोद्धार के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। खासकर युवाओं को इस दिशा में प्रेरित करने के लिए यह पहल की गई है।

**नियमों अनदेखी से बढ़ रहा है खतरा, शहरवासी परेशान**

# प्राइवेट वाहन व्यवसायिक तौर पर संचालित, प्रशासन की उदासीनता



**यातायात अधिनियम के तहत प्राइवेट वाहनों का व्यावसायिक तौर पर उपयोग दंडनीय अपराध है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में इन दिनों प्राइवेट वाहनों का व्यवसायिक उपयोग व्यापक हो चुका है। अनाधिकृत स्टैंड शिवाजी मैदान, जहां सैकड़ों निजी वाहन मौजूद रहते हैं, इन्हें व्यवसायिक वाहनों की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका प्रभाव स्थानीय लोगों पर पड़ रहा है, जिन्हें इन वाहनों से असुविधा झेलनी पड़ रही है। इसके बावजूद, प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है। यातायात अधिनियम के तहत प्राइवेट वाहनों का व्यावसायिक तौर पर उपयोग दंडनीय अपराध है और इसके लिए जुर्माना का भी प्रावधान है। हालांकि, इस नियम का पालन होते नहीं दिखता। चौक-चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान नियमित रूप से चलते हैं, लेकिन इसका कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आता। ट्रैफिक इंचार्ज के सामने ही काली मंदिर के आसपास दोनों ओर टेंपो और छोटे वाहन सड़क को अवरुद्ध करते हैं, जिससे यात्रियों को खासी असुविधा होती है। कई टेंपो चालकों के पास लाइसेंस भी नहीं होता, लेकिन उन्हें रोकने या कार्रवाई करने वाला कोई नहीं है। पुलिस अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के हेलमेट की जांच करती है, जबकि ट्रैफिक नियमों के अन्य उल्लंघनों को नजरअंदाज कर देती है।

**डीटीओ का बयानः होगी सख्त कार्रवाई**

जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार का कहना है कि उन्हें अब तक इस मामले की जानकारी नहीं थी, इसलिए प्राइवेट वाहनों के व्यावसायिक उपयोग पर अभियान नहीं चलाया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा। सरकारी कार्यालयों में टेंडर के आधार पर प्राइवेट वाहनों का उपयोग होता है, लेकिन अगर कहीं बिना टेंडर के प्राइवेट वाहन व्यवसायिक तौर पर चल रहे हैं, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कानून क्या कहता है?**

प्राइवेट वाहनों का व्यवसायिक उपयोग करना भारतीय मोटर वाहन अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। कानून के अनुसार, निजी वाहन का व्यवसायिक उद्देश्य के लिए उपयोग करने के लिए वाहन को व्यवसायिक पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। ऐसे वाहनों के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, परमिट, और टैक्स भी अलग से निर्धारित होते हैं। यदि कोई प्राइवेट वाहन व्यवसायिक रूप से चलाया जा रहा है और इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है, तो जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

## कचहरी चौक पर सघन जांच अभियान, बिना हेलमेट और लाइसेंस के 12 वाहन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें चार पहिया और दोपहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और कुछ ट्रिपल लोडिंग करते हुए पाए गए। साथ ही, कुछ चालक बिना लाइसेंस के वाहन चला रहे थे, जिसके चलते उनके वाहनों को जब्त कर शहर थाना में सुरक्षित रखा गया है।

**12 मोटरसाइकिल और 1 टेंपो का चालान**

जांच अभियान के अंतर्गत 12 मोटरसाइकिल और 1 टेंपो को सीजीएम कार्यालय डालटनगंज चलान और फाइन के लिए भेजा गया। इसके अलावा, एक कार जिसमें काले शीशे लगे थे, उसे भी जब्त कर परिवहन कार्यालय में फाइन हेतु भेजा गया है।

**आपूर्ति विभाग के दो जर्जर गोदामों की मरम्मत का निर्देश**

## जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में कई विकास योजनाओं को मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा के साथ नई योजनाओं को स्वीकृति दी गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह नियमित क्षेत्र भ्रमण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। समय पर परियोजनाओं को पूरा करें। बैठक में चैनपुर के आवासीय विद्यालय में कॉमन शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही आपूर्ति विभाग के तहत दो जर्जर गोदामों की मरम्मत के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग अंतर्गत शहर के मध्य विद्यालयों में स्मार्ट पैनल की आवश्यकता को लेकर चर्चा की गई, जिसके बाद स्मार्ट पैनल स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, फॉरेस्ट कॉलोनी में अप्रोच रोड निर्माण, मलय डैम व भीम चूल्हा क्षेत्र में बिजली कनेक्शन और पोल लगाने की स्वीकृति दी गई। उपायुक्त ने डीपीओ को सभी बीडीओ से परियोजनाओं की सूची प्राप्त करने का निर्देश भी दिए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा



**समापन कार्यक्रम 21 सितम्बर को**

हिन्दी सप्ताह का समापन 21 सितम्बर को सतबरवा के बुनियादी विद्यालय प्रांगण में आयोजित काव्य-गोष्ठी के साथ होगा, जिसका संयोजन वरिष्ठ सदस्य बलराम पाठक द्वारा किया जाएगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य भारती की झारखंड इकाई द्वारा हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने संबंधी ज्ञापन राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया। पलामू के उपायुक्त शशि रंजन को यह ज्ञापन संस्था के प्रांतीय मार्गदर्शक प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र, प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार, जिला अध्यक्ष अनुज कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से सौंपा।

**हिन्दी सप्ताह के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान**

**यह ज्ञापन हिन्दी साहित्य भारती द्वारा मनाए जा रहे हिन्दी सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का हिस्सा है। संस्था लंबे समय से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग करती आ रही है। पूर्व में भी संस्था द्वारा एक लाख पत्र राष्ट्रपति को भेजे जा चुके हैं।**

**काव्य गोष्ठी और कार्यकारिणी विस्तार**

हिन्दी सप्ताह के दौरान संस्था की पलामू जिला इकाई ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। काव्य गोष्ठी के दौरान प्रियरंजन पाठक 'समर्पण' को सर्वसम्मति से जिला उपाध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर विभिन्न मंचों से सम्मान प्राप्त करने वाले सदस्यों का स्वागत किया गया।

## संजीव तिवारी ने पेश की विधायक की दावेदारी, मिला प्रमुख नेताओं का समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय समिति सदस्य संजीव कुमार तिवारी ने डालटनगंज विधानसभा सीट से अपनी विधायकी की दावेदारी पेश की है। उनके इस कदम को विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख राजनीतिक नेताओं और संगठन के वरिष्ठ सदस्यों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। **प्रखंड अध्यक्षों का समर्थन** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख प्रखंड अध्यक्षों ने तिवारी की उम्मीदवारी के लिए अपना समर्थन खुलकर व्यक्त किया है। इस कड़ी में सुनील तिवारी, गोपाल सिन्हा और मनोज गुप्ता जैसे वरिष्ठ केंद्रीय समिति के सदस्य शामिल हैं। इन नेताओं का मानना है कि संजीव तिवारी क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। इनके अलावा, चैनपुर, सतबरवा, सदर, और रामगढ़ प्रखंड के अध्यक्षों ने भी तिवारी के प्रति अपने समर्थन का इजहार किया है। प्रखंड स्तर पर संगठन के विभिन्न युवा और महानगर मोर्चा के अध्यक्षों ने भी इस दावेदारी को मजबूत किया है।

**क्षेत्रीय जनसंपर्क और समर्थन**

संजीव तिवारी का क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क है और वे लगातार स्थानीय मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं।

**शिबू सोरेन को सौंपा गया समर्थन पत्र**

**संजीव तिवारी की उम्मीदवारी के समर्थन में सभी प्रमुख नेताओं ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन को एक लिखित आवेदन सौंपा है। इस आवेदन में नेताओं ने तिवारी को डालटनगंज विधानसभा सीट से झामुमो का आधिकारिक प्रत्याशी बनाने की मांग की है। तिवारी का मानना है कि यदि उन्हें पार्टी का टिकट मिलता है, तो वे जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे।**

## रील बनाने के प्रयास में कोयल की तेज धार में बहा नाबालिग

**पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोयल नदी में नहाने के दौरान रील बनाने के प्रयास में एक नाबालिग कोयल नदी के तेज धार में बह गया। नाबालिग के बहते देखने के बाद आस पास के लोगों ने हल्ला मचाना शुरू किया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस नाबालिग की तलाश अभियान में जुट गयी है। नाबालिग की खोज का प्रयास तेज कर दिया गया है। फिलहान उसका पता नहीं चला पाया है। उम्मीद है कि वह कोयल नदी के तेज धार में बह गया है। नाबालिग मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के घास पट्टी निवासी बंटी गुप्ता का 17 वर्षीय पुत्र सक्षम कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार नाबालिग शुक्रवार की शाम अपने दोस्त के साथ कोयल नदी में नहाने गया था। नहाते समय नाबालिग अपने दोस्त से वीडियो बनवा रहा था। इस क्रम में व नदी की तेज धारा में बह गया। वीडियो बना रहे दोस्त ने उसे बचाने की कोशिश भी की, लेकिन वह असफल रहा। इसके बाद दोस्त ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस क्रम में इलाके में गश्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंची। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टीओपी 1 प्रभारी इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में तटवर्ती इलाके में अभियान चलाया जा रहा है। दोस्त ने पुलिस को बताया कि उसे नहाने से रोका जा रहा था, लेकिन वह नहीं माना और तेज धारा में चला गया। घटना के तुरंत बाद परिजनों को बुलाया गया और अन्य लोगों को भी सूचना दी गई। शहन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि नाबालिग अपने दोस्त के साथ नदी में नहाने गया था। इस दौरान वह बह गया। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि दोस्त नहाने का वीडियो बनाने के क्रम में वह बह गया।

### मंडल डैम के डूब क्षेत्र में बाढ़ का कहरः 40 से अधिक घर जलमग्न, बचाव कार्य शुरू

**मेदीनीनगर** लगातार तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण मंडल डैम के डूब क्षेत्र में 40 से अधिक घर जलमग्न हो गए हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने पहाड़ी क्षेत्रों में शरण ली है। 16, 17, 18 सितंबर को इलाके में हुई भारी बारिश के कारण कोयल नदी और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ गया। इससे मंडल डैम का क्षेत्र पूरी तरह से पानी में डूब गया। चेमो सान्या के माधो, भजना और कुटकु के इलाके विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के पानी से इन इलाकों में घरों को व्यापक नुकसान हुआ है। हालांकि पिछले दो दिनों से बारिश रुकी हुई है, जिससे कोयल नदी का जलस्तर कुछ कम हुआ है। बाढ़ का पानी धीरे-धीरे उतरने के बाद कुछ घरों में स्थिति सामान्य हो रही है, लेकिन कई घरों में अभी भी पानी भरा है।

**राहत और बचाव कार्य**

गढ़वा जिला प्रशासन और वन विभाग ने प्रभावित इलाकों में सर्वे कर राहत सामग्री वितरण शुरू कर दिया है। मंडल डैम डूब क्षेत्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रताप तिर्की ने बताया कि 40 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है, जिसकी सूची प्रशासन को सौंप दी गई है। पलामू टाइगर रिजर्व के उप निदेशक प्रजेशकांत जेना ने जानकारी दी कि बचाव कार्य शुरू हो चुका है, और ग्रामीणों को प्लास्टिक के टेंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंडल डैम उत्तर कोयल नदी पर स्थित है। इससे पहले भी दो दशक पूर्व भारी बारिश के कारण इसी तरह की बाढ़ ने कई गांवों को प्रभावित किया था।

**समस्या**

**जल जमाव से तालाब में तब्दील हुआ अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास**

# छात्राएं हॉस्टल छोड़ने पर विवश, हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आवास के पास स्थित अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास भारी जल जमाव के कारण तालाब जैसा दिखने लगा है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने से छात्राएं हॉस्टल छोड़कर घर जाने को विवश हो गई हैं। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण परिसर में पानी जमा हो गया, जिससे आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि शौचालयों में भी पानी भर गया है, जिससे उनकी उपयोगिता लगभग समाप्त हो गई है।

**पढ़ाई पर असर, आर्थिक शोषण का आरोप**

जल जमाव के कारण छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। हाल ही में उन्होंने चौकीदार की परीक्षा दी, जिसमें शहर में सेंटर होने के बावजूद उन्हें घर से आकर परीक्षा देनी पड़ी, जिससे उनका आर्थिक शोषण भी हुआ।

**जिला प्रशासन की अनदेखी, छात्राओं का पलायन**

छात्राओं ने बताया कि कुछ दिन पहले अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने हॉस्टल का दौरा किया था और जल जमाव की समस्याओं का जायजा लिया था। बावजूद इसके अब तक जिला प्रशासन ने इस स्थिति का समाधान निकालने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। परिणाम स्वरूप छात्राओं ने हॉस्टल खाली कर दिया है, और वहां ताले लटके हुए हैं।

**जिला प्रशासन से समाधान की मांग**

छात्राओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि हॉस्टल परिसर से जल निकासी की उचित व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए, ताकि वे हॉस्टल में रहकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। वर्तमान स्थिति के चलते उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक कल

**मेदिनीनगर।** श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति पलामू की वार्षिक बैठक रविवार को साढ़े ग्यारह बजे से शहर थाना स्थित दूर्गा मंडप में होगी। बैठक में श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति पलामू के 2024 सत्र के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी व उपाध्यक्ष नवीन तिवारी ने बताया कि बैठक में पिछले सत्र का आय-व्यय प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद शहर के सभी पूजा समिति व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इस वर्ष के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। महासमिति के पदाधिकारियों ने सभी पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव से इस बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## न्यूज बॉक्स

### आखिर कब खुलेगी बिजली विभाग के नींदः रणजीत मिश्रा

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस लाइन रोड में पेट्रोल पंप के समीप लगभग एक सप्ताह से मुख्य मार्ग पर बिजली का खंभा इस कदर झुक गया है कि बड़ी गाड़ी आते-जाते कभी भी संपर्क में आ सकता है। कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि खंबे की स्थिति को देखकर विद्युत विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, एसडीओ, जूनियर इंजीनियर को लगातार फोन करता रहें लेकिन किसी ने कभी फोन रिसीव कर पाना भी मुनासिब नहीं समझा। कार्यालय में जाने पर किसी से मुलाकात नहीं हो पाई। इस परिस्थिति में व्हाट्सएप फिर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को इसकी जानकारी दी, लेकिन ना तो कोई उस पर पहल हुआ और न हीं कोई जवाब आया। ऐसी स्थिति में अगर कोई घटना ऐसे बिजली खंबों से होता है तो इसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होना चाहिए। समाचार पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन के संज्ञान में देने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन का काम जनता को सुविधा व सुरक्षा उपलब्ध कराना है। जनता की सुविधा के लिए विभाग द्वारा कुछ फोन नंबर उपलब्ध तो कराए जाते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय तो दूर किसी पदाधिकारी के फोन से भी कोई रिस्पांस नहीं मिल पाता है। ऐसे में विद्युत विभाग की नींद कब खुलेगी यह जनता के लिए बहुत ही चिंतनीय विषय है।

### श्रीमद्भागवत कथाः श्री कृष्ण की रासलीला आत्मिक आनंद का प्रतीक

**मेदिनीनगर।** सिंगरा अमानत तट पर आयोजित चातुर्मास व्रत कथा के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा में लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने श्री कृष्ण के अवतार की व्याख्या करते हुए कहा कि श्रीमन नारायण ने कृष्ण रूप में अवतार लेकर जीवों को आत्मिक अनुभव का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण केवल नंदनंदन, यशोदानंदन या देवकीनंदन नहीं, बल्कि साक्षात ब्रह्म, परमात्मा और नारायण हैं। उन्होंने रासलीला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह लीला सांसारिक आनंद से ऊपर है। रासलीला में प्रवेश करने के बाद संसार के भौतिक सुख फीके लगने लगते हैं। उन्होंने कहा, ₹रासलीला उस आत्मिक आनंद का प्रतीक है, जो संसार के भौतिक आकर्षणों से वैराग्य का कारण बनता है।

**परमात्मा के बिना आत्मा शून्य**

स्वामी लक्ष्मी प्रपन्न जीयर ने मानव शरीर में आत्मा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि आत्मा तभी सार्थक है, जब उसका संबंध परमात्मा से होता है। बिना परमात्मा के आत्मा का कोई अस्तित्व नहीं है। श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार सुंदर शरीर, शिक्षण और संस्कारों के बावजूद, अगर आत्मा का परमात्मा से मिलन नहीं होता, तो उसका कोई अर्थ नहीं रह जाता।

### मेदिनीनगर में महिंद्रा थार रॉक्स का भव्य लॉन्च, युवाओं में उत्साह

**मेदिनीनगर।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर आनंद मोटर्स द्वारा मेदिनीनगर के बेलवाटिका स्थित गांधी उद्यान में बहुप्रतीक्षित एसयूवी महिंद्रा थार रॉक्स की बंबइया स्टाइल में भव्य लॉन्चिंग की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, विशिष्ट अतिथि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। लॉन्चिंग समारोह में सांसद विष्णु दयाल राम ने महिंद्रा थार रॉक्स की लॉन्चिंग को मेदिनीनगर के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर में इस तरह के बड़े ब्रांड और मॉडल की लॉन्चिंग देखना गर्व की बात है। यह शहर और क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। महिंद्रा थार, जो युवाओं की धड़कन बन चुकी है, न केवल एक गाड़ी है, बल्कि यह एक साहसिक जीवनशैली का प्रतीक भी है। यह गाड़ी सिर्फ रोड पर ही नहीं, बल्कि कठिन रास्तों पर भी मजबूती से चलने की क्षमता रखती है, जो इसे खास बनाती है। सांसद ने कहा मुझे उम्मीद है कि इस तरह के आयोजन स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देंगे। महिंद्रा ने हमेशा से देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। इस लॉन्चिंग के साथ मेदिनीनगर भी आधुनिकता की ओर एक और कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने आनंद मोटर्स को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और महिंद्रा की विश्वसनीयता पर भरोसा जताया।

**12.99 लाख रुपये से शुरू होगी थार रॉक्स की कीमत**

महिंद्रा के आरएसएम अजय सर ने थार रॉक्स के फीचर्स पर प्रकाश डालते हुए इसकी शुरूआती कीमत 12.99 लाख रुपये बताई। उन्होंने बताया कि यह एसयूवी 6-स्पीड मैनुअल और ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन के साथ बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव प्रदान करेगी। इसके अलावा, सनरूफ और मजबूत निर्माण इसे अन्य एसयूवी से अलग बनाते हैं।

**शानदार लॉन्चिंग ने जीता दिल**

लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित मेहमानों ने बताया कि इस तरह के बड़े लॉन्चिंग इवेंट आमतौर पर बड़े शहरों में देखने को मिलते हैं, लेकिन आनंद मोटर्स ने मेदिनीनगर में इसे सफलतापूर्वक आयोजित कर स्थानीय युवाओं का दिल जीत लिया।

### 225 भुइयां समुदाय लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सदस्यता ग्रहण की

**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पलामू अध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में मेदिनीनगर स्थित रेड़मा छेचानी भुइयां टोला के 225 भुइयां समुदाय के महिलाओं और पुरुषों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर बिरजू भुइयां, गीता देवी, रीता देवी सहित कई लोग स्वर्गीय रामविलास पासवान के आदर्शों से प्रेरित होकर पार्टी से जुड़े।

**गरीबों के हक के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प**

पलामू अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान और नौजवानों के हक-अधिकारों के लिए वह हर संभव प्रयास और संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि शोषित वर्गों की शोषण मुक्ति और क्षेत्रीय विकास के लिए पार्टी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पार्टी के विश्वास और आस्था रखने वाले हर सदस्य की रक्षा की जाएगी। मौके पर महासचिव मुन्ना लाल पासवान, संतोष कुमार सिंह, मदन सिंह, विवेक कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। सभी ने पार्टी की नीतियों और आदर्शों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

### पलामू प्रमंडल में भाजपा भगाओ यात्रा का झामुमो ने किया शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता दीपक तिवारी ने भाजपा भगाओ यात्रा की शुरूआत डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड से की। इस यात्रा के माध्यम से वह भाजपा की परिवर्तन यात्रा का सामना करेंगे, और झारखंड की गठबंधन सरकार के पांच साल के कार्यों को जनता के बीच ले जाएंगे। उन्होंने युवाओं को झामुमो से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वह किसानों की ऋण माफी, उपभोक्ताओं की बिजली बिल माफी, महिलाओं के लिए सम्मान योजना, युवाओं को नियुक्ति पत्र देने वाली सरकार का समर्थन करेंगे। उन्होंने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विकास को उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य में गठबंधन की लहर चल रही है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता इस बार उन्हें आईना दिखाएगी, क्योंकि भाजपा नेताओं ने केवल चुनाव के समय बड़े वादे किए हैं। उन्होंने मंत्री मिथलेश ठाकुर के विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। कहा कि युवाओं की फौज भाजपा को क्षेत्र से भगाने के लिए तैयार है। उनकी यात्रा का उद्देश्य जनमानस के बीच जाकर सच को उजागर करना है, जिससे भाजपा के गुमराह करने के प्रयासों को विफल किया जा सके।

# गढ़वा: जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने की महत्वपूर्ण समीक्षा

### समस्याओं के हल के लिए मासिक बैठक आयोजित करने का निर्देश



## विद्यालयों में सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में पलामू लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने पिछले दिशा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांसद ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विश्वकर्मा योजना, आवास योजना, अनापत्ति प्रमाण पत्र, 15वें वित्त के तहत योजनाएं, पेयजल एवं स्वच्छता, वन विभाग, भू अर्जन, मुआवजा भुगतान, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा, कल्याण, आपूर्ति विभाग और स्वास्थ्य से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा की। सांसद ने शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी से कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में पठन-पाठन, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने इन विद्यालयों में सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा में सांसद ने लाभुकों की जानकारी ली और इस योजना का प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सकें। बैठक में सांसद ने सड़क निर्माण और जल संवर्धन योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने पंचायत स्तर पर समस्याओं को हल करने के लिए मासिक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सिविल सर्जन ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की जानकारी दी।

### निजी अस्पतालों क लाभ उठाने के लिए पंजीकृत करना चाहिए: सांसद

सांसद ने कहा कि अधिक से अधिक निजी अस्पतालों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकृत करना चाहिए। बैठक में विधायक प्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दे उठाए और सांसद ने धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा। सांसद ने विद्युत विभाग की समीक्षा में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता की जानकारी ली और जलने की स्थिति में तत्काल परिवर्तन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए। बैठक के अंत में सांसद ने सकारात्मक सोच के साथ जनहित में कार्य करने का आह्वान किया। अनुपस्थित पदाधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सांसद ने उनके कारण पूछने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, विभिन्न अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड प्रमुख, और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### कटे पेड़ से टकराई पिकअप



**भवनाथपुर।** केतार रोड मे सागर होटल के समीप पेड़ से टकराकर एक पिकअपन वैन पेड़ पर ही टंग गई। मामला शुक्रवार की देर शाम का है। सूचना मिलने के बाद भवनाथपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताते चले कि बीते माह आई आंधी तूफान में उक्त पेड़ सड़क की ओर झुक गई थी, जिसे प्रशासन द्वारा आधा कटवा कर छोड़ दिया गया था। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए स्थानीय लोगों ने वन विभाग को उक्त पेड़ को हटाने के लिए कहा था, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी क्रम में शुक्रवार की देर शाम नगर उटारी से केतार की ओर जा रही कुरकुरे से लदी पिकअप वैन जेएच 01 डी डब्लू 2586 उक्त पेड़ से टकराते हुए पेड़ पर लटक गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना के एएसआई दिनेश सिंह एवं नारायण यादव मौके पर पहुंचे और आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। पिकअप वैन के चालक राम जी प्रसाद ने बताया कि विपरीत दिशा से आ रही गाड़ी को साइड देने के क्रम में उक्त घटना घटी।

## छापामारी की आशंका से कुछ देर बंद रही दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** शुक्रवार को आयकर विभाग के वाहन मुख्य सड़क पर देखे जाने के बाद छापा के भय से दोपहर में रमना बाजार के अधिकांश व्यवसायिक दुकान कुछ देर के लिए बंद रहें, जिसने कारण ग्रामीण इलाको से बजार में खरीदारी करने पहुंचे ग्रामीणों को करोना का समय याद दिला दिया, जबतक लोग कुछ समझ पाते तब-तक धड़ा-धड़ दुकानों के सटर गिर गए। शाम के समय बंद दुकानो के सटर खुले और बजार समान्य हुआ। रमना-डंडई मार्ग में विभाग का गाड़ी जाने की चर्चा ग्रामीणों में है।



## गढ़वा एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल गोसाईबाग मैदान पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ट्रैफिक की व्यवस्था सुदृढ़ हो इसको लेकर भी प्लान किया गया है। समारोह स्थल व आसपास के इलाकों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती किए गए है। उन्होंने कहा की पुलिस अधिकारियों को भीड़ नियंत्रित करने, गाड़ी पार्किंग व्यवस्थित करने, सुरक्षा के हर मापदंड का पालन करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान शहर में बड़े वाहनों का आवागमन पर रोक लगायी गई है। साथ ही छोटे छोटे वाहनों को धुरकी मोड़, रेलवे ग्राउंड एवं पाल्हे के आसपास वाहन को खड़ा किया जाएगा। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## 22 सितम्बर को होगी नवसाक्षरों की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 22 सितम्बर, रविवार को खरौंधी प्रखंड में बुनियादी साक्षरता सह आंकलन जांच परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में खरौंधी प्रखंड से कुल 450 नव साक्षर शामिल होंगे। परीक्षा की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और प्रखंड में कुल नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्रधानाध्यापक को केंद्राधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि पंचायत प्रभारी को वीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह परीक्षा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित की जाएगी, जो बुनियादी साक्षरता और शिक्षा के स्तर को मापने के उद्देश्य से है। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी नव साक्षर लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि यह उनकी शैक्षिक प्रगति और साक्षरता स्तर को प्रमाणित करेगा। प्रखंड समन्वयक रंजु गुप्ता ने बताया कि परीक्षा की तैयारियों के तहत सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं, ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस प्रयास का उद्देश्य समाज में साक्षरता दर को बढ़ाना और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया

**श्री बंशीधर नगर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोबरदहा में विद्यालय प्रबंधन समिति के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के माता-पिता,अभिभावकों के बैठक की अध्यक्षता अम्बिका साह ने किया बैठक में उपस्थित पर्यवेक्षक सीआरपी संजय कुमार सिंह ने नियमावली को पढ़कर सुनाया तथा नियमावली के अनुरूप विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का चयन करने का अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि 12 सदस्यों का चयन माता-पिता,अभिभावकों द्वारा किया किया जाना है नियमावली सुनने के बाद माता-पिता,अभिभावकों ने आम सहमति से 12सदस्यों का चयन किया। अध्यक्ष पद के लिये चयनित सदस्यों में सहमति नहीं बन पाने के कारण अध्यक्ष के लिये लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाते हुए चुनाव कराया गया । दोनों उम्मीदवार को बराबर मत मिलने के कारण सिक्का उछाल कर निर्णय के आधार पर अखिलेश साह को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया।

### राजनाथ सिंह का कार्यक्रम अभूतपूर्व होगा : रामचन्द्र केशरी

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ 21 सितम्बर को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर उंटारी स्थित गोसाईबाग मैदान से देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। कार्यक्रम स्थल गोसाईबाग मैदान में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से जनता का महाजुटान होगा कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे। उक्त बातें रामचन्द्र केशरी ने शुक्रवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये पूरे भवनाथपुर विधानसभा के कार्यकर्ता लगे हैं।

## विधायक निधि से चापानल के नाम पर उगाही का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** चपरी पंचायत के सिंघीताली गांव में विधायक निधि से चापानल लगाने के नाम पर पैसा उगाही का मामला सामने आया है। गांव के निवासी अवधेश भुइयां ने विधायक प्रतिनिधि विपीन चौबे पर चापानल के लिए 7,000 रुपये लेने का आरोप लगाया है।

अवधेश भुइयां का कहना है कि उनके घर के सामने चापानल लगाने के लिए बोरिंग मशीन आई, और 28 फीट तक बोरिंग की गई, लेकिन पानी नहीं निकला। उनके अनुसार, पैसे देने के बावजूद 200 फीट तक बोरिंग नहीं की गई, जिससे गांव में पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है। अवधेश ने बताया, 'विधायक प्रतिनिधि विपीन चौबे हमारे गांव के ही हैं। पिछले साल उन्होंने चापानल लगाने के लिए पैसा खर्च करने की बात कही थी। मेरे पास पैसा नहीं था, इसलिए मैंने बैल बेचकर 5,000 रुपये दिए। मई 2024 में जब बोरिंग मशीन आई, तो उन्होंने 2,000 रुपये और मांगे। मैंने कर्ज लेकर वह पैसे दिए, जिसके बाद मात्र 28 फीट तक बोरिंग की गई। बाद में कहा गया कि नीचे पत्थर है और बोरिंग नहीं हो सकती।' अवधेश ने यह भी बताया कि इस मामले की शिकायत विधायक भानु प्रताप शाही से आवेदन देकर करेंगे।

**विधायक प्रतिनिधि विपीन चौबे ने** इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, 'अवधेश भुइयां हमारे कार्यकर्ता हैं। उनपर लगाया गया पैसा लेने का आरोप झूठा है।'

**विधायक का बयान**

विधायक भानु प्रताप शाही ने इस मामले पर कहा, 'मुझे इस घटना की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा कुछ पाया जाता है, तो दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।'

## न्यूज बॉक्स

### किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 13 किक बॉक्सर जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व

**गढ़वा।** 21 से 22 सितंबर 2024 तक धनबाद में आयोजित होने वाली ओपन राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले गढ़वा के खिलाड़ियों में पुण्य प्रसून, झूलन कुमारी, प्रकृति आनंद देव, समीर कुमार, अमर कुमार, रामेश्वर विश्वकर्मा, समीर कुमार चौबे, शुक्री कुमारी,सविता कुमारी, फिजा सिद्दकी, काजल तूफान, सुमित्रा कुमारी और सुप्रिया कुमारी के नाम शामिल हें। खिलाड़ियों को मुख्य रूप से सूबे के पेयजल स्वच्छता एवं पर्यटन , कला संस्कृति,खेल कूद युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ,गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ,जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार ,गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ,सचिव मनोज संसई वरीय उपाध्यक्ष जेबी थापा, उपाध्यक्ष अमित कुमार , अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह सहसचिव गणेश कुमार कार्यकारिणी सदस्य अभय कांत, सहित कई गणमान्य लोगों ने शुभकामना दी है।

### परिवर्तन यात्रा में खरौंधी प्रखंड से हजारों की संख्या में शामिल होंगे भाजपाई

**खरौंधी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल इकाई खरौंधी के कार्यकर्ता लोगों से मिलकर उन्हें परिवर्तन यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जनता के बीच जागरूकता फैलाना और भाजपा के लिए समर्थन जुटाना है। इसकी जानकारी मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि इस यात्रा में खरौंधी मंडल क्षेत्र से हजारों भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल होंगे।इस महत्वपूर्ण अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन हो रहा है, जो शनिवार को नगर ऊंटारी के गोसाईबाग मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही और झारखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता भी इस सभा में उपस्थित रहेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास,जितेंद्र प्रसाद यादव,सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान,भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह,बुद्धनाथ गुप्ता,सुनील कुमार रौशन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने हेमंत सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**चिनिया।** भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने शुक्रवार को चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सामाजिक कार्यकर्ता संजय साह के आवास पर बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने झारखंड सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए ।उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार में नौकरी बेचने का काम हो रहा है। दूसरे राज उड़ीसा के चार शिक्षकों को बहाल किया गया है।यहां के होनहार युवक पढ़ लिखकर नौकरी से वंचित है।पैसों की बदौलत बाहरी राज्य के लोगों को बहाल किया जा रहा है। वही होमगार्ड बहाली दौड़ में 17 लोग असमय मर गए। इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हत्या का केस होना चाहिए था । अंग्रेज के शासन में इस तरह का नहीं हुआ था। इस राज्य में सामाजिक न्याय की सरकार बनेगी और भ्रष्टाचार शोषण बंद हो जाएगा। वहीं मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि 5 साल के अंदर इस राज्य में बद से बदतर स्थिति हो गई है। भ्रष्टाचार मिटाना होगा; गिरिनाथ सिंह को विधायक बनाना होगा, तभी गढ़वा का विकास होगा । मौके पर धनपत सिंह, बलराम सिंह, राम लखन यादव, उमेश सिंह, कैलाश यादव, संजय शाह, सुरेंद्र प्रसाद, पूर्व मुखिया अत्ताउल्लाह अंसारी, राजेंद्र सिंह ,युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश तुरी, संजय सिंह सहित प्रखंड के काफी संख्या में महिला व पुरुष कार्यशाला में उपस्थित थे ।

### पूर्व विधायक ने निजी खर्चे से कच्ची सड़क का निर्माण कराया

**मेराल।** गोंदा गांव के अर्पित लाइन होटल के पास श्मशान घाट तक जाने के लिए पूर्व विधायक सह मंत्री गिरिनाथ सिंह ने शुक्रवार को अपने निजी जमीन में अपने खर्च पर कच्ची सड़क निर्माण कराया। गोंदा गांव के लोगों ने बताया कि 19 सितंबर को गिरिनाथ सिंह के साथ देवी मंडप के प्रांगण मे ग्रामीणों की बैठक हुई थी, जिसमे गांव के लोगों ने श्मशान घाट तक जाने के लिए सड़क की समस्या को उनके समक्ष रखा था। एन एच 75 से श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए गिरिनाथ सिंह की निजी जमीन से होकर ही गुजरना पड़ता था। साथ ही सड़क नहीं होने के कारण दाह संस्कार के लिए लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों की समस्या तथा मांग को सुनने के बाद श्री सिंह ने श्मशान घाट जाने के लिए अपनी निजी जमीन देने तथा अपने खर्च से सड़क बनवाने की घोषणा की। अगले ही दिन 20 सितंबर शुक्रवार को ग्रामीणों की उपस्थिति में जेसीबी से सड़क बनाने का काम भी पूरा कर दिया गया। गिरिनाथ सिंह द्वारा सहयोग किए जाने से गोंदा गांव के ग्रामीणों में काफी प्रसन्नता है तथा लोगों ने उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रसन्नता तथा आभार व्यक्त करने वालों में शशिकांत दुबे विजयमल साहू मानिकचंद यादव दिनेश साहू नंदू शाह दीपक प्रजापति बीडीसी कृष्णदेव प्रजापति पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार अरुण पूर्व विडीसि दिनेश ठाकुर सुनील साह इत्यादि शामिल है।

## अनियमितता

### डीपीआर के अनुसार सड़क का निर्माण नहीं होने ग्रामीणों में आक्रोश

# नियम के अनुसार कराया जायेगा काम : अभियंता





**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र से सटे मेराल प्रखंड के गेरुआ गांव में डीपीआर के अनुसार कालीकरण सड़क का निर्माण नहीं होने को लेकर संवेदक के खिलाफ शुक्रवार को ग्रामीणों ने स्थल पर जमकर बवाल काटा । साथ ही निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टरों को निर्माण कार्य से बाहर कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि देवगाना स्टैंड से उरिया टोला करिए जरही होते बजनवा गांव तक लगभग 10 करोड रुपए की लागत से जो कालीकरण सड़क का निर्माण कराया जा रहा है वह डीपीआर के अनुसार नहीं है। उनका कहना है कि गेरुआ चार मुहान से उरीया टोला स्कूल तक वर्तमान में जो सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। वह बिल्कुल रूप से डीपीआर के विपरीत है।

### विधायक और सांसद से की शिकायत

मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह स्थानीय विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, सांसद विष्णु दयाल राम के साथ-साथ उपायुक्त और अंचलाधिकारी को भी लिखित आवेदन देने का काम किया गया है। पंचायत के मुखिया अनिल चौधरी ने बताया कि मेरे शुरुआती कार्यकाल में गेरुआ चार मुहान से उरिया टोला स्कूल तक 1700 फीट की लंबाई में मनरेगा योजना से सड़क का निर्माण कराया गया था । उन्होंने कहा कि उक्त सड़क के अलावा उधर आने-जाने का और कोई दूसरी सड़क भी नहीं थी । ग्रामीणों का आवागमन उसी सड़क के माध्यम हो रहा था । हो सकता है विभागीय अभियंता के द्वारा उसी सड़क से सीधे उरिया टोला स्कूल तक कालीकरण सड़क निर्माण के लिए डीपीआर भी बनाया गया होगा ।

### ग्रामीणों का कहना है

ग्रामीण कमलेश चौधरी ,मंटू चौधरी, ननकू चौधरी, झरी चौधरी, सुनील चौधरी, बीरबल चौधरी, चरकू चौधरी, मुनि चौधरी, इत्यादि लोगों ने बताया कि शुरू से अंत तक संवेदक के द्वारा सभी जगह पर सही ढंग से सड़क का निर्माण कराया गया है, लेकिन सिर्फ गेरुआ चार मुहान से उरिया टोला स्कूल तक उनके द्वारा डीपीआर के अनुसार सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल पर पंचायत के मुखिया अनिल चौधरी के शुरुआती कार्यकाल में गेरुआ चार मुहान से उरीया टोला स्कूल तक 1700 फीट की लंबाई में मनरेगा योजना से उक्त सड़क का निर्माण कराया गया था । उसी सड़क के माध्यम हम सभी स्थानीय ग्रामीणों का आवागमन भी होते रहता था । वहीं विभागीय अभियंता के द्वारा भी उसी सड़क के माध्यम कालीकरण सड़क के लिए डीपीआर भी बनाया गया , लेकिन संवेदक के द्वारा उक्त सड़क के बजाय दूसरे सड़क का कालीकरण निर्माण को लेकर मिट्टी भराई कार्य शुरू कर दिया गया । ग्रामीणों ने कहा कि जून माह में संवेदक के द्वारा वर्तमान में जिस ओर से सड़क का निर्माण करना शुरू कराया गया है उस समय भी उनके द्वारा उसी ओर से सड़क का निर्माण कराया जा रहा था । लेकिन हम सभी के विरोध के बाद निर्माण कार्य को उनके द्वारा रोक दिया गया था जो आज तक रुका हुआ ही रह गया था । इस बीच विभागीय अभियंता के द्वारा हम सभी को आश्वासन दिया गया था कि अब के बाद जब भी उक्त स्थल पर सड़क का निर्माण होगा वह डीपीआर के अनुसार ही होगा ।

## हीटर और सबमर्सिबल के उपयोग से बिजली हो रही है बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सेल के आवासीय परिसर में रहने वाले लोग हीटर और सबमर्सिबल का उपयोग नहीं करें, नहीं तो कभी भी बिजली व्यवस्था हो सकती है ध्वस्त। बताते चलें कि रेहला ग्रिड से 33 हजार केवी का बिजली सप्लाई तो सेल का चालू है, परंतु सेल परिसर में पुराने बिजली के केबल और ट्रांसफार्मर बिलकुल जर्जर हो चुके है, जिसके कारण हीटर और सबमर्सिबल के उपयोग करने के कारण उक्त बिजली केबल और ट्रांसफार्मर पर जोर पड़ने के कारण बराबर सॉर्ट सर्किट की समस्या होने से बिजली बाधित हो जा रही है। अभी वर्तमान में भवनाथपुर चूना पत्थर खदान सेल को हेड कार्यालय से अतरिक्त फंड राशि नहीं मिलने के कारण किसी तरह बिजली विभाग के द्वारा मरम्मती से बिजली सेवा बहाल है। सेल के बिजली कर्मियों ने बताया कि अगर सेल परिसर में रहने वाले लोग खाना बनाने के लिए हीटर और पानी के लिए सबमर्सिबल का उपयोग पूर्णतः बंद नहीं करते हैं, तो ऐसे में कभी भी बिजली सेवा लंबे समय के लिए बंद हो सकती है। हीटर का उपयोग सर्दियों में गर्मी प्रदान करने के लिए किया जाता है, लेकिन इसके गलत या अधिक उपयोग से बिजली की खपत में भारी वृद्धि होती है। इससे बिजली की सप्लाई बाधित हो सकती है और कभी-कभी यह ओवरलोडिंग के कारण ध्वस्त भी हो सकती है।



### ओबीसी एकता मंच का प्रतिनिधिमंडल मिला राज्यपाल से

**खरौंधी।** खरौंधी रांची राज्य भवन में राज्य में जातीय जनगणना सहित 11सूत्री मांगों को लेकर महामहिम राजपाल से केंद्रीय सचिव ओबीसी एकता मंच झारखंड प्रदेश गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें राज्य में जातीय जनगणना यथाशीघ्र कराने तथा झारखंड प्रदेश के बेरोजगार युवक युवती को रोजगार दिलाने सहित प्रदेश भर में सभी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर यथाशीघ्र बहाल करा कर रिक्त पद को भरने सहित अन्य मांगों शामिल है।



## एक नजर

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज पहुंचेंगे चतरा, परिवर्तन संकल्प यात्रा का करेंगे शुभारंभ

**चतरा।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचेंगे। इस दौरान रक्षामंत्री इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद रक्षामंत्री इटखोरी से ही भाजपा के परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद रक्षामंत्री इटखोरी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार जनसभा के बाद रक्षामंत्री मयूरहंड में रोड शो भी करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष का माहौल है। रक्षामंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत पार्टी के कई बड़े नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर चतरा जिला प्रशासन भी पूरी अलर्ट मोड में है।

### पदाधिकारियों ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत ने जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं को सुन कर त्वरीत निपष्पादन किया। जनता दरबार में अबुआ आवास, भूमि विवाद, राशन, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, ट्राई साइकिल से संबंधित समेत अन्य मामले आएं थें। पदाधिकारियों ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा संबंधितों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 1.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### बीडीओ ने की केंद्राधीक्षक व वीक्षकों के साथ बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के पीएम श्री मध्य विद्यालय एवं प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर केंद्र बनाया गया है। दोनो केंद्र पर 648 अभ्यर्थी भाग लेंगे। शांतिपूर्ण व सदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक के साथ बैठक किया। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य सुविधा की समीक्षा की गई। बताया गया कि 21 व 22 को आयोजित होने वाली परीक्षा को देखते हुए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था किया गया है। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के करीब 200 मीटर तक सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक धारा 144 लागू की गई है। उन्होंने किसी भी स्थिति में परीक्षा में गड़बड़ी न हो इस पर कड़ी निगाह रखने का भी निर्देश दिया है।

# स्कूली बच्चों के मध्याह्न भोजन की थाली से अंडा गायब

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जामदीह में पढ़ रहे बच्चों की मध्याह्न भोजन की थाली से अंडे गायब हैं। यहां बच्चों को मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं दिया जा रहा है। यह कोई एक दिन की बात नहीं है। मीनू के मुताबिक मध्याह्न भोजन नहीं मिल रहा है। अंडा की जगह मौसमी फल देना है। वह भी बच्चों की थाली में नहीं दिखा। विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण ऐसा हो रहा है। सरकार की यह योजना महज कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई है। बच्चों की थाली में खिचड़ी देखा गया वह भी बिना दाल का। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्यालय संचालन में किस कदर अनियमितता बरती जा रही है। विद्यालय में सही ढंग से पढ़ाई भी नहीं होती है इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी शिक्षक द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिला।

**शुक्रवार को अंडा या फल देने का है प्रावधान :** सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को मध्याह्न भोजन देने का प्रावधान है। इसके लिए बाकायदा सरकार राशि देती है। मध्याह्न भोजन के लिए चावल सरकार सीधे स्कूलों को उपलब्ध कराती है। इसके लिए स्कूल स्तर से डिमांड देनी होती है। दाल, तेल और सब्जी बाजार से खरीदी जाती है। इसके अलावा हर शुक्रवार को अंडा या मौसमी फल देने का प्रावधान है।

# माओवादियों ने चिपकाया पोस्टर, दहशत

▸▸ पुलिस ने कहा शरारती तत्वों का है काम, छापेमारी अभियान जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के द्वारी गांव स्थित रानी मैदान के समीप कब्रिस्तान की चहारदीवारी पर गुरुवार की देर रात माओवादी ने पोस्टर चिपका कर क्षेत्र में दहशत पैदा कर दिया। पुलिस का मुखबिरी करने वाले होश में आओ आदि नारे लिखा था। माओवादियों द्वारा पोस्टर चिपका कर करीब दस से 12 वर्ष बाद एक बार फिर से क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराई है। इधर पोस्टर चिपकाए जाने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पोस्टर चिपकाए जाने की सूचना मिलते ही गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर पोस्टर को हटाया। थाना प्रभारी ने कहा कि माओवादियों के नाम से अशरारती तत्वों द्वारा पोस्टर चिपकाई गई है। उन्होंने कहा कि द्वारी में रेलवे सहित अन्य कंस्ट्रक्शन का काम किया जा रहा है। यही वजह है कि कुछ शरारती तत्व के लोग क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश में है। किसी भी स्थिति में उनके मनसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है। जबकि क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चल रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा। बरहाल माओवादियों के नाम से पोस्टर चिपकाए जाने पर क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

### माओवादी के नाम से चिपकाया पोस्टर

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** शहीद सप्ताह से पहले ही माओवादियों के नाम पर चतरा जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन में गुरुवार की देर रात पोस्टर चिपकाया गया। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने पोस्टर जब्त करते हुए जांच में जुट गई है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है पोस्टरबाजी किसके द्वारा की गई है। ज्ञात हो कि 21 अगस्त से माओवादी शहीद सप्ताह मनाने की तैयारी में है। हालांकी लंबे समय के बाद क्षेत्र में माओवादी के नाम पर पोस्टरबाजी से क्षेत्र में दहस्त व्याप्त है। पोस्टर चिपकाए जाने की सूचाना पर पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोकर रंजन चौधरी दल-बल के साथ पहुंचकर पोस्टर को जप्त करने के साथ छापेमारी प्रारंभ कर दी है। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि कोई शरारती, असामाजिक तत्वों के लोगों द्वारा पोस्टर चिपकाया है। पोस्टर चिपकाने वाले असामाजिक तत्वों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### तीन लोहा चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**बालूमाथ।** पुलिस ने तीन लोहा चोरों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने मोहम्मद इजहार अंसारी पिता मोहम्मद इकराम ग्राम मुरपा मोड़ स्थित कबाड़ी दुकान, मोहम्मद सुल्तान (60 वर्ष) पिता स्वर्गीय अरदली मियां हरिया टांड़ थाना बालूमाथ, गुलाम किबिरिया (21 वर्ष) पिता स्माइल शेख मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है। चारों अभिजीत पावर प्लांट से चोरी के लोहा का कारोबार करते थे। इसकी सूचना पर सभी को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए लातेहार जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार लोहा चोरों को पुलिस द्वारा पकड़ कर जेल भेजने पर लोहा चोरों में हड़कंप व्याप्त है।

### मुखिया ने किया आर्थिक मदद

**गारू।** प्रखंड के मायापुर गांव में एक असहाय परिवार को संकट की घड़ी में मुखिया द्वारा राशन और आर्थिक सहायता दी गई। प्यारी तिर्की के परिवार को उनके बेटे रौशन कुजूर की आकस्मिक मृत्यु के बाद खाने-पीने की समस्या का सामना करना पड़ा। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही काफी खराब थी। रौशन के निधन के बाद उनकी स्थिति और दयनीय हो गई। रौशन कुजूर जो अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, अपने पीछे अपनी पत्नी तारामुनी तिर्की और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार की इस मुश्किल घड़ी में उनके पास भोजन की भी कमी हो गई थी। परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस संकट को देखते हुए लातेहार जिला मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष व मायापुर गांव के वर्तमान मुखिया सुभाष कुमार सिंह ने तत्काल परिवार को एक बोरा चावल, 5 किलो दाल, आलू, मसाला और 2 किलो तेल सहित अन्य आवश्यक राशन उपलब्ध कराया।

### उपायुक्त ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त गरिमा सिंह के समक्ष रखा। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें। इसके अलावा विभिन्न शिकायतों का निष्पादन उपायुक्त ने मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर किया। जनता दरबार में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए। उनमें आवास, आंगनबाड़ी सेविका द्वारा पोषाहार नहीं देने के संबंध में, राशन कार्ड, मुआवजा, स्कूल बनाने के नाम पर जमीन पर अवैध कब्जा आदि से संबंधित आवेदन आएं।

## बनहरदी में मना 75 वां वन महोत्सव

# सभी व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगायें : डीएफओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के बनहरदी गांव में 75वां वन महोत्सव मनाया गया। वन महोत्सव के मौके पर डीएफओ प्रवेश अग्रवाल,उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने आम का पौधा लगाकर इसकी शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक पेड़ लगाना दस यज्ञ के पुण्य के बराबर है। लातेहार डीएफओ प्रवेश अग्रवाल ने बताया कि सरकार वृक्षारोपण के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं शुरू की है। इससे झारखंड हरा भरा रहे। हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उपविकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि लातेहार के पेड़ रहित भूखंड पर पौधे लगाने की जरूरत है, जिससे उस क्षेत्र में हरियाली हो। उन्होंने कहा कि इससे पहले जो फलदार पेड़ लगाए गए हैं, उसका फल अब मिलने लगा है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने अधिकांश फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, भाजपा नेता रामदेव सिंह समेत लातेहार जिले के सभी वन क्षेत्र पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद थे।



### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा की प्रखंड इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार राणा ने की। बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का इटखोरी में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम की चर्चा की गई। बताया गया कि इस बार झारखंड में परिवर्तन होना निश्चित है। कार्यकर्ताओं को अभी से ही एकजुट होकर चुनाव में लग जाने का निर्देश दिया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार,किसान मोर्चा के मंडल प्रभारी पवन सिंह,महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा,सुरेश प्रसाद राणा सहित अन्य मौजूद थे।

# समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है जमीयत उलेमा झारखंड : शहाबुद्दीन

**चंदवा।** जमीयत उलेमा लातेहार की जिला स्तरीय बैठक बुधवार को चंदवा के तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुफ्ती गुलजार साहब ने की। कार्यक्रम का संचालन मौलाना रिजवान दानिश नदवी व मुफ्ती गुलाम सरवर संयुक्त रूप से कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमीयत उलेमा झारखंड के सेक्रेटरी मुफ्ती शहाबुद्दीन कासमी मौजूद थे। जमीयत उलेमा लातेहार के अध्यक्ष मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने जमीयत उलेमा संगठन के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जमीयत उलेमा ए हिन्द का भारत में सौ साल से भी ज्यादा समय का गौरवशाली इतिहास रहा है। जमीयत उलेमा लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है और आगे भी यह जारी रहेगा। वंही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जमीयत उलेमा के झारखंड सेक्रेटरी मो शहाबुद्दीन कासमी ने कहा कि जमीयत उलेमा संगठन निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। समाज के दबे कुचले लोगों को आर्थिक व सामाजिक रूप से मदद करना जमीयत का असल मकसद है। जमीयत उलेमा उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे कई छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप देकर उन्हें बेहतर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। जमीयत उलेमा की यह सोच रही है कि समाज के बच्चे इस्लामिक शिक्षा के साथ साथ दुनियावी शिक्षा ग्रहण कर अपने समाज के साथ साथ देश की भी सेवा करें। कार्यक्रम में जमीयत उलेमा लातेहार की 14 सदस्य जिला कमेटी का गठन किया गया। मौलाना रिजवान दानिश नदवी को पुनः लातेहार जिला अध्यक्ष चुना गया, सेक्रेटरी के पद को भी यथावत रखते हुए मुफ्ती गुलाम सरवर मजाहिरी का चयन किया गया। उपाध्यक्ष के पद पर काजी हिफजूर रहमान कासमी,हाफिज अबिदुर्रहमान हुसैनी,मुफ्ती गुलजार मजाहिरी,हाजी फिरोज अहमद,उप सचिव के पद पर मौलाना वसीम नदवी,मौलाना आरिफ कासमी,हाफिज जमाल असदी,डॉ शम्स रजा,कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी मो शमशाद आलम को दी गई,मीडिया प्रभारी मुबारक अलाम,ऑफिस इंचार्ज मौलाना सलमान नदवी और मौलाना तौकीर अफाही का चयन किया गया है।

### सड़क हादसा में एक की मौत, 4 घायल

**बरवाडीह।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अलग-अलग सड़क हादसा में 4 बाइक सवार घायल हो गए है। इनमें दो गंभीर रूप से घायल हो गएं है। जानकारी के अनुसार बरवाडीह कुटमू मेन सड़क कुल्ही नाला के समीप बाइक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। बाइक सवार डालटनगंज की ओर जा रह थे। अचानक बाइक अनियंत्रित होने से दोनों गिर गए। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिए बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घायलों में भरदूल भुइंया पिता रामगति भुइंया, लालमुनी भुइंया पिता सुकन भुइंया के नाम शामिल हैं। दोनों पलामू के छेछानी टोला निवासी है। दूसरी घटना कुटमू महुआडांड़ मेन रोड पर अखरा के पास दो बाइक की आपस में टक्कर होने से दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायलों को एंबुलेंस से बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में रवींद्र सिंह पिता नाहू सिंह महुआडांड़, धनेश्वर भुइंया पिता छठु भुइंया पीढ़े के नाम शामिल है। घायलों का इलाज डॉ. क्षितिज ने किया। तीन घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है, जबकि एक घायल रवींद्र सिंह को मेदिनीनगर लेकर जाने के क्रम रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक रवींद्र सिंह का बरवाडीह के ग्राम गढ़वाटांड़ में ससुराल है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर ईवीएम, वीवीपैट मशीन का प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम

**बारियातू।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर बालुभांग पंचायत में प्रकाश कुमार द्वारा मतदान केंद्र संख्या 29, 30, 31, 32 व टोंटी पंचयात अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 56, 57, 58, 59, 60 में आलोक कुमार दुबे द्वारा ईवीएम, वीवीपैट मशीन का प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस संबंध में आलोक कुमार दुबे ने बताया किप्रशिक्षण में वोटिंग मशीन को चालू करने व वोटिंग के बाद मशीन को पैक करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि वोटर को वोट डालने की प्रक्रिया से कैसे अवगत कराना है। मतदाताओं से किस प्रकार पंक्तिबद्ध तरीके से मतदान कराना है। उन्होंने कहा कि वोट डालने के बाद वोट पूरा होने की रिसीविंग कैसे मिलेगी। मतदान के समय होने वाले मतदाताओं की परेशानी हल करने, किसी बुजुर्ग को मतदान में कैसे मदद करनी है जैसे कई महत्वपूर्ण चीजों का प्रशिक्षण व जानकारी दी गई।

# जेएससीसी परीक्षा में बनाए गए 18 केंद्र, तैयारी पूरी

▸▸ परीक्षा केंद्र के 100 मीटर परिधि पर लगाया गया धारा 163

▸▸ उल्लंघन करने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जेएसएससी आगमी 21 व 22 सितंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक ने बताया कि परीक्षा स्वच्छ व कदाचार मुक्त परीक्षा कराने को लेकर धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लातेहार अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू किया है। झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक स्तर योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 21 सितंबर व 22सितंबर को प्रथम पाली में 8:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न, द्वितीय पाली 11:30 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न व तृतीय पाली 3:00 बजे अपराह्न से 5:00 बजे तक निर्धारित है। जिले में कुल 18 केंद्र बनाए गए है। उनमें बनवारी साहू महाविद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक, सेंट जेवियर्स एकेडमी, जिला सीएम सोई, सीएम सो गर्ल्स, राजकीय उप्र हाई स्कूल चंदनडीह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, केजीबीवी सीएम एसओई, लातेहार पब्लिक स्कूल, गांधी इंटर कॉलेज, आरके गर्ल्स हाई स्कूल चंदवा, आरके प्लस हाई स्कूल चंदवा, क्राइस्ट राजा मेसर्स चंदवा, ग्रीनफील्ड अकादमी चंदवा, प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल सासंग, डिग्री कॉलेज मनिका, सीएम एसओई मनिका में केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केन्द्र के आस-पास 100 मीटर की परिधि के भीतर किसी व्यक्ति द्वारा मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का प्रयोग करना, घातक हथियार लेकर चलना, प्रदर्शन करना, धरना देना, पर्ची, किताब या अन्य कोई सामान बांटना, कदाचार को प्रोत्साहन देना या अन्य कोई ऐसा कार्य करना जिससे परीक्षा की स्वच्छता प्रभावित हो वर्जित रहेगा। कदाचार में पकड़े गये छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के विरूद्ध झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024**

दिनांक : 24/09/2024 सूचना समय–10 बजे पूर्वा० से 4 बजे अप० तक
स्थान : जिला नियोजनालय स्थित मैदान, डालटनगंज।

राज्य के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय स्थित मैदान, डालटनगंज में दिनांक 24/09/2024 को समय पूर्वा० 10 बजे से अप० 4 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत एक दिवसीय "रोजगार मेला" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Experience | Age | Salary | | | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Net Pay after deduction | Monthly CTC | Other Allowance | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Construction Industry Development Council, Daltonganj | Electrician / Plumber / Solar Panel Installation | 100 | Matric | -- | 18-35 | 11 to 16 K | | PF/ESI | -- |
| 2 | Chaitanya India Fin Credit Pvt Ltd, Daltonganj | CRE | 50 | Inter | -- | 18-28 | 11970/- | 12770/- | PF, Bonus | Palamu & Garhwa |
| 3 | Indian Institute of Skill & Development :- Suzuku Motors, Gujrat | Students Trainee | 100 | $10^{th}$ | -- | 18-21 | 15,067/- | | Accommodation at 1000/- month & food | Mehsana |
| 4 | Credit Access Grameen Ltd, Ranchi | Trainee Kendra Manager | 30 | $12^{th}$/ITI | -- | 19-29 | 12,250/- | | EPF/ESI/Bonus/ TA | Garhwa, Japla, Nagar |
| 5 | SIS Limited, Garhwa | Sec. Guard | 100 | 10th | -- | 19-40 | 13000-20000 | | PF/ESIC/Gratuity/ Yearly Increment etc. | Jharkhand, NCR, South |
| | | Sec. Supervisor | 50 | 12th | -- | 21-37 | 14000-22000 | | | |
| | | CIT | 50 | 12th | -- | 18-30 | 11000-18000 | | | |
| 6 | Bharat Finance Inclusion Ltd, Ranchi | Loan Officer | 20 | 12th with DL | -- | 18-28 | 12,000/- | 14,613/- | Fuel, Insurance, Bonus etc. | All over Jharkhand |
| 7 | Sodexo Corporate Ltd | Food & Beverage Associate | -- | $10^{th}$ to Graduation | -- | 18-35 | 13000/- | 14000/- | Food & accommodation | Delhi, Pune, Bhopal, etc |
| 8 | Delhivery Private Ltd. | Delivery Boy-RFE | 11 | $10^{th}$ Pass | Read English | 18-42 | 9,419/- | 11,985/- | PF, ESI, etc. | Daltonganj, Garhwa, Bishrampur |
| | | Delivery Boy-LMA | 36 | $10^{th}$ Pass | Read English | 18-42 | 12000-17000 | -- | | |
| 9 | Skill Vision Organization | Operator | | ITI/Diploma | -- | 18-28 | 12500-15000 | 16000 | PF/ESI etc | Gujrat |
| | | Helper | | $8^{th}$-$12^{th}$ | -- | 18-45 | 11K | 14K | | |
| | | Operator | | ITI/Dilpoma | -- | 18-45 | 12K | 15K | | |
| 10 | Synnova Gears & Transmission | CNC, VMC, MNC, Operator | 100 | $10^{th}$/$12^{th}$/ITI/ Graduate/Diploma | -- | 18-35 | 14000/- | 16000/- | Room/Bus/ Canteen | Rajkot (Gujrat) |
| 11 | Spandan Sphooty Finance Ltd | 20 | 40 | $12^{th}$/ITI | -- | 18-28 | 12002/- | - | PF,ESI etc. | Garhwa, Palamu, Latehar |
| 12 | Millennium Skill by G4S Security | Sec. Guard | 100 | $10^{th}$ Pass | -- | 18-40 | 14500/- | -- | PF.ESI etc. | Gujrat, Noida |
| 13 | LIC of India | Agent | 60 | Matric | -- | 18+ | Commission Basis | | | Palamu |
| 14 | Adi Chitragupta Finance Ltd. | Field Officer | 20 | $12^{th}$ Pass | -- | 18-30 | 10436/- | 11000/- | -- | Bihar,Jharkhand |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल jharniyojan.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR 336294 District(24-25)#D

# जिले के 20 केंद्रों पर जेएसएससी परीक्षा आज, 5796 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आगामी 21 एवं 22 सितम्बर 2024 को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 के सफल आयोजन हेतु विभिन्न मजिस्ट्रेट, केंद्राधीक्षक जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर उपायुक्त ने जेएसएससी द्वारा जारी दिशा निर्देश और उसके उल्लंघन करने पर दी जाने वाली सजा के प्रावधान के बारे में सभी उपस्थित पदाधिकारियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा संचालन के लिए बनाए गए नियमो का पालन न करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। आगामी दो दिनों तक सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास के होटल, लॉज, होस्टल्स, गेस्ट हाउस सहित ठहरने के सभी जगहों पर वहां ठहरने वालों पर कड़ी नजर रखी जायेगी और समय समय पर उसका निरीक्षण और छापामारी किया जाएगा। होटल संचालक अगर संदेहात्मक लोगो को शरण देते हैं तो उनपर भी कड़ी कारवाई की जाएगी। परीक्षा से संबंधित कोई गलत सूचना या अफवाह फैलाने पर सोशल मीडिया के माध्यम से नजर रखी जायेगी। दोषी पाए जाने पर उन पर विधिसम्मत कड़ी से कड़ी कारवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्र के बाहर भी सी सी टी वी के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा बनाया गया नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्यरत रहेंगे। किसी भी तरह की विधि व्यवस्था से निबटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर और तैयार है। पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक बर्दास्त नही की जायेगी।जिले के पास पर्याप्त पुलिस बल है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सुनिश्चित करे कि कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स जैसे घड़ी, मोबाईल फोन आदि को लेकर प्रवेश नहीं करे ये सुनिश्चित हो।साथ ही किसी भी प्रकार का अश्त्र शस्त्र जैसे बंदूक राईफल बम बारूद लाठी डंडा तीर आदि आदि लेकर परीक्षा स्थल के आस पास कोई व्यक्ति न दिखे।परीक्षा स्थल के आस पास कोई बैठक या आम सभा न हो। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा लगा रहे। परीक्षा स्थल के मुख्य गेट पर भी सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगा रहे जिससे मुख्य द्वार की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।



### तीन पालियों में होगी जेएसएससी की परीक्षा

**लोहरदगा।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का संचालन दिनांक 21.09.2024 एवं 22.09.2024 को तीन पालियों में क्रमशः पूर्वाह्न 8:30 बजे से 10:30 बजे तक, पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तथा अपराह्न 3:00 बजे से अपराह्न 5:00 तक होना सुनिश्चित है। इस आलोक में परीक्षा के सफल संचालन, कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सुनिश्चित कराया जाना है। लोहरदगा जिला में इसके लिए कुल 20 परीक्षा केंद्र निर्धारित हैं जिनमें नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत; **01.** राजकीयकृत प्लस टू चुन्नी लाल उच्च विद्यालय **02.** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू **03.** कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका **04.** उसुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय **05.** उसुर्लाईन कॉन्वेंट बालिका मध्य विद्यालय **06.** राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय **07.** मंजूरमति उच्च विद्यालय, **08.** लुथेरन उच्च विद्यालय **09.** मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला महाविद्यालय, **10.** राजकीयकृत कस्तूरबा बालिका मध्य विद्यालय **11.** केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय **12.** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के साथ -साथ सदर प्रखंड लोहरदगा क्षेत्र में **13.** संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय कैमो पतराटोली **14.** संत स्तानिसलास उच्च विद्यालय कैमो पतराटोली **15.** बलदेव साहू महाविद्यालय **16.** लिवेंस अकादमी **17.** एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल **18.** राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुजरा **19.** एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा **20.** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल सेन्हा, शामिल है।

### चैनपुर वन विभाग में जिप सदस्य ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में किया टॉर्च का वितरण

# हाथियों के हमले से बचाव के लिए हरसंभव व्यवस्था की जाएगी : मेरी लकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ वन क्षेत्र कार्यालय परिसर में जीप सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा बरटोली, झारगांव,रैनटोली, फुलवाटोर्ली,परहटोली, बरवेनगर,रहमत नगर,शंख सेमरटोली,डिपा बुकमा तथा रामपुर बरटोली के बीच 20 किसानों के बिच ट्रॉच तथा फटाका का वितरण किया। वहि प्रभारी वनपाल बुधदेव बड़ाइक ने बताया की हाथी प्रभावती क्षेत्र में जिला कार्यालय से आए टॉर्च तथा पटाखे का वितरण किया गया।जिसमें सक्रिय बीस ग्रामीण और किसानों को ट्रॉच तथा पटाखा दिया गया।जहां हाथी के द्वारा घर को तोड़ा गया वहा किसान के द्वारा अंचल से कर्मचारी सत्यापन होती है।वही अगले बार आने वाले कुछ दिनों में चिन्हित किया गय किसानों तथा ग्रामीणों को दिया जायगा।उसे तुरंत जिला फॉरवर्ड कर आगे की करवाई के लिए भेजे दिया जाएगा।वही जिला परिषद मेरी लकड़ा ने कहा कि जिन किसानों का घर हाथी के द्वारा ध्वस्त हो गया है।उन सभी किसान अंचल में आवेदन देकर कर्मचारी से सत्यापन कर वन विभाग में आवेदन जमा करें।और वन विभाग इस पर जल्द से जल्द मौजूद दिलाने की कार्य करें।जिप सदस्य ने आगे बताया की वन विभाग हाथी भागने में सजग नजर आते हैं।जहां सूचना मिलती वहां वन विभाग की टीम पहुंच जाती है।वन विभाग की इस पहल से ग्रामीण काफी खुश दिखे मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख प्रमोद खलखो,प्रभारी वनपाल बुधदेव बड़ाइक, वनरक्षक बिजेंद्र उराव सहीत ग्रामीण मौजूद थे।



## चोरों ने किया चोरी का प्रयास गश्ती पुलिस को देखकर हुए फरार



**बसिया।** बसिया प्रखंड के कोनबीर रेफरल अस्पताल के सामने सुमित साहू की गुमटी में बुधवार रात्रि करीब 11:30 बजे चोरों ने चोरी का प्रयास किया। चोर गुमटी का ताला तोड़ ही चुके थे की तभी सुमित एवं उसके बड़े भाई वहां पहुंच गए मौके पर बसिया पुलिस की गश्ती टीम भी वहां पहुंच गई जिसे देखकर चोर दौड़ कर भागने लगे, गश्ती पुलिस ने चोरों को दौड़ाया भी पर चोर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। इधर इस घटना के बाद व्यापारियों ने प्रशासन से गश्ती बढ़ाने की मांग की।

## न्यूज | बॉक्स

### लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रही है संकल्प पत्र अभियान : सत्यम कुमार

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संकल्प पत्र सुझाव अभियान राणा चौक में चलाया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू उपस्थित हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व संकल्प पत्र सुझाव अभियान के नगर संयोजक सत्यम कुमार के द्वारा किया गया। और उन्होंने कहा कि नगर के सभी चौक चौराहों पर यह सुझाव अभियान लोगों के बीच एक जागरूकता का कार्य भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया जा रहा है। और जनता अपनी अपनी बातों को रख रहे है। मौके पर उपस्थित, संजय महतो, विजय चंद्रशेखर, अशोक कसकर, उमेश सिंह, महेंद्र महतो, कमलेश कुशवाहा, पंकज महतो, हसमुख रंजन,विनय महतो, प्रकाश महतो, विवेक अग्रवाल, मुनचुन महतो, देवेंद्र कुमार साहू, अजय महतो, अजय अग्रवाल, कलिंदर महतो, सुकेश महतो, गणेश महतो, अभय महतो, मनीष महतो, शशि ठाकुर, प्रदीप शुक्ला, राजेश प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।

### लोहरदगा समाहरणालय मैदान में 27 को गरजेंगे योगी आदित्यनाथ

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्य के दक्षिनी प्रमंडल में 22 सितम्बर से 28 सितंबर तक आयोजित परिवतन संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत 27 सितंबर को लोहरदगा पहुच रही परिवर्तन संकल्प रथयात्रा के साथ उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवम प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 3 बजे अपराह्न लोहरदगा पहुचेंगे और विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके लिए लोहरदगा समाहरणालय मैदान में पार्टी द्वारा विशाल मंच का निर्माण कराया जायेगा। इसे लेकर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव,उपाध्यक्ष अनिल उराँव,अजय पंकज,महामंत्री पशुपतिनाथ पारस,संजय प्रसाद, जगनन्दन पौराणिक एवम,जिला मीडिया प्रभारी विजय सोनी द्वारा मैदान का अवलोकन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है।हेमंत सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणाओं का नजरअंदाज करना , महिलाओ की असुरक्षा, भ्रस्टाचार, रोहंगिय मुसलमानो का अवैध घुसपैठ कराना,आदिवासियों का जमीन हड़पना,उन्हें भारी पड़ेगी।जनता भारतीय जनता पार्टी गठबंधन को फिर से सत्ता सौपने को तैयार है।उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश आज मॉडल स्टेट बन गया है ,देश के सभी राज्य की जनता योगी जैसा मुख्यमंत्री चाह रहे है ।उन्होंने कहा कि 27 सितम्बर को जिले भर से लगभग 25 हजार लोग मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को सुनने समाहरणालय मैदान पहुचेंगे।

### पेड़ से दब कर जोबांग थाना क्षेत्र के दो सगे भाइयों की हुई मौत

**लोहरदगा।** जिले के जोबांग थाना क्षेत्र के सीरम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सेम्भूवा गांव निवासी दो भाइयों की मौत पेड़ से दबकर हो गई है। जानकारी के अनुसार सेम्भूवा गाँव निवासी कृष्णा तुरी के पुत्र सुधीर तुरी (21 वर्ष)एवं राहुल तुरी (22 वर्ष) चंदवा से वापस लौट रहे थे, जिस क्रम में चंदवा थाना क्षेत्र के भुसाड़ गांव के समीप उनपर सूखे पेड़ की डाली टूट कर गिर गई। जिससे राहुल तुरी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई वहीं सुधीर तुरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के पस्चात इसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी भी मौत हो गई। सगे भाइयों की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं दो भाइयों की मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### खरीफ फसल पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला



**भंडरा।** प्रखंड परिसर स्थित के सभागार में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय खरीफ फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला तकनीकी प्रबंधक दिनेश चंद,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार,बीटीएम, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम मे केसीसी, टपक सिंचाई, पीएम किसान - इकेवाईसी, खरीफ फसलों का प्रबंधन, रागी मिशन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पशुपालन संबंधित सलाह, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन संबंधित विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। आत्मा के बीटीएम प्रियांशु मिंज ने आत्मा द्वारा संचालित खरीफ फसलों की खेती और बचाव करने के तरीके बताए, फिलहाल, रागी, मूंगफली, मकाई, उरद की खेती को प्रोत्साहित करते हुए उनके बचाव, दवा का छिड़काव के बारे में बताया। पशुपालन विभाग के मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के बारे में जानकारी दी और अविलंब आवेदन जमा करने के लिए कहा। इस मौके पर मुखिया सुमित उरांव, कइली उरांव,तकनिकी सहायक अजय कुमार,समेत कई किसान मौजूद थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर हुई रायशुमारी स्थानीय प्रत्याशी पर जोर

**भंडरा।** प्रखंड के नवडीहा गांव स्थित सामुदायिक भवन में कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में हुई। इसमें 2024 में होने वाली विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यरूप से पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष कांग्रेसी नेता डोमना उरांव व प्रवेक्षक नन्द कुमार शुक्ला ग्रामीण की उपस्थिति में बूथ स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के कार्यकताओं को चिन्हित कर उन्हें पार्टी के नीति व सिद्धांतों को लेकर जनता के बीच ले जाने पर बल दिया गया। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से आए कार्यकताओं के साथ राय शुमारी कर पार्टी व संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डोमना उरांव ने किया। बैठक मे लोहरदगा विधानसभा पांच स्थानीय प्रत्याशियों के चयन को लेकर रायसुमारी की गई. रायसुमारी मे अभिनव सिद्धार्थ,सूखेर भगत,जयदीप तिग्गा,दिनेश खेरवार,डॉ रामेश्वर उरांव के नाम सामने आया।

## बॉक्साइट की नगरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का होगा आगमन : सचिन कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बूथ संख्या 270/271 में बूथ बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। मौके पर 270 बूथ अध्यक्ष निधिकान्त प्रसाद एवं 271 बूथ अध्यक्ष राजकुमार यादव की उपस्थिति में बूथ बैठक की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा बॉक्साइट नगरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन 27 सितंबर को लोहरदगा जिला में होने जा रहा है। इसी के निमित इस कार्यक्रम में पूरे लोहरदगा जिला के सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को और उनके आशीर्वचन को सुनने जरूर से जरूर आए। बूथ अध्यक्ष निधि कांत प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के आने से अबकी बार झारखंड में भी भगवा लहराएगा। बूथ अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि आने वाले आगामी चुनाव में पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में स्थापित होगी। संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि इस आगामी चुनाव में योगी जी के आने पर हम सबों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इनके मार्गदर्शन पर इस बार भाजपा की सरकार राज्य में बनेगी। मौके पर उपस्थित, राजीव कुमार, नीरज कुमार साहू, बंसी साहू, बैजनाथ प्रसाद, प्रभु प्रसाद गुप्ता, शंकर गुप्ता, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सभी का अगस्त 2024 तक का बिजली बिल हुआ माफ

## किसी के झांसे में आकर ठगी का शिकार नहीं बनें बिजली उपभोक्ता : अज्जू कच्छप

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली विभाग ने अपील किया है कि मुख्यमंत्री ऊर्जा सम्मान योजना के तहत बहुत सारे घरेलू उपभोक्ताओं का माह अगस्त 2024 तक का बिजली बिल बकाया वर्तमान सरकार द्वारा माफ किया गया है। किंतु यह संभव है कि कुछ लोग उपभोक्ताओं के घर पहुंच कर यह कहें कि आपका बिजली बिल माफ कर देंगे और उसके एवज में कुछ रुपए की ठगी कर सकते हैं जो सरासर गलत है एवं ठगी का मामला बनता है। ऐसे लोगों से आप सावधान रहें और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस विभाग एवं बिजली विभाग को देना सुनिश्चित करें। किसी तरह की विशेष जानकारी हेतु विद्युत कार्यालय, सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा पतराटोली में आकर जानकारी ले सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल अज्जू कच्छप ने दी।

## मोटरसाइकिल चोरी कांड का खुलासा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**



अरु पतरा के समीप से मोटरसाइकिल चोरी मामला में एक आरोपी को सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा.विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पतरा टोली निवासी रौशन भगत का मोटर साइकिल साइन होंडा जे एच 08 एच 1305 को अरु पतरा के समीप से चोरी कर फरार होने के आरोप पर अज्ञात चोर के विरुद्ध 84/24 दर्ज कर धारा 303(2) बी एन एस के तहत पुलिस कारवाई आरम्भ कर दिया गया था.पुलिस कारवाई के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर चोरी कांड में संलिप्त आरोपी मुर्की निवासी जाउवा उराँव के 23 वर्षीय पुत्र रविन्द्र उराँव को गिरफ्तार किया गया.वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है.पूर्व में भी आरोपी को वर्ष 2023 में भी मोटर साइकिल चोरी कांड लोहरदगा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. चोरी घटना की जानकारी पतरा टोली निवासी रौशन भगत ने थाना में आवेदन दे घटित घटना से अवगत करा कर अज्ञात चोर के विरुद्ध कड़ी कारवाई करने का अपील किया था.इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि 12 सितंबर को मोटर साइकिल चोरी का आवेदन प्राप्त होते ही चोरी कांड दर्ज कर पुलिस कारवाई आरम्भ किया गया। चोरी कांड उदभेदन के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना के दिन रविन्द्र उराँव को पतरा टोली जंगल के समीप घूमते फिरते देखा गया था.जिसके आलोक में मुर्की से गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर चोरी मोटर साइकिल बरामद किया गया।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भागने के आरोपी को सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र से निवासी सुरेंद्र महली के पुत्र सूरज महली ने एक नाबालिक लड़की को प्रेम के जाल में फंसा कर उसे शादी एवं विभिन्न प्रकार का प्रलोभन दिखा बीते 09 सितंबर 2024 को भगा कर ले गया था.वही बताया जाता है. कि नाबालिक बच्ची अपने घर से विद्यालय के लिए निकली थी जो समय से घर नही पहुंची तो परिजनों को चिंता होने लगा तो परिजनों ने अपने स्तर से खोज बिन आरम्भ कर दिया लेकिन कहीं किसी प्रकार से पता नही चला.जिसकी सूचना सेन्हा थाना को देखते हुए परिजनों ने नाबालिक बच्ची को सकुशल बरामद करने का प्रशासन से अपील किया था।

### कुडू में कांग्रेसियों ने की बैठक

## स्थानीय और युवा उम्मीदवार की रखी मांग

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू-लोहरदगा**

शुक्रवार 20 सितंबर को कुडू प्रखण्ड कॉग्रेस कमिटी की अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता में उनके कुडू स्थित आवास पर प्रखण्ड कॉग्रेस कमिटी की एक बैठक हुई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव में लोहरदगा विधानसभा प्रत्यासी को लेकर विशेष चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित कोंग्रेसियों ने स्थानीय और युवा प्रत्यासी पर अपने विचार रखे। बैठक में उपस्थित 80 प्रतिशत से अधिक कार्यकताओं ने स्थानीय एवं युवा प्रत्यासी की मांग रखी, वहीं 20 प्रतिशत लोगों ने आलाकमान के निर्णय पर छोड़ने की बात कही। ज्यादातर लोगों ने अभिनव शिद्धार्थ को पहली पसंद बताया। जबकी रीना कुमारी भगत, विशाल डुंगडुंग एवं पूर्व उपायुक्त दिलीप टोप्पो को एक - एक लोगो ने उम्मीदवार बनाने की मांग रखी। हालांकि सबसे विचित्र बात यह रही कि वर्तमान विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को किसी ने भी उम्मीदवार बनाये जाने की इच्छा नही जताई जो चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्यादातर लोगों ने स्थानीय और युवा प्रत्यासी की मांग रखी और अपने विचार रखते हुए कहा कि पूरे पांच वर्षों तक जिस प्रकार से हम लोगों ने मामूली - मामूली कामो को लेकर परेशानी उठाई है, काम छोड़कर पैसे खर्च कर रांची जाना पड़ा, पूरा दिन इंतजार के बाद भी अधिक बार बिना मुलाकात के ही बैरंग लौटना पड़ा है। उस भूल को यहां के कॉग्रेस कार्यकर्ता और जनता दोहराना नही चाहती। हमे ऐसे उमीदवार चाहिए जिससे तीनों पहर हमलोग अपनी और क्षेत्र की जनता की समस्याओं को बता भी सकें और निदान भी हो सके।

### जेएसएससी परीक्षा को लेकर होटल संचालकों के साथ हुई बैठक

**लोहरदगा।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 21 एवं 22 सितंबर 2024 को होनेवाले झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के होटल संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी होटल संचालकों को निर्देश दिया गया कि दो दिन परीक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह बहुत संवेदनशील परिस्थिति है जिसमें परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलानेवालों पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है। होटल संचालक इन दो दिनों के दौरान अपने होटल व होटल परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के होने की सूचना त्वरित रूप से जिला प्रशासन को दें। आपके होटल में कौन आ रहे हैं इसकी व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुए अपने पास जानकारी रखें।

### मिशन वात्सल्य के तहत बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की जिला स्तरीय बैठक हुई

## श्रम विभाग पुलिस विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करे : पुलिस अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की जिला स्तरीय बैठक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बाल संरक्षण, समाज कल्याण, श्रम, डालसा, शिक्षा, मिरेकल फाउंडेशन, शा आदि की ओर जिला में बाल संरक्षण व पुनर्वास की दिशा में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया और विभिन्न विभागों के द्वारा इस दिशा में किये जाने वाले कार्यों व आपसी समन्वय से किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गयी। उपायुक्त द्वारा सभी विभागों को आपसी समन्वय से बच्चों के हित में किये जाने वाले कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा द्वारा पोस्को एक्ट में आ रहे मामलों व उनकी सुनवाई और सजा के प्रावधानों के बारे बताया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि तय समय-सीमा के अंदर ही कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रम विभाग पुलिस विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करे। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अक्षरशः पालन किया जाय। जो भी मामले आएं उनकी मॉनिटरिंग की जाय। डालसा सचिव राजेश कुमार द्वारा जिला में पोस्को एक्ट अंतर्गत आये मामलों में की जा रही सुनवाई व प्रगति की जानकारी दी। साथ ही उनके पुनर्वास व मुआवजा के संबंध में की रही कार्रवाई के बारे भी बताया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा 0-6 वर्ष के बच्चों और 6-18 वर्ष के किशोर-किशोरियों को स्पॉन्सरशिप के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं और इसके तहत कार्य कर रही संस्थाओं की जानकारी दी गई। श्रम अधीक्षक लोहरदगा द्वारा बाल श्रम अंतर्गत होटलों से अब तक रेस्क्यू किये गए बच्चों/किशोर-किशोरियों की जानकारी दी। साथ वैसे बच्चों के नियोजन,अभिभावकों को सूचना देना, होटल संचालक से वसूल किये जाने दण्ड शुल्क की जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार द्वारा मिशन वात्सल्य के रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी।

## विस चुनाव को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता वैन को किया गया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

आगामी चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने 3 ईवीएम/वीवीपैट मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वैन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया से जुड़ी हर जानकारी मतदाताओं के पास होनी चाहिए, और इसी उद्देश्य से ये जागरूकता वाहन रवाना किए गए हैं। जागरूकता वैन गांव-गांव घूमकर मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम और वीवीपैट के कार्य करने के तरीके के बारे में जानकारी देगी। चुनावी प्रक्रिया की समझ बढ़ाने के लिए इस अभियान को निर्वाचन की घोषणा तक जारी रखा जाएगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, वैन के साथ दंडाधिकारियों और पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई है।





# राज्य पिछड़ा आयोग ने पुलिस से संबंधित चार शिकायतों पर की चर्चा



**पिछड़ों की समस्या को लेकर एसपी से मिले आयोग के अध्यक्ष**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो के नेतृत्व में दो दिनों से रामगढ़ जिले के दौरे पर है। पहले दिन जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। दूसरे दिन शुक्रवार को पुलिस प्रशासन से जुड़े मामलों को लेकर एसपी अजय कुमार और पुलिस के अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि पिछड़े वर्गों से जुड़े हुए लोगों ने आयोग में शिकायत की थी। अधिकतर मामले जिला प्रशासन से जुड़े हुए थे। पुलिस प्रशासन से जुड़ा हुआ मात्र चार मामले थे, जिस पर चर्चा हुई। जिला पुलिस प्रशासन का सहयोग रामगढ़ जिले में आम नागरिकों को मिल रहा है। साथ ही हर समुदाय वर्ग को न्याय देने का काम किया जा रहा है। इस बैठक में आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव, नंदकिशोर मेहता, सदस्य सचिव कृष्णा कुमार सिंह भी उपस्थित हैं। आयोग के अध्यक्ष ने एक-एक कर मामलों की सुनवाई की। संबंधित अग्रतर कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। इस दौरान कई मामलों में अग्रतर कार्रवाई से संबंधित दस्तावेजों के साथ आयोग में आकर समर्पित करने का निर्देश भी दिया गया है।

# बाल अधिकार को सुनिश्चित करने को मीडिया व एनजीओ का नेटवर्क




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** कोडरमा के वसुंधरा गार्डन में लीड्स और डॉ. ए वी बालिगा मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोडरमा और गिरिडीह जिले के मीडिया बंधुओं और गैर सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) के बीच समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि शिक्षा का अधिकार 2009 और बाल अधिकार जैसे कानूनों का प्रभावी कार्यान्वयन हो सके। इसके तहत यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बच्चे स्कूल जाएं, बच्चों का पलायन कम हो, वे स्वस्थ रहें, और उनके माता-पिता सरकारी योजनाओं से जुड़ें ताकि उन्हें आजीविका के साधन मिल सकें। लीड्स और डॉ. ए वी बालिगा मेमोरियल ट्रस्ट ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जिसमें विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने कार्यों को मीडिया कर्मियों के सामने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लीड्स के दीपक कुमार, समर्पण के शंकर लाल राणा, हैंड इन हैंड के राजेश कुमार, अभिव्यक्ति के प्रकाश कुमार, राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान की संगीता, होली फैमिली के जय मंगल, सवेरा फाउंडेशन के शंकर, लेक गार्डन से नवनीत कुमार और सामाजिक परिवर्तन संस्थान के मनोहर ने अपने-अपने संगठन के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन लीड्स के कार्यक्रम समन्वयक संतोष कुमार ने सभी का शुक्रिया अदा करते किया।

# पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोनहारा खुर्द निवासी समीर अंसारी, पिता जुबेर अंसारी के घर पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया। पुलिस के मुताबिक बरकट्ठा थाना कांड संख्या 139/24 दिनांक 02/02/24 पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त के घर पर न्यायालय के आदेश पर इस्तेहार चिपकाया गया।

# संघ ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीएसई से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों के वरीयता निर्धन से हुई गतिरोध के निराकरण हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक से वार्ता की। संघ के जिला अध्यक्ष ने डीएसई सिमडेगा से मांग किया कि वर्ष 2015-16 में नियुक्त शिक्षकों का वरीयता सूची में नाम जोड़ा जाए इस संबंध में उन्होंने कहा कि वरीय शिक्षको को ग्रेड 4 में प्रोन्नति देने के बाद अगली बार निश्चित रूप से जोड़ दिया जाएगा। जिस पर शिक्षकों ने अपनी सहमति प्रदान की ।अगली मांग में कहा गया कि वर्ष 2019 में माननीय उच्च न्यायालय रांची में सिमडेगा जिला के कुछ शिक्षकों के द्वारा प्रोन्नति के संबंध में याचिका दायर की गई थी जिसमे माननीय हाई कोर्ट ने शिक्षकों के समर्थन में ग्रेड 4 और 7 में छः सप्ताह के अंदर प्रमोशन देने के आदेश निर्गत है इस संबंध में डीएसई सर ने कहा कि प्रमोशन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रमोशन दे दी जायेगी ।संघ के जिला अध्यक्ष ने 2004 बैच के शिक्षकों का भी वरीयता का निर्धारण मेघा क्रमांक से करने की मांग रखी इस पर उन्होंने कहा की इनका बीपीएससी के तर्ज पर मेघा क्रमांक की समेकित सूची नहीं बनी है। उन्होंने जिले के सभी शिक्षको से प्रोन्नति प्रक्रिया में सहयोग की अपील किए है। संघ के अध्यक्ष ने जिले के शिक्षको से अपील किए है कि प्रमोशन या अन्य किसी भी समस्या पर कोई परेशानी होने पर इसकी सूचना हमें दें।मौके पर उपाध्यक्ष अमर कुमार सिंह,संयुक्त सचिव अजीत तिर्की, उपेंद्र कुमार,शंभूनाथ प्रधान, रंजीत कुमार, सूरज कुमार, अनुरंजन डुंग डुंग, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# सेंट्रो कार से की जा रही थी गाय की चोरी

**गांडेय।** ग्रामीणों ने चोरों को खदेड़ा चोर वाहन छोड़ हुवे फरार। मामला गिरिडीह जामताडा मुख्य मार्ग के बुधुडीह बजरंग चौक की है। शुक्रवार अहले सुबह करीब 3 बजे बुधुडीह बजरंग चौक के निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को अपनी गाय बोलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुन राजेंद्र प्रसाद वर्मा अपने घर से निकले तो देखा की उनकी गाय की रस्सी खुट्टे से कट्टा हुआ था उसने देखा कि एक व्यक्ति घर के बगल खड़ी थी हो हल्ला किया तो युक्त व्यक्ति भागने लगे आगे देखें तो मुख्य मार्ग में सेंट्रो कार से दो व्यक्ति निकाला और सभी भागने लगे अंधेरा का लाभ उठाकर तीनो चोर फरार हो गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 12/2024–25**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.09.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.09.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.09.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Boundary Wall And Renovation Work of Class-1 Veterinary Hospital at Balumath, Dist-Latehar | 42,04,100.00 | 84500 /- | 5000 /- | 04 (Four) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR.NO.336261 Building(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण**
**सूचना संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/18/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत सेरनदाग उत्क्रमित मध्य विघालय सेरनदाग में चहारदिवारी का निर्माण। | 2746300 | 55000 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा पंचायत सासंग उत्क्रमित प्राथमिक विघालय भुईयाटोली का चहारदिवारी निर्माण। | 1505106 | 30200 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.09.2024 से दिनांक 27.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.336221 Rural Development(24-25):D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना संख्या 03/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल लातेहार। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 27.09.2024 के कार्यालय अवधि में। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 28.09.2024 के 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 28.09.2024 के 3.30 बजे अपराह्न के बाद। |
| 5. | परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान | 1. मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, अभियंत्रण छात्रावास संख्या–2, प्रथम तल, धुर्वा, रांची। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, डालटनगंज का कार्यालय। 3. कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार का कार्यालय। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | क्रमांक 5 में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर। |
| 7. | कार्यो की विवरणी :– | |

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | भुसार – केचकी – बरवाडीह (MDR-141) पथ के कि0मी0 0.00 से 9.10 तक में साधारण मरम्मति कार्य। | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 2 | महुआडॉड से लोधफॉल पथ के कि0मी 2, 3, 5, 6, 7, 13, 15वें एवं 16वें में विशेष मरम्मति कार्य। | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 3 | चन्दवा – महुआमिलान – मैक्लुस्कीगंज पथ (MDR-142) (कुल लम्बाई–23.375 कि0मी0) के कि0मी0 3रे, 7वें, 9वें, 13वें, 15वें, 17वें, 19वें, 21वें एवं 23वें में Sharp Curve Improvement कार्य। | 35,00,000.00 | 70,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 4 | बालूमाथ – हेरहंज – पांकी पथ (SH- 10) (कुल लम्बाई 30.00 कि0मी0) के कि0मी0 3रे 5वें, 9वें 13वें, 14वें, 23वें, 25वें, 26वें, 29वें एवं 30वें में विशेष मरम्मति कार्य। | 49,99,990.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 5 | लातेहार–सरयु–कोटाम पथ के 22वें कि0मी0 में सरयु नाला के पास Retaining Wall (उँचाई 2 मीटर) लम्बाई 150 मीटर का निर्माण कार्य। | 45,00,000.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 6 | लातेहार, जुबली चौक (NH- 75) से हेरहंज भाया नवादा पथ के 10वें कि0मी0 में Retaining Wall (उँचाई 2 मीटर) लम्बाई 110 मीटर का निर्माण कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 7 | महुआडांड – नेतरहाट पथ (एस.एच.–09) के कि.मी. 16वें एवं 17वें में (2.50 मीटर उँचाई) 140 मीटर लम्बाई में Retaining Wall का निर्माण कार्य। | 40,00,000.00 | 80,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 8 | महुआडांड – मेराम – महुआटोली – चम्पा पथ के कि.मी. 4वें में पूल के पास (2.50 मीटर उँचाई) 140 मीटर लम्बाई में Retaining Wall का निर्माण कार्य। | 40,00,000.00 | 80,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 9 | कुटमु – गारू – महुआडॉड़ पथ (एस.एच.–09) के कि0मी 80वें में 400 मीटर RCC Drain का निर्माण कार्य। | 32,00,000.00 | 64,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 10 | कुटमु–गारू–महुआडॉड़ पथ (एस.एच.–09) के कि0मी 23.00 से 80.375 के विभिन पथांष में पूल के Railing एवं पारापेट का मरम्मति एवं रंग रोगन कार्य। | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 11 | महुआडॉड से लोधफॉल पथ के कि0मी 3रे में पुराने एवं जर्जर पुलिया के स्थान पर नए 3.00 X 4.00 मीटर Size का RCC Slab Culvert का निर्माण कार्य। | 49,99,990.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 4 माह |
| 12 | भुसार – केचकी – बरवाडीह (MDR-141) पथ के 18वें कि0मी में 400 मीटर RCC नाली का निर्माण कार्य। | 32,00,000.00 | 64,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |
| 13 | कुटमु–गारू– महुआडॉड़ पथ (एस.एच.–09) के कि0मी 30वें में (2.00 मीटर उँचाई) 73 मीटर लम्बाई में RCC Retaining Wall का निर्माण कार्य। | 35,00,000.00 | 70,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 14 | बरवाडीह – हुटार पथ के कि0मी0 0.00 से 7.20 तक में सड़क सुरक्षात्मक कार्य का अधिष्ठापन। | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 1 माह |
| 15 | महुआडॉड से लोधफॉल पथ (कुल लम्बाई 16.10 कि0मी0) के 5वें 11वें, 12वें 15वें पथांष में Crash Barrier का अधिष्ठापन कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 16 | महुआडॉड से लोधफॉल पथ (कुल लम्बाई 16.10 कि0मी0) के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 16.10 तक में Sign Boards का अधिष्ठापन कार्य। | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 1 माह |
| 17 | बालूमाथ – हेरहंज – पांकी पथ (SH- 10) के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 30.00 तक में सड़क सुरक्षा हेतु Sign Boards एवं 250मी0 Crash Barrier का अधिष्ठापन कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 18 | चन्दवा – महुआमिलान – मैक्लुस्कीगंज पथ (MDR-142) के कि0मी0 5वें एवं 22वें में Crash Barrier का अधिष्ठापन कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 19 | चन्दवा – महुआमिलान – मैक्लुस्कीगंज पथ (MDR-142) के कि0मी0 0.00 से 23.375 में Road Furniture का अधिष्ठापन कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 1 माह |

नोटः– 1)निविदा आमंत्रण सूचना www.prdjharkhand.gov.in एवं निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2) कार्य की प्राक्कलित राशि घटने–बढ़ने की स्थिति में, उसी के अनुरूप अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य लिया जायेगा।
3) निर्धारित निविदा तिथी को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथी अगले कार्य दिवस को होगी।

कार्यपालक अभियन्ता, प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल लातेहार

PR 336277 (Road)24-25*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10 वर्ष 2024–25**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 27.09.2024 को 5:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.09.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 28.09.2024 को 3:30 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण–विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 7 |
| 1 | Construction of 200 mm X 165 MM X 200.00 Mtr Deep High Yield Drilled Tube Well With 1.5 H.P Submersible Pump and 2000 Ltr HDPE Water Tank on "TurnKey Basis" Under D.W & S. Division, Chatra (Head-DMFT) | HYDT/SCBBAV/CTR -01 | 4,12,952/- | 8,500/- | 750/- | एक माह |
| | | HYDT/KGBAV/LAW -02 | 4,12,952/- | 8,500/- | 750/- | एक माह |
| | | HYDT/KGBAV/PTP -03 | 4,12,952/- | 8,500/- | 750/- | एक माह |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 336325 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

## कार्यालयः अनुमण्डल पदाधिकारी,गढ़वा। (गोपनीय शाखा)

**सामान्य–आदेश/निषेधाज्ञा**

झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 हेतु गढ़वा अनुमण्डल सभी परीक्षा केन्द्रों के 50 मीटर की दूरी तक **धारा– 163** दं0प्र0सं0।

सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची के पत्रांक–6/परीक्षा–01–73 आ0–2464, दिनांक 04.09.2024 एवं उपायुक्त, गढ़वा के संयुक्त आदेश ज्ञापांक– 587/गो0, दिनांक 13.09.2024 के आलोक में झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 (JGGLCCE-2023) दिनांक 21.09.2024 एवं 22.09.2024 को पूर्वाह्न 08:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक तीनों पालीयों में आयोजित होगी। इस हेतु गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत कुल 16 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

उक्त के आलोक में मैं बिजय कुमार, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गढ़वा दण्ड प्रकिया संहिता की धारा–163 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत सभी परीक्षा केन्द्रों के चहारदिवारी से 50 मीटर की चर्तुदिक दूरी तक दण्ड प्रकिया संहिता की धारा–163 लागू करता हूँ। **यह निशेधाज्ञा दिनांक 21.09.2024 एवं 22.09.2024 को पूर्वाह्न 06:00 बजे से अपराहन् 07:30 बजे तक निम्न रुप से लागू रहेगी:–**

1. परीक्षा केन्द्र के चहारदीवारी से 50 मीटर की चतुर्दिक दूरी में कहीं भी अनाधिकृत रुप से कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे।
2. परीक्षा केन्द्र के आस–पास किसी प्रकार का शोरगुल की अनुमति नहीं होगी।
3. परीक्षा केन्द्र के आस–पास लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार का प्रचार–प्रसार/ढोल–नगाड़ा आदि वादय यंत्रों का प्रयोग नही किया जायेगा।
4. परीक्षा केन्द्र एवं आस–पास किसी भी प्रकार का हथियार, आग्नेयास्त्र/ज्वलनशील पदार्थ (पटाखे, बारुद आदि) लाना सर्वथा वर्जित होगा।
5. परीक्षा के अन्दर परीक्षार्थी को/मोबाईल फोन/पेजर/कैलकुलेटर/ब्लुटूथ/ईयरफोन,डिजिटल डायरी/लॉग बुक/पुस्तक/नोट बुक/बैग इत्यादी इलेक्ट्रोकनिक यंत्र लाना (परीक्षा कार्य में लगे कर्मी को छोड़कर) पूर्णतया वर्जित होगा।
6. उपरोक्त क0सं0– 1 से 5 तक सभी शर्तो को उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थी/व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

(बिजय कुमार) अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गढ़वा।

PR 336446 (District) 24-25 (D)

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 151 एवं 152 के तहत प्रदत शक्तियों के आलोक में निकाय के आंतरिक स्रोत में राजस्व वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र अंतर्गत प्रवेश करने वाले सभी व्यवसायिक वाहनों पर प्रवेश शुल्क लगाने की स्वीकृति दिनांक 17.02.2024 को नगर पंचायत, लातेहार के बैंठक के कार्यवाही की कंडिका 01 पर प्रदान की गई। साथ ही लातेहार जिले से निबंधित सभी व्यवसायिक वाहनों को प्रवेश शुल्क से मुक्त रखा गया है। बैंठक में विभिन्न वाहनों से वसूली किये जाने वाले शुल्क/दर का निर्धारण निम्नवत किया गया है :–

| क0 सं0 | वाहन का प्रकार | दर (रू0 में) प्रतिदिन |
|---|---|---|
| 01 | कमाण्डर वाहन | 30.00 |
| 02 | चार पहिया/पीकअप/407 वाहन | 40.00 |
| 03 | छः एवं दस पहिया वाहन | 100.00 |
| 04 | दस पहिया के उपर | 200.00 |

अतः उपरोक्त लगने वाले प्रवेश शुल्क के विवरणी में किसी भी आम जनता/फर्म/संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो (प्रमाणक के साथ) लिखित रूप से आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में उपलब्ध कराया जा सकता है। संबंधित तिथि बीत जाने के उपरांत उपरोक्त के संबंध में किया गया कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही व्यवसायीक वाहनों पर प्रवेश शुल्क को लगाने की स्वीकृति प्रदान करते हुए लागु करने की प्रकिया प्रारम्भ कर दी जायेगी।

प्रशासक–सह कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार

PR 336433 Urban Development and Housing(24-25).D

## कार्यालयः अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी पलामू-सह-गढ़वा-सह-लातेहार, पलामू

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री छोटेलाल बाबु, लिपिक, कार्यालय अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, पलामू सह गढ़वा सह लातेहार वर्तमान पता पिता– स्व0 परिबल राम, ग्राम–सैदाबाद वार्ड न0–01 पोस्ट–जपला, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, पलामू पिन कोड–822116 को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 11.02.2024 से अबतक आप बिना सूचना के स्वेच्छापूर्वक कार्यालय से अनुपस्थित हैं। बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण इस कार्यालय एवं क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर के विभिन्न पत्रों के माध्यम से आपसे स्पष्टीकरण मांग की गई। आपके द्वारा आजतक कोई भी स्पष्टीकरण कार्यालय को नहीं दिया गया है और ना ही आप कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किये।

अतः आपकों सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 10 (दस) दिनों के अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण/पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर आपके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई/दण्डात्क कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा/प्रतिवेदित कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मवार होंगे।

अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, पलामू सह गढ़वा सह लातेहार

PR 336422 District(24-25).D

## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

**राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) से सम्बंधित जानकारी**

राष्ट्रीय पशुधन मिशन का उद्देश्य छोटे जुगाली करने वाले पशुओं, मुर्गीपालन और सूकरपालन क्षेत्र तथा चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार सृजन, नस्ल सुधार से प्रति पशु उत्पादकता में मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। इस योजना में कोई भी व्यक्ति, स्वयं सहायता समूह (SHGs), कृषक उत्पादक संघ (FPOs), कृषक सहकारिता संगठन (FCOs), Joint Liability Groups (JLGs) तथा धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनियाँ आवेदन कर सकते हैं.

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) पशुधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए 50% पूंजी सब्सिडी प्रदान करता है :–

- ग्रामीण पोल्ट्री में नस्ल सुधार फ़ार्म : रु० 25 लाख तक
- भेड़ और बकरी प्रजनन फार्म : रु० 50 लाख तक
- सूकर प्रजनन फार्म : रु० 30 लाख तक
- चारा मूल्य संवर्धन इकाईयाँ : रु० 50 लाख तक
- चारा भंडारण इकाईयाँ : रु० 50 लाख तक

इस योजना में सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही किया जा सकता है। पोर्टल से संबंधित प्रश्नों के लिए एनएलएम पोर्टल हेल्प डेस्क से www.dahd.nic.in अथवा nlm.support@sidbi.in पर संपर्क किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए अपने निकटतम प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क करें। इच्छुक व्यक्ति https://nlm.udyamimitra.in पर अपने आवेदन अपलोड कर सकते हैं।

निवेदक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

PR 336395 Animal Husbandry (24-25)_D

> मौन की गहराइयों से परमानंद का झरना निरंतर फूटता है और मनुष्य के अस्तित्व पर प्रवाहित होता है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद (परमहंस योगानंद के वचनामृत)**

## संपादकीय

# 'एक देश, एक चुनाव' और राजनीतिक समीकरण

मोदी सरकार एक देश एक चुनाव की घोषणा के संकल्प को कैबिनेट से पास कराकर अपने घोषणा पत्र को लागू करने पर दृढ़ है पर पिछले 40 वर्षों में चुनाव आयोग, विधि आयोग, नीति आयोग, संविधान समीक्षा आयोग और संसदीय समितियां विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चुकी हैं, लेकिन उन पर अब तक अमल नहीं हुआ। इसलिए कोविंद समिति की रिपोर्ट पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इसे सफल बनाने के लिए विधायी और सियासी, दोनों मोर्चों पर प्रयास करने होंगे। एक साथ चुनाव का विरोध करने वालों को इस पर विचार करना चाहिए कि 1952 से 1967 के बीच हुए विधानसभा और लोकसभा के चार चुनावों से संविधान और लोकतंत्र कमजोर नहीं हुआ था। कुछ लोग इसे संघीय ढांचे के खिलाफ मान रहे हैं, जबकि इससे अनेक क्षेत्रीय दलों की विधानसभा के साथ लोकसभा में ताकत बढ़ सकती है। इससे अमेरिका की तर्ज पर केंद्रीय स्तर पर द्विदलीय व्यवस्था का विकास होगा, जिससे चुनावों में सतही आरोपों के बजाय सार्थक बहस के नए दौर की शुरूआत हो सकती है। कोविंद समिति की रिपोर्ट को लागू करने के लिए कार्यबल बनाने की बात हो रही है। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद अब विधि मंत्रालय को बिल का मसौदा बनाना होगा। राज्यों और विपक्ष के साथ सही संवाद नहीं हुआ, तो संसद में पेश होने पर बिल को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की मांग हो सकती है। संसद में दो-तिहाई बहुमत से संविधान में संशोधन हो भी जाए, तो फिर राज्य विधानसभाओं की मंजूरी चाहिए। एक साथ चुनाव से जुड़े आर्थिक लाभों का ठोस वैज्ञानिक अध्ययन उपलब्ध नहीं है, पर कुछ उत्साही समर्थकों ने जीडीपी में 1.5 फीसदी बढ़ोतरी का दावा किया है। लेकिन एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू होने के बावजूद इस्तीफे, मृत्यु और अयोग्यता के आधार पर खाली हुई सीटों पर उपचुनावों की समस्या बनी रहेगी। कुछ अर्थशास्त्रियों के अनुसार, लगातार होते रहने वाले चुनावों से लोकतंत्र में जीवंतता और खर्चों से गरीबों की रसोई का जुगाड़ होता है। पहले आम चुनाव में लगभग 10.5 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, लोकसभा के चुनाव कराने में वर्ष 2009 में 1,195 करोड़ और 2014 में लगभग 3,900 करोड़ रुपये खर्च हुए। पर असली खर्च तो नेता और पार्टी करते हैं, जिसका सही हिसाब ही नहीं मिलता। वर्ष 2024 के आम चुनाव में लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यानी नेताओं ने हर वोटर पर लगभग एक हजार रुपये खर्च किए महंगे होते चुनावों से सत्ता के गलियारों की चकाचौंध का जो दरवाजा खुलता है, उसे ठीक करने के लिए ठोस सुधारों की जरूरत है। पिछले कई दशकों में चुनाव आयोग ने चुनावी सुधार से जुड़े कानूनों में बदलाव के लिए यूपीए और एनडीए सरकार के पास अनेक सुझाव भेजे हैं। उसके लिए संविधान संशोधनों के बजाय सिर्फ कानूनों में परिवर्तन से बड़े बदलाव आ सकते हैं। ऐसे बदलावों से सही मायने में लोकतंत्र में बेहतरी और गवर्नेंस का मार्ग प्रशस्त होगा। पिछले 40 वर्षों में चुनाव आयोग, विधि आयोग, नीति आयोग, संविधान समीक्षा आयोग और संसदीय समितियां विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चुकी हैं, लेकिन उन पर अब तक अमल नहीं हुआ है।

> एक साथ चुनाव का विरोध करने वालों को इस पर विचार करना चाहिए कि 1952 से 1967 के बीच हुए विस और लोस के चार चुनावों से संविधान और लोकतंत्र कमजोर नहीं हुआ था। कुछ लोग इसे संघीय ढांचे के खिलाफ मान रहे हैं, जबकि इससे अनेक क्षेत्रीय दलों की विधानसभा के साथ लोकसभा में ताकत बढ़ सकती है।

# वर्ल्ड फूड इंडिया : भव्यता की पृष्ठभूमि

भारत में खाद्य प्रसंस्करण की यात्रा, देश की सदियों पुरानी बुद्धिमत्ता और प्रगति को अपनाने की क्षमता को दशार्ती है। अचार बनाने और खाद्य पदार्थ सुखाने की प्राचीन परंपराओं से लेकर आज की परिष्कृत तकनीकों तक, भारत ने अपनी समृद्ध पाक-कला विरासत को आधुनिक प्रगति के साथ सहजता से मिश्रित किया है। यह यात्रासिर्फ लोगों को खाना खिलाने के बारे में नहीं है, बल्कि भारत की पाक-कला पहचान को परिभाषित करने वाले विविध और जटिल स्वादों का उत्सव मनाने से भी गहराई से जुड़ी हुई है। भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, जिस परदेश की कृषि-अर्थव्यवस्था केंद्रित है, परंपरा और आधुनिकता के संगम-बिंदु पर स्थित परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक है। कटाई, छंटाई और श्रेणी-निर्धारण से लेकर पैकेजिंग, संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन तक की गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हुए, खाद्य प्रसंस्करण कृषि और वैश्विक बाजार के बीच की खाई को पाटने में उत्प्रेरक का काम करता है। खाद्य प्रसंस्करण की प्रक्रिया में हमारे खेतों की कच्ची उपज को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उत्पादों में बदला जाता है, जिससे भारत आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है।



चिराग पासवान
माननीय मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने इस क्षेत्र की क्षमता को पहचाना है, जिससे देश आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने समय-समय पर कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच सहजीवी संबंध को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है तथा मूल्य संवर्धन और तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया है। उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक बाजारों की खोज करने के उनके आह्वान की प्रतिध्वनि मंत्रालय द्वारा की गई पहलों में परिलक्षित होती है। किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि-खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने का मिशन, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की सफलता से आंतरिक रूप से जुड़ा हुआ है, जो भारत की कृषि संपदा को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के साथ जोड़ने का माध्यम है।

2047 तक विकसित भारत के आह्वान में, एक ऐसे भारत की परिकल्पना की गई है, जो समृद्धि, नवाचार और सतत विकास के प्रकाश-पुंज के रूप में उभरने के लिए अपनी चुनौतियों से पार पा चुका है। इस विजन के केंद्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र है, जो खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, रोजगार सृजन करने और निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।




चूंकि हम एक नए युग की दहलीज पर खड़े हैं, जो 2047 तक विकसित भारत के कालखंड में प्रवेश करेगा, इसलिए भारत के कृषि कौशल को वैश्विक महाशक्ति बनाने से संबंधित हमारे प्रधानमंत्री का विजन, आगामी वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में स्पष्ट रूप से व्यक्त होगा, जिसे मेरा मंत्रालय 19 से 22 सितंबर 2024 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित कर रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन, नवाचार, उद्यमिता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक वास्तविक संगम है, जो एक पुनरुत्थानशील और समृद्ध भारत की दिशा में आगे बढ़ने के मार्ग को रोशन करने वाले एक प्रकाश-पुंज के रूप में कार्य करता है और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरी तरह से साकार करता है। वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 की शानदार सफलता वैश्विक खाद्य परिदृश्य में भारत के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। यह एक ऐसा आयोजन था, जिसमें वैश्विक विचारक, उद्योग जगत के दिग्गज और नीति निमार्ता एक मंच पर आये। यह आयोजन नवाचार का वास्तविक भंडार था, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, पैकेजिंग समाधान और सतत विकास से जुड़े तौर-तरीकों की नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भारत की पूरी क्षमता का प्रदर्शन किया गया, जिसने निवेश आकर्षित किया और साझेदारी बनाई। इसने 2024 में और भी भव्य आयोजन के लिए मंच तैयार किया।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 खाद्य प्रसंस्करण इकोसिस्टम के सभी घटकों को शामिल करने के लिए अपने दायरे का विस्तार करने के साथ, इस विरासत को आगे बढ़ाने का वादा करता है। बीज से लेकर दुकानों तक, उद्योग के हर पहलू को सावधानीपूर्वक तैयार और प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, सहयोग बनाने और नए बाजारों को तलाशने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। यह आयोजन भारत के लिए गुणवत्ता, नवाचार और सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिससे खाद्य प्रसंस्करण के वैश्विक केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में व्यवसायों, उद्यमियों और हितधारकों के लिए, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में भागीदारी केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। यह आयोजन उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों से जुड़ने, नवीनतम तकनीकी प्रगति का पता लगाने और खाद्य उद्योग के भविष्य को आकार देने वाली उपभोक्ता की उभरती प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अवसरों का एक अनूठा संगम प्रदान करता है।

इसके अलावा, वर्ल्डफूड इंडिया 2024 नेटवर्किंग और साझेदारी-निर्माण का अवसर प्रदान करेगा, जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक संगम-स्थल के रूप में काम करेगा, जिससे कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम का विस्तृत प्रदर्शनी स्थल, विषयगत सत्र और आपसी-संवाद मंच प्रतिभागियों को जटिल वैश्विक खाद्य परिदृश्य को समझने के लिए आवश्यक उपकरण एवं ज्ञान प्रदान करता है, साथ ही प्रतिभागियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को सम्मानित वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करता है।

स्टार्ट-अप्स के उत्साह और सरलता से प्रेरित होकर, मेरे मंत्रालय ने स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण का अनावरण किया है। यह शानदार पहल भारत के कृषि-खाद्य और संबद्ध क्षेत्रों में आमूल-चूल बदलाव को उत्प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कचरे के मूल्य निर्धारण, पौष्टिक और अमृतमय खाद्य उत्पादों के निर्माण एवं जल उपयोग दक्षता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करके, यह चैलेंज नवाचार की क्रांति को शुरू करने का लक्ष्य रखता है, जिससे इस क्षेत्र को परिवर्तनकारी क्षमता से भरे भविष्य की ओर आगे बढ़ने में गति मिलेगी। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। दूरदर्शी दिग्गजों का यह समागम एक सुरक्षित, सुदृढ़ खाद्य प्रणाली बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प के लिए एक अदम्य प्रमाण के रूप में कार्य करेगा, जहां प्रत्येक हिस्सा सतर्कता से अटूट समर्पण के साथ संरक्षित होगा। इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से, हम खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों पर विजय पाने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए अपनी साझी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जहां भोजन न केवल सुरक्षित हो, बल्कि सभी के लिए विश्वास और पोषण का आदर्श हो। यह वैश्विक सहयोग और प्रगति के सार को दशार्ता है, जो हमारे सबसे गहन मूल्यों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के भव्य ताने-बाने में, विशेष ध्यान के केंद्र-बिंदु परिवर्तनकारी बदलाव के वास्तविक प्रकाश-पुंज के रूप में खड़े हैं, जो देश के खाद्य क्षेत्र को एक शानदार भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। खाद्य विकिरण, खाद्य-उत्पादों की सुरक्षा और शेल्फ लाइफ की दोहरी पवित्रता सुनिश्चित करता है और हमारे भोजन को दूषित होने से बचाता है।

## अलग बात

# भीड़ को न्यौता देती टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें

भारत का टोल रोड नेटवर्क वर्ष 2023 में 45,428 किलोमीटर तक विस्तारित हो गया, जो वर्ष 2019 के 25,996 किलोमीटर से 75% विस्तारित है। इस विस्तार के बावजूद चुनौतियाँ बनी हुई हैं, क्योंकि हालिया डेटा टोल संग्रह में विलम्ब को दशार्ता है, जो यातायात भीड़ में योगदान देता है। सड़क यात्रा दक्षता और राजस्व संग्रह को बढ़ाने के लिए इन चुनौतियों का समाधान आवश्यक है, जिसके लिए वर्तमान उपायों के विश्लेषण और अतिरिक्त समाधानों की आवश्यकता है। आज भारत की टोल प्रणाली के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ भीड़भाड़ और विलम्ब हैं। फास्टैग सिस्टम शुरू होने के बावजूद, टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें और देरी बड़ी समस्या बनी हुई है। तकनीकी गड़बड़ियाँ और कुछ क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान विधियों का कम इस्तेमाल इस समस्या को और बढ़ा देता है। उदाहरण के लिए, टोल प्लाजा में निरंतर लगने वाला ट्रैफिक जाम। उच्च परिचालन लागत में टोल प्लाजा के संचालन और रखरखाव की लागत, जिसमें कर्मचारियों का वेतन, बुनियादी ढाँचे का रखरखाव और प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है, वित्तीय बोझ को बढ़ाती है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। टोल डेटा में विसंगतियों (जैसे डेटा में हेरफेर और रिपोर्ट किए गए और वास्तविक ट्रैफिक के बीच भारी अंतर) का खुलासा किया गया है, जैसे कि पुणे एक्सप्रेस-वे पर। टोल दरों में असमानता, अलग-अलग क्षेत्रों और राजमार्गों के हिस्सों में टोल दरों में भिन्नता और वाहन के प्रकारों के आधार पर असंगत मूल्य निर्धारण, यात्रियों के बीच भ्रम और असंतोष उत्पन्न करते हैं। टोल मूल्य निर्धारण के लिए पारदर्शिता और स्पष्ट तर्क की कमी जनता के असंतोष को बढ़ाती है। बुनियादी ढाँचे के एकीकरण का अभाव होने से कई टोल सड़कें, राष्ट्रीय सड़क नेटवर्क या शहरी परिवहन प्रणालियों के साथ एकीकृत नहीं हैं, जिसके कारण अकुशलताएँ उत्पन्न होती हैं। भारत की टोल प्रणाली की चुनौतियों से निपटने के लिए शुरू की गई सरकारी पहलें फास्टैग कार्यान्वयन के माध्यम से राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली, कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देती हैं और स्वचालित टोल शुल्क कटौती के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके टोल प्लाजा पर भीड़ को कम करती हैं और अब यह सभी वाहनों के लिए अनिवार्य है। एक राष्ट्र, एक फास्टैग पहल ने देशभर में टोल संग्रह को मानकीकृत किया, जिससे राजमार्ग संचालक या राज्य की परवाह किए बिना सभी टोल प्लाजाओं पर फास्टैग की अंतर-संचालन क्षमता सुनिश्चित हुई, जिससे यात्रियों को एक सहज अनुभव मिला और टोल शुल्क पर भ्रम कम हुआ। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



डॉ. सत्यवान सौरभ

## देश की बात

# दुनिया में अमनचैन, अयुद्ध व शांति का उजाला हो

अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस सभी देशों और लोगों के बीच स्वतंत्रता, अहिंसा, सह-जीवन, शांति और खुशी का एक आदर्श संकल्प माना जाता है। यह दिवस मुख्य रूप से पूरी पृथ्वी पर शांति और अहिंसा स्थापित करने के लिए मनाया जाता है। किंतु यह काफी निराशाजनक है कि आज इंसान दिन-प्रतिदिन इस शांति से दूर होता जा रहा है। आज चारों तरफ फैली राष्ट्रों की महत्वाकांक्षाएं एवं बाजारवाद ने शांति को व्यक्ति से और भी दूर कर दिया है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो विश्व शांति का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन इसको अमल में लाने वालों की संख्या बेहद कम होती जा रही है। इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषतः विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने-अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना होगा है। अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस-2024 की थीम है शांति की संस्कृति का विकास। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा शांति की संस्कृति पर घोषणा और कार्यक्रम को अपनाए जाने की 25वीं वर्षगांठ है। आज दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से शांति खतरे में हैं। रूस-युक्रेन और इस्राइल-गाजा का लम्बे दौर से चल रहा युद्ध शांति की बड़ी बाधा है। युद्धों का मानव जीवन, पर्यावरण एवं विकास पर सबसे घातक असर पड़ रहा है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बन रहा हैं जो शांतिपूर्ण जीवन को संभव नहीं होने देता। दुनिया में अनेक ऐसे विध्वंसक देश हैं, जो आतंकवाद, युद्ध एवं पडोसी देशों में अशांति फैलाने की राहों को चुनते हुए अपनी बबार्दी के साथ अन्य देशों में अशांति की कहानी लिख रहे हैं। पाकिस्तानी नेतृत्व ने भारत में आतंकवाद फैला कर लिखी अपनी बबार्दी की दास्तां, जिसे अब उसकी खुद की जनता झेल रही है। भारत शांतिप्रिय देश है, वह खुद शांति चाहता है और दुनिया में शांति की स्थापना के लिये निरन्तर प्रयत्नशील रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस- 21 सितंबर, 2024






## बोधि वृक्ष

**जब कभी संसार में अच्छाई एवं बुराई का स्पन्दनिक सन्तुलन, मनुष्य के गलत विचारों और कार्यों से हुए हानिकारक स्पन्दनों के संचय होने से बिगड़ जाता है, तो आप विनाश लीलाएँ देखेंगे।**

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा

प्रकृति में जो विध्वंस करने वाले और जन-समूहों को क्षति पहुँचाने वाले आकस्मिक विनाश होते हैं, 'वे ईश्वर के कार्य' नहीं हैं। ऐसे विनाश मनुष्य के विचारों एवं कार्यों का परिणाम हैं। जब कभी संसार में अच्छाई एवं बुराई का स्पन्दनिक सन्तुलन, मनुष्य के गलत विचारों और कार्यों से हुए हानिकारक स्पन्दनों के संचय होने से बिगड़ जाता है, तो आप विनाश लीलाएँ देखेंगे। युद्ध भाग्यवश किसी दैवी कार्य द्वारा नहीं होते बल्कि व्यापक भौतिक स्वार्थ द्वारा होते हैं। अपने व्यक्तिगत, औद्योगिक, राजनीतिक एवं राष्ट्रीय स्वार्थों को समाप्त कर दें तो भविष्य में आपको और युद्धों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सम्पूर्ण संसार में विद्यमान आधुनिक अराजक स्थितियाँ नास्तिकतापूर्ण आदर्शों के अनुसार जीवन बिताने का परिणाम हैं। व्यक्तियों एवं राष्ट्रों को पूर्ण विनाश से सुरक्षित किया जा सकता है, यदि वे भाईचारे, औद्योगिक सहयोग और सांसारिक पदार्थों एवं अनुभवों के अन्तर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान के दिव्य आदर्शों पर आधारित जीवन जीयें। मेरा विश्वास है कि एक समय आएगा जब और भी अधिक आपसी समझ से हमारी सभी विभाजक रेखाएँ मिट जाएँगी। हम सारी पृथ्वी को अपना देश कहेंगे; और हम न्याय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सभा की प्रक्रिया द्वारा स्वार्थरहित होकर, लोगों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार संसार की वस्तुओं का वितरण कर सकेंगे।**(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**पहरेदारी कर रहे, चारों पहरेदार।**
**फिर भी देखो लुट रहा, सरेआम बाजार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## आपकी बात

# सत्ता का अहंकार व आम आदमी का हाल?

हमारे साथ दिक्कत यह है कि जो सत्ता के शीर्ष पर होते हैं, वह ऑटोमेटिकली जीनियस हो जाते हैं, उन्हें लगता है कि वह जो कुछ भी कर रहे हैं। सिर्फ वही श्रेष्ठतम है, उसके अलावा कुछ भी होता तो वो गलत होता और तब यह शीर्षस्थ लोग अपने मत से अलग कुछ भी कहने वालों को घटिया मानसिकता का या देशद्रोही का या यथास्थितिवादी का तमगा दे देते हैं। एक बात और है कि यूँ तो बहुत सारे लोग अध्ययनशील होते होंगे। लेकिन अध्ययनशीलता और जिंदगी की प्रैक्टिकलिता, इन दोनों चीजों में तालमेल बिठा पाने वाले, इन दोनों चीजों के जोड़ को युक्तिसंगत बनाने वाले विचारों का उनमें प्रादुर्भाव हो ही, यह कतई जरुरी नहीं होता। हम लोग भी कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपनी सारी जिंदगी विभिन्न विषयों का सिलसिलेवार अध्ययन किया है। सही गलत का अर्थ भी समझते हैं, बहुत कठिनाइयों से विभिन्न व्यापारों द्वारा अथोर्पार्जन करते हुए उन समस्त क्षेत्रों की दुरुहताओं को व्यापक रूप से समझते हुए बहुत सारी प्रैक्टिकिलिटी को जाना व समझा है और कहीं न कहीं देश के लिए एक सुस्पष्ट विजन भी रखते हैं। लेकिन सवाल यह है कि वास्तव में विजन रखने वाले लोगों के लिए क्या कोई प्लेटफार्म उपलब्ध है? किन्ही मंचों द्वारा हम अपनी आवाज रखने का प्रयास भी करते हैं तो चुँकि हम दुनियावी तौर पर कुछ भी नहीं है। इसलिए हमारी आवाज का हमारे विजन का कोई प्रभाव या महत्व लोगों पर परिलक्षित नहीं होता और सत्ताधिकारियों तक तो हमारी आवाज पहुँचती ही नहीं। तीसरी बात, सत्ता का तौर तरीका अब कुछ ऐसा हो गया है कि वह मनमाफिक तरीके से काम ही नहीं करती, बल्कि अपने समर्थकों द्वारा और विभिन्न संचार के माध्यमों द्वारा जनमाध्यम पर छा जाना चाहती है। जनमानस को अपने अनुकूल कर लेना चाहती है और जो कोई उसके अनुकूल नहीं दिखाई देता, उसे उसकी 'असली' जगह पहुंचा देने में भी सत्ता को कोई गुरेज नहीं होता। तो समस्या दरअसल यही है कि दुनिया की हर एक सत्ता को अपने जीनियस होने का अहंकार बहुत बुरी हद तक होता है और उसे अपने अलावा हर तरह के मतभिन्नता वाले लोग निहायत ही दोयम मालूम पड़ते हैं। उसी प्रकार हम समझते हैं कि वास्तव में नोट-बंदी एक ऐसा कदम साबित हुआ है। जिसमें खोदा तो पहाड़ गया है, मगर निकली चुहिया भी नहीं। उसी प्रकार अर्थव्यवस्था का डिजिटाइजेशन एक बहुत बुरा कदम साबित होने जा रहा है जीडीपी के लिए, बेहतर हकीकत तो यह है कि पुरानी व्यवस्था में भी ऐसी कोई कमी नहीं थी ,बल्कि उसमें भी यही बदलाव करते हुए सिर्फ उसे कड़ाई से लागू कर दिया जाता, तो सरकार को पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता। क्योंकि शायद ही सरकारों को यह मालूम हो कि इस जीएसटीएन के चक्कर में पूरे देश के समस्त व्यापारियों की करोड़ों रुपए की स्टेशनरी जो वैट नंबर के नाम से छपी हुई थी, एकदम से एक पल में बर्बाद हो गई और अब इस सारी स्टेशनरी के लिए नए सिरे से करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं डिजिटाइजेशन के लिए कंप्यूटर-लैपटॉप-प्रिंटर इन सबों का खर्चा अलग से हो रहा है, क्योंकि जिस प्रकार की अंदरूनी व्यवस्था जीएसटीएन के अंदर है। उसमें बगैर कंप्यूटराइजेशन काम के हिसाब-किताब निकालना ही असंभव हो जाएगा और अब व्यापारी के व्यापार का एक बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ हिसाब-किताब करने पर ही खर्च होगा, निश्चित तौर पर इस से व्यापार में कुछ हानि होगी और यह हानि भी तो दरअसल राजस्व की हानि ही हुई। सबसे बढ़कर बात यह है कि कंप्यूटर लैपटॉप इत्यादि में कुल खर्चा कम से कम 50000 का है और उसके अलावा वकील को दिया जाने वाला खर्च वगैरह मिलाकर हर व्यापारी की अर्थव्यवस्था पर जो बोझ पड़ रहा है, वह मंझोले स्तर के करोड़ों व्यापारियों के लिए कमर तोड़ देने वाला सिद्ध हो रहा है। इन सब से बेहद आसानी से बचा जा सकता था केवल पुरानी व्यवस्था में विभिन्न सुधार करके, लेकिन होता यह है कि सरकार के ही कारिंदे/अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी फरमान या कानूनों को लागू ना होने देने की एवज में संबंधित क्षेत्रों से मनमाना 'निजी-शुल्क' हासिल करते हैं। निजी शुल्क देने के बाद (जिसे एक शब्द में रिश्वत कहा जाता है) व्यापारी हों या कोई और ,वो सब के सब अपना मनमाना सब कुछ करने के लिए मुक्त हो जाते हैं। तो जब किस क्षेत्र में कभी कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होती उसमें एक व्यापक झोल, एक व्यापक व्यतिक्रम, एक व्यापक ढीला-ढालापन पैदा हो जाता है, जो किसी भी क्षेत्र में हो। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



राजीव थेपड़ा
रांची, झारखंड।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तिरुपति प्रसादम मामले में स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र सरकार से मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम में पशु चर्बी की मिलावट को लेकर आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट तलब की है। जेपी नड्डा के शुक्रवार को मीडिया के एक सवाल पर कहा कि डिजिटल मीडिया से जानकारी मिली कि प्रसादम में पशु की चर्बी सहित अन्य तामसिक पदार्थ की मिलावट पाई गई है। इस संबंध में हमने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से जानकारी मांगी है। साथ ही प्रसादम में मिलावट की पुष्टि करने वाली लैब जांच रिपोर्ट भी मांगी है। इसके अलावा स्थानीय फूड रेगुलेटर से भी प्रसादम मामले की रिपोर्ट तलब की है। नड्डा ने कहा कि मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## किस प्रसाद में क्या मिला है, इसकी जांच भाजपा शासित राज्यों से हो : प्रियांक

**कर्नाटक।** तिरूपति प्रसादम विवाद के बाद भाजपा ने कर्नाटक के सभी मंदिरों के प्रसाद की जांच की मांग की है। इस पर कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा कि उन्हें सभी भाजपा शासित राज्यों से शुरूआत करनी चाहिए और देखना चाहिए की किस प्रसाद में क्या मिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि तिरूपति प्रसादम मामले में जांच होनी चाहिए और सच्चाई सबके सामने आनी चाहिए। इन सभी विषयों के लिए खाद्य नियंत्रण विभाग और संबंधित विभाग के प्रमाणीकरण की क्या प्रक्रिया है, इसकी जांच करनी चाहिए और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसे दंडित किया जाना चाहिए।



## मिलावट सुनियोजित साजिश का हिस्सा : नकवी

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिलावट को आस्था पर आक्रमण और विश्वासघात का मामला बताया है। उन्होंने दावा किया कि इसे सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दिया गया। मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि, यह शुद्ध रूप से आस्था पर आक्रमण और विश्वास के साथ विश्वासघात का मामला है। जिस तरह से जानबूझकर के एक बहुत सुनियोजित साजिश और षड्यंत्र के तहत या किसी व्यापारी हितों के ध्यान में रखकर आस्था पर आक्रमण हुआ है। उसके जो गुनहगार हैं, उनको सजा मिलनी चाहिए।

## जानबूझ कर लंबे समय से हो रहा हिंदू भावनाओं से खिलवाड़ : बजरंग बगड़ा

**नई दिल्ली।** विहिप के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग बागड़ा ने कहा कि, हिंदुओं की भावनाओं के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ जानबूझ कर और लंबे समय से किया जा रहा है। इससे पूरे हिंदू समाज में आक्रोश की लहर है। हिंदुओं की आस्था पर बार-बार हो रहे इस प्रकार के हमलों को हिंदू समाज अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। भगवान तिरुपति मंदिर के प्रसाद में जिस प्रकार विभिन्न पशुओं का मांस मिलाया गया, यह अत्यंत घृणित एवं असहनीय कृत्य है।

# लालू परिवार की बढ़ी मुश्किल सीबीआई को मिली जांच की मंजूरी

**एजेंसी। पटना**




राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई को उनके खिलाफ जांच की मंजूरी दे दी है। जांच एजेंसी ने मंजूरी की कॉपी राउज एवेन्यू कोर्ट में जमा करा दी है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। इसके अलावा, सीबीआई ने इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच की अर्जी भी गृह मंत्रालय को दे रखी है। जांच एजेंसी को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें यह मंजूरी मिल जाएगी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट की ओर से इन सभी को 8 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा गया है। तेज प्रताप यादव को पहली बार इस मामले में समन मिला है। इस मामले में 30 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ जांच की मंजूरी का इंतजार सीबीआई को है। सीबीआई ने अन्य आरोपियों की मंजूरी के लिए 15 दिन का और समय मांगा है।

# मार्च 26 से पहले समाप्त कर देंगे नक्सलवाद : अमित शाह

▸ बस्तर शांति समिति ने नक्सल पीड़ितों की व्यथा दर्शाने वाली डॉक्यूमेंटरी दिखाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर देगी। शाह ने वामपंथी उग्रवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की और कहा कि अन्यथा उनके खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। इनमें बस्तर शांति समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के नक्सली हिंसा से प्रभावित 55 लोग शामिल थे। बस्तर शांति समिति ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से पीड़ित लोगों की व्यथा को दर्शाने वाली एक डॉक्यूमेन्टरी भी दिखाई। नक्सली हिंसा से पीड़ित कुछ लोगों ने गृह मंत्री को अपनी व्यथा भी बताई। नक्सली हिंसा से पीड़ित लोगों से संवाद के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की हिंसा के शिकार ये लोग अपने मानव अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। इनकी पीड़ा देख मन अत्यंत व्यथित है। उन्होंने कहा, मानवता के दुश्मन नक्सलवाद ने कैसे इन लोगों के जीवन को उजाड़ दिया। इनका यह दुख ह्यूमन राइट्स का एक तरफा शोर मचाने वाले लोगों के दोगलेपन को भी दर्शाता है।

## ह्यूमन राइट्स वालों को नक्सल पीड़ितों का मानवाधिकार नहीं दिखता

गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों के मानवाधिकार का पक्ष लेने वालों को इससे पीड़ित होने वालों का मानवाधिकार देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए उग्रवादियों के ह्यूमन राइट्स की बात करने वाले लोगों को बिना आंख, बिना हाथ, बिना पैर के जीवन जीने के लिए मजबूर इन लोगों के ह्यूमन राइट्स नजर नहीं आते। उन्होंने नक्सलियों से अपील किया कि वे कानून के सामने आत्मसमर्पण करें और अपने हथियार छोड़ दें। पूर्वोत्तर और कश्मीर में कई जगहों पर कई लोगों ने अपने हथियार छोड़ दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आपका भी स्वागत है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हम इसके खिलाफ अभियान शुरू करेंगे और इसमें सफलता भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण, वामपंथी उग्रवाद अब छत्तीसगढ़ में बस्तर के कुछ जिलों तक सीमित होकर रह गया है।

## मानवता व देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है नक्सलवाद

शाह ने कहा कि नक्सलवाद, मानवता और देश की आंतरिक सुरक्षा, दोनों के लिए खतरा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार वामपंथी उग्रवाद से पीड़ित लोगों के समग्र विकास के लिए अगले तीन महीनों में योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को चिकित्सा, रोजगार और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ मिल सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के माध्यम से मोदी सरकार ने नक्सलियों को संदेश दिया है कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट जज की विवादास्पद टिप्पणियों

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ ने लिया, जिसमें भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी शामिल हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट में जस्टिस वेदव्यासाचार स्त्रीशानंद ने एक मामले की सुनवाई के दौरान एक महिला वकील के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की थी और बेंगलुरू के एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र को 'पाकिस्तान' कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट से स्पष्टीकरण मांगा है। इसके साथ ही, कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को भी इस मामले में सहायता के लिए बुलाया है।

# पूर्व एमएलसी के घर से चार करोड़ और दस हथियार मिले

▸ बरामद रकम बैंक लोन है, उसका पूरा हिसाब हमारे सीए देंगे

**एजेंसी। पटना/गया**




एनआई की टीम ने बिहार में जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर चार करोड़ तीन लाख रुपये की नकदी बरामद की है। एजेंसी ने गुरुवार सुबह 6:00 बजे उनकी घर पर छापा मारा था। यह कार्रवाई लगभग 20 घंटे तक चली। एनआईए की विज्ञप्ति में कहा गया है कि घर से चार करोड़ तीन लाख रुपये बरामद हुए हैं। इसके अलावा विभिन्न बोर के 10 हथियार भी मिले हैं। विज्ञप्ति में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल दस्तावेज बरामद होने की भी जानकारी दी गई। एनआईए ने बताया गया कि अगस्त, 2023 में औरंगाबाद जिले से दो नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई थी। उनसे मिले इनपुट के आधार पर उस समय छह लोगों की गिरफ्तारी की गई थी। तब से तहकीकात चल रही थी। इसी क्रम में मनोरमा देवी के गया स्थित तीन ठिकानों पर छापा मारा गया। शहर के एपी कॉलोनी स्थित उनके आवासे से यह सब बरामदगी हुई है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। छापा खत्म होने के बाद मनोरमा देवी मीडिया के सामने आईं। उन्होंने बताया कि अचानक सुबह 6:00 बजे एनआईए की टीम पहुंची और तलाशी लेने लगी। हमने पूरा सहयोग किया। जो रकम बरामद हुई है, वह बैंक लोन की है। उसका पूरा हिसाब किताब है। डिटेल हमारे चार्टर्ड अकाउंटेंट देंगे। हथियार हमारे गार्डों के हैं। उनके दस्तावेज हमारे पास हैं।

# बजरंग दल ने किया बीजेपी दफ्तर का घेराव

**एजेंसी। पटना**



बजरंग दल के सह संयोजक अभिषेक राजा की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकतार्ओं ने पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव किया। पटना के पास फुलवारी शरीफ इलाके में गौरक्षा के लिए काम करने वाले अभिषेक राजा समेत बजरंग दल के कुछ कार्यकतार्ओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभिषेक राजा की रिहाई की मांग को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता धरना दे रहे और नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमारे कुछ साथियों को गौरक्षा के आरोप में जेल में डाल दिया गया है। भाजपा सरकार गौरक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ जब हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता गौरक्षा के लिए काम करते हैं, तो उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। इसलिए हम उनकी नीति जानना चाहते हैं। हमारा उनसे सवाल है कि यह सरकार स्पष्ट करे कि गौरक्षा करनी है या नहीं। अगर हमें जवाब नहीं मिला, तो हम सड़कों पर उतरेंगे। हम इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे और सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कहा कि अभिषेक राजा ने फुलवारी शरीफ में सौ से ज्यादा गायों को बचाया है। तीन सितंबर को फुलवारी शरीफ में गौ तस्कर एक ट्रक में 46 गायों और उनके बछड़ों को भरकर ले जा रहे थे। इसमें कई गायों की मौत हो गई और कई घायल हो गईं। बजरंग दल के कार्यकतार्ओं ने ट्रक को पकड़ लिया और घायल गायों का संगत आश्रम में इलाज करवाया। चार सितंबर को पुलिस ने 38 गायों को जब्त किया, लेकिन 8 गायों की मौत हो गई । इसको लेकर बजरंग दल के कार्यकतार्ओं और गौ तस्करों के बीच झड़प भी हुई। इसमें 31 लोगों को हिरासत में लिया गया।

## नाबालिग से दुराचार का प्रयास करने वाला मौलाना गिरफ्तार

**बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका से दुराचार का प्रयास करने वाले मौलाना को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि यह पूरा मामला 18 सितम्बर का है। कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लड़की अपने भाई की तबीयत खराब होने पर पानी फुंकवाने के लिए मोहल्ले में रहने वाले मौलाना हबीब अहमद के घर आयी थी। आरोप है कि हबीब अहमद ने अकेला पाकर लड़की से छेड़छाड़ व दुराचार की हरकत किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनों के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**सिंह :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**धनु :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मकर :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

## मणिपुर में बड़ी तबाही टली, भारतीय सेना ने सात आईईडी किया बरामद

**कोलकाता।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के बोंगजंग और इथम गांवों के पहाड़ी क्षेत्रों में भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने एक व्यापक अभियान में सात इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए हैं। इससे बड़ी आपदा टल गई और कई निर्दोष लोगों की जान बच गई। कोलकाता स्थित पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम से बताया गया है खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस की टुकड़ियों ने तेजी से कार्रवाई की और सेना के विस्फोटक खोजी कुत्तों के साथ मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस अभियान के दौरान लगभग 28.5 किलोग्राम वजन के सात आईईडी बरामद किए गए। भारतीय सेना के इंजीनियर्स की टीम ने इन आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया। इस सफलता से संभावित बड़े हादसे को रोका गया और निर्दोष नागरिकों की जान बचाई गई। इससे पहले, 20 जुलाई 2024 को इंफाल पूर्वी जिले के सैचांग इथम के पहाड़ी क्षेत्रों से 33 किलोग्राम वजन के आठ आईईडी बरामद किए गए थे। वहीं सुरक्षा बलों ने छापेमारी के दौरान पश्चिमी इंफाल जिले से प्रतिबंधित गुट केवाईकेएल के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

## 82 साल के नेता का निरादर करने की क्या जरूरत : प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के विवादास्पद बयानों के बाद मचा सियासी घमासान जारी है। एक तरफ जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चिट्ठी पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। वहीं, अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने खरगे की चिट्ठी पर नड्डा के जवाब पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि एक वरिष्ठ जननेता का निरादर करने की क्या जरूरत थी?

# महादलितों के घर जलने के मामले में तेजस्वी और मांझी आमने-सामने

**एजेंसी। पटना**



बिहार के नवादा में दलित के घरों में आग लगाए जाने की घटना को लेकर सियासत जारी है। हिंदुस्तान आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने कहा था कि दलितों के घर जलाए जाने की घटना में यादवों का हाथ है। इसके बाद तेजस्वी यादव ने कहा था कि जीतन राम मांझी और उनका बेटा आरएसएस और भाजपा से पढ़ रहे हैं। जो लिखकर दिया जाता है, वही वे पढ़ते हैं। इसपर शुक्रवार को जीतन राम मांझी ने पलटवार किया। उन्होंने तेजस्वी यादव की शिक्षा पर सवाल उठाते हुए चूंकि वे खुद पढ़े नहीं हैं, इसलिए पढ़ाई का मर्म क्या जानें। हम लोग शेड्यूल कास्ट के सबसे नीचे तबके के लोग हैं। हम लोगों को पढ़ने जाने में दिक्कत होती थी, भूखे-प्यासे पढ़ते थे। अपने मेरिट से मैट्रिक पास किया, ग्रेजुएशन किया। उसी प्रकार से मेरा बेटा भी पढ़ा है। आज कॉलेज में प्रोफेसर है तो आरएसएस से इनका क्या सवाल है? इधर, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और मंत्री जनक राम का कहना है कि नवादा की घटना मानवता और सामाजिक सद्भाव पर गंभीर हमला है। मंत्री जनक राम ने कहा कि दलित समुदाय के साथ इस प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस मामले में 25 से ज्यादा लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# कार्यस्थल पर थकान और अनिद्रा बर्नआउट के शुरुआती संकेत : विशेषज्ञ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पुणे में काम के दबाव के कारण एक युवा सीए की मौत की खबरों के बीच गुरुवार को विशेषज्ञों ने कहा कि थकान, नींद न आना और बार-बार बीमार पड़ना कार्यस्थल पर तनाव के कारण बर्नआउट और थकावट के शुरुआती संकेत हैं। इन पर नजर रखनी चाहिए तथा मदद लेनी चाहिए। एना सेबेस्टियन पेरायिल (26) की मौत काम के बहुत ज्यादा दबाव के कारण हुई। मृतक की मां अनीता ऑगस्टीन ने चेयरमैन राजीव मेमानी को लिखे पत्र में यह दावा किया है। पत्र में कहा गया कि पेरायिल ने अकाउंटिंग फर्म में चार महीने तक काम किया। लेकिन, उसके अंतिम संस्कार दौरान भी ऑफिस से कोई मौजूद नहीं था। इस साल की शुरुआत में हिंदुस्तान टाइम्स के लिए काम करने वाले मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार सतीश नंदगांवकर का दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। दिल का दौर पड़ने से पहले उन्हें ऑफिस में अपमानित किया गया था। एक अन्य मामले में, मैकिन्से एंड कंपनी में काम करने वाले 25 वर्षीय सौरभ कुमार लड्ढा ने कथित तौर पर काम के दबाव को झेलने में असमर्थ होने के कारण मुंबई में अपनी इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। इस सूची में और भी कई नाम शामिल हो सकते हैं। बेंगलुरु स्थित एस्टर व्हाइटफील्ड अस्पताल में लीड कंसल्टेंट और एचओडी, इंटरनल मेडिसिन, डॉ. सुचिस्मिता राजमन्या ने आईएएनएस को बताया कि लगभग हर हफ्ते, "लगभग 6 से 10 मरीज तनाव और थकावट की शिकायत करते हैं। राजमन्या ने कहा, "बर्नआउट और थकावट के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकते हैं, और शारीरिक रूप से ये लक्षण क्रोनिक थकान, अनिद्रा के साथ-साथ बार-बार बीमार पड़ने के भी हो सकते हैं। विशेषज्ञ ने बताया कि तनाव, झुंझलाहट, भावनात्मक थकावट, खुद की उपस्थिति को बनाए रखने में प्रेरणा में कमी, काम के प्रदर्शन में कमी अनिच्छा के रूप में भी प्रकट हो सकता है। व्यक्ति एकाग्रता और स्मृति समस्याओं से भी जूझ सकते हैं। राजमन्या ने कहा, "यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि खुद को 'उस बिंदु तक पहुंचने' से रोकें और इसलिए जब कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो मदद की आवश्यकता को पहचानें। कार्यस्थल मूल्यांकन और मान्यता संगठन ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की हाल ही में आई रिपोर्ट से पता चला है कि हर चार में से एक कर्मचारी को कार्यस्थल पर तनाव, बर्नआउट, चिंता या अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में बात करने में कठिनाई होती है। बर्नआउट एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गया है। 56 प्रतिशत कर्मचारी इससे प्रभावित हैं। अध्ययनों ने कार्यस्थल पर तनाव के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों को भी दिखाया है। जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि नौकरी का तनाव असंतुलन एट्रियल फाइब्रिलेशन (एएफआईबी) विकसित होने के जोखिम को काफी बढ़ा सकता है। परामर्श मनोवैज्ञानिक और संस्थापक दिव्या मोहिंद्रू ने आईएएनएस को बताया कि भावनात्मक रूप से सोचने के बजाय अधिक व्यावहारिक रूप से सोचना और अपनी भावनाओं और व्यावहारिक जीवन के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कुछ उपाय सुझाए, जो कोई व्यक्ति अपने जीवन में तनाव के प्रभाव को कम करने के लिए उठा सकता है। मोहिंद्रू ने कहा, पूरे दिन खुद को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखें, पौष्टिक भोजन खाएं और 45 मिनट का व्यायाम करें। इससे आप खुश और अच्छा महसूस करेंगे।

# शादी के दवाब से बचने के लिए लड़की ने रची अपहरण की साजिश

**एजेंसी। नोएडा**



नोएडा में उस समय सनसनी मच गई जब दिनदहाड़े एक लड़की के अपहरण होने की सूचना पुलिस को मिली। उसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में कई टीमों का गठन किया और लड़की के मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया। जिसके बाद पुलिस ने लड़की को सकुशल निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है। दरअसल, नोएडा के थाना-113 में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक लड़की के अपहरण करने की सूचना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया। युवती के भाई ने जिस जगह घटनास्थल बताया था, उस जगह के फुटेज में पुलिस को कुछ नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। पुलिस ने लड़की के फोन को सर्विलांस पर लगाया और उसकी तलाश शुरू की। युवती के भाई ने बताया था कि अपहरण के बाद उसकी बहन से उसकी बात हुई है। डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि जैसे ही पुलिस को लड़की के अपहरण होने की सूचना प्राप्त हुई तुरंत कई टीमों का गठन किया गया और लड़की को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ढूंढ निकाला गया। लड़की से जब पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि उस पर घरवालों ने शादी करने का प्रेशर बनाया हुआ था। जिसके कारण उसने अपहरण की पूरी योजना बनाई और वो घर से भाग जाना चाहती थी। वो बस से निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन भी पहुंच गई थी। वह अपना भविष्य बनाना चाहती है। इसलिए उसने अपने अपहरण की साजिश रची थी।

## ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया पुरुष फुटबॉल कोच के पद से इस्तीफा दिया



एजेंसी

**मेलबर्न।** ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया के 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की निराशाजनक शुरुआत के बाद उनके छह साल के दूसरे कार्यकाल का अंत हो गया है। बहरीन से 1-0 की घरेलू हार और उसके बाद इंडोनेशिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ ने टीम की दिशा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी थीं। आर्नोल्ड ने फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन के समर्थन के बावजूद एक सप्ताह पहले ही अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। जॉनसन ने 61 वर्षीय कोच का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया था, उनका मानना था कि वह अभी भी टीम को वापस पटरी पर ला सकते हैं। हालांकि, आर्नोल्ड को लगा कि बदलाव का समय आ गया है। "मैंने इंडोनेशिया के खिलाफ़ हमारे मैच के बाद कहा था कि मुझे कुछ फ़ैसले लेने हैं, और गहन चिंतन के बाद, मेरे अंतर्मन ने मुझे बताया कि बदलाव का समय आ गया है। आर्नोल्ड ने ईएफए द्वारा जारी एक बयान में कहा, ''मैंने देश, खिलाड़ियों और फ़ुटबॉल ऑस्ट्रेलिया के लिए जो सबसे अच्छा है, उसके आधार पर इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया है। मैंने अपनी भूमिका के लिए पूरी तरह से अपना सब कुछ दिया है, और मुझे अपने कार्यकाल के दौरान जो हासिल हुआ है, उस पर मुझे बहुत गर्व है। आर्नोल्ड का इस्तीफ़ा कई लोगों के लिए एक झटका था, ख़ास तौर पर कतर में 2022 विश्व कप के अंतिम 16 में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने में उनकी सफलता के बाद। उनके नेतृत्व में, सॉकरोस ने उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया, टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार दो ग्रुप-स्टेज मैच जीते।



**400 विकेट पूरे**
बुमराह ने अंतर्राष्ट्रीय 400 विकेट का आंकड़ा पूरा कर लिया है

# चेन्नई टेस्ट : दूसरे दिन का खेल खत्म भारत की कुल बढ़त 308 रन की हुई

एजेंसी

**चेन्नई ।** भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। भारतीय टीम ने शुक्रवार को खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 64 गेंदों में 33 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 13 गेंदों में 12 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे। इसके बाद बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमट गई थी। भारतीय टीम को 227 रन की बढ़त मिली थी। अब दूसरी पारी में 81 रन मिलाकर भारत की कुल बढ़त 308 रन की हो चुकी है। इस तरह भारतीय टीम मैच में मजबूत स्थिति दिख रही है। दूसरी पारी में भी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला एक बार फिर नहीं चला। रोहित मात्र पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल भी 17 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरी पारी में 28 रन पर भारतीय टीम ने दो विकेट गंवा दिए। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और शुभमन गिल ने पारी को संभाला और स्कोर को 50 रन के पार पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने से कुछ समय पहले कोहली के रूप में भारत को तीसरा झटका लगा।

कोहली 37 गेंद में 17 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हो गए। हालांकि बाद में रिव्यू में दिखा कि गेंद बल्ले से लगकर पैड पर लगी थी। कोहली ने रिव्यू नहीं लिया था। इसके बाद दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने और कोई विकेट नहीं गंवाया। दूसरी पारी में भारतीय टीम ने 3 विकेट पर 81 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल 33 रन और ऋषभ पंत 12 रन बनाकर नाबाद हैं।

## 149 रनों पर सिमटी बांग्लादेश की पहली पारी

**जसप्रीत बुमराह- 04 | आकाश दीप -02 | मो. सिराज -2 | रवींद्र जडेजा -2**

इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी 149 पर ही सिमट गई। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल 40 रनों के स्कोर पर शादमान इस्लाम 02 रन, जाकिर हसन 03 रन, कप्तान नजमुल हसन शांतो 20 रन, मुश्फिकुर रहीम 08 रन और मोमिनुल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद शाकिब अल हसन और लिटन दास ने छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 91 रनों तक पहुंचाया। रवींद्र जडेजा ने इसके बाद पहले लिटन दास और फिर शाकिब को पवेलियन भेज बांग्लादेश को गहरे संकट में डाल दिया। लिटन ने 22 और शाकिब ने 32 रन बनाए। इन दोनों के बाद बांग्लादेश की पारी जल्दी ही 149 रनों पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज 27 रन बनाकर नाबाद रहे। तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 11-11 रनों का योगदान दिया।भारतीय टीम की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 376 रन

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे। स्टार ऑलराउंडर रविंचद्रन अश्विन ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 133 गेंदों पर 113 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 2 छक्के और 11 चौके लगाए। वहीं रवींद जडेजा ने भी अच्छी पारी खेली और बेहतरीन 86 रन बनाए। जडेजा ने अपनी पारी में 2 छक्के और 10 चौके लगाए। इनके अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 39 रन, केएल राहुल 16 रन, रोहित शर्मा 6, विराट कोहली 6, जसप्रीत बुमराह 7, आकाश दीप ने 17 रन का योगदान दिया।

श्रीजेश ने एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर के नामांकन पर कहा

## यह हमारी मजबूत टीम की सामूहिक भावना का प्रतिबिंब

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश, जिन्होंने हाल ही में संन्यास लिया है, को पेरिस ओलंपिक 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद प्रतिष्ठित एफआईएच पुरुष गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 के लिए नामित किया गया है। अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में, श्रीजेश ने असाधारण कौशल और लचीलापन दिखाया, महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान महत्वपूर्ण बचाव किए, जिसके कारण भारत ने कांस्य पदक हासिल किया और 1972 के म्यूनिख ओलंपिक के बाद से पांच दशकों में पहली बार बैक-टू-बैक ओलंपिक पदक जीतने का ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया। नामांकन पर विचार करते हुए, श्रीजेश ने अपनी खुशी और गर्व साझा करते हुए कहा, "मैं एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे लिए एक विशेष पहचान है, खासकर तब जब मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपनी यात्रा समाप्त कर रहा हूं। पेरिस ओलंपिक एक भावनात्मक और अविस्मरणीय अनुभव था, और यह नामांकन हर मैच में की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून की याद दिलाता है। श्रीजेश का नामांकन पेरिस ओलंपिक में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद हुआ है, जहां वे गोलपोस्ट के सामने मजबूती से खड़े रहे, खासकर ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भारत के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान। अमित रोहिदास के रेड कार्ड के बाद टीम के 10 खिलाड़ियों तक सिमट जाने के बावजूद, श्रीजेश के महत्वपूर्ण बचाव और पेनल्टी शूटआउट में शांत व्यवहार ने भारत को 4-2 से जीत दिलाने और सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद की। उनके प्रदर्शन ने न केवल उनके साथियों को प्रेरित किया बल्कि दुनिया के सबसे बेहतरीन गोलकीपरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को भी मजबूत किया।



## राजस्थान रॉयल्स ने विक्रम राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, "रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है। मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।



राठौर ने 2019 से 2024 तक टीम के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे मैच खेले। उनके कार्यकाल में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने राष्ट्रीय टीम में सभी प्रारूपों में प्रमुखता हासिल की। आरआर के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, "कई वर्षों तक विक्रम के साथ मिलकर काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं।

## रणनीति भारतीय टीम के नए खिलाड़ियों पर अधिक केंद्रित है: हेजलवुड

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि इस साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए उनकी टीम की रणनीति भारतीय टीम के नए खिलाड़ियों पर अधिक केंद्रित होगी, जिनके खिलाफ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में ज्यादा नहीं खेला है। हेज़लवुड ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, "रणनीति शायद उन नए खिलाड़ियों पर ज़्यादा केंद्रित है जिनके खिलाफ़ हमने ज़्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, जैसे कि जायसवाल और शुभमन गिल, जिनका हमने सिर्फ़ कुछ बार सामना किया है। हम विराट, रोहित और अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ़ वर्षों से खेल रहे हैं, इसलिए हम जानते हैं कि क्या करना है।

## मालविका क्वार्टर फाइनल में अकाने यामागुची से हारी

एजेंसी

**चांगझोउ।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार मालविका बंसोड़ का बीडब्ल्यूएफ चाइना ओपन में शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को खत्म हो गया, क्योंकि वह क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची से हार गईं। यामागुची ने बंसोड़ को केवल 35 मिनट में 21-10, 21-16 से हराकर सीधे गेम में जीत हासिल की। हार के बावजूद, 22 वर्षीय बंसोड़ ने प्रतिष्ठित सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। विश्व में 43वें स्थान पर काबिज, वह दिग्गज पीवी सिंधु और साइना नेहवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला बन गईं। बंसोड़ ने



स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर पर तीन गेमों के रोमांचक मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-16 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इससे पहले टूर्नामेंट में उन्होंने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को हराया था।

## डेविस कप: इटली का सामना फाइनल आठ के पहले मैच में अर्जेंटीना से

**लंदन ।** मौजूदा डेविस कप चैंपियन इटली नवंबर में मलागा में फाइनल 8 नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए तैयार है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक धमाकेदार मुकाबले के लिए तैयार है। शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया है और वे 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के तटीय शहर मलागा में पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में मुकाबला करेंगे। विश्व नंबर एक जैनिक सिनर के बिना अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजयी रही इतालवी टीम नॉकआउट चरणों के लिए अपनी टीम को मजबूत करने की कोशिश करेगी। सिनर, जो ग्रुप चरण से चूक गए थे, अर्जेंटीना के खिलाफ इटली के क्वार्टर



फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं, जो पहले से ही प्रतिभा से भरी टीम में जोश भर देंगे। अर्जेंटीना ने ग्रेट ब्रिटेन और कनाडा जैसे दिग्गजों वाले कठिन ग्रुप को पार करके अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित किया। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के पास गत चैंपियन को चुनौती देने के लिए तैयार होने के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# यूएस फेड के फैसले और बैंकिंग सेक्टर में खरीदारी से शेयर बाजार ने रचा इतिहास

## 84 हजार को पार करके सेंसेक्स पहली बार 84,600 अंक के ऊपर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को मजबूती का नया इतिहास रच दिया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स पहली बार 84 हजार अंक के स्तर को पार करके 84,600 अंक के ऊपर पहुंचा और निफ्टी पहली बार 25,800 अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। इस तेजी के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी पहली बार 471.9 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। आज की तेजी के पीछे अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) से ब्याज दरों में की गई कटौती और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी मुख्य वजह रही। मार्केट एनालिस्ट शुभेंदु भट्टाचार्य के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती करने के बाद ग्लोबल मार्केट में भी तेजी का रुख बना है। यूएस फेड ने ब्याज दरों में आगे भी कटौती करने के संकेत दिए हैं। इस वजह से निवेशकों का सेंटीमेंट भी हाई बना हुआ है। सबसे





बड़ी बात ये है कि विदेशी निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद खुल कर खरीदारी शुरू कर दी है, जिससे ग्लोबल सेंटीमेंट्स भी मजबूत हुए हैं। इसका असर आज भारतीय शेयर बाजार के साथ ही एशियाई बाजारों में भी साफ नजर आ रहा है।

शुभेंदु भट्टाचार्य का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती करने के बाद अब भारतीय रिजर्व बैंक पर भी दरों में कमी लाने का दबाव बढ़ सकता है। माना जा रहा है कि दिसंबर में होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक से ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद की वजह से भी घरेलू शेयर बाजार के सेंटीमेंट्स आज पॉजिटिव बने रहे, जिसकी वजह से मुनाफा वसूली के दबाव का सामना करने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार नई ऊंचाई को छूने में सफल रहा। इसी तरह धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि घरेलू शेयर बाजार के सेंटीमेंट्स पहले से ही पॉजिटिव बने हुए हैं। खासकर बैंकिंग सेक्टर में पिछले सप्ताह से ही जोरदार खरीदारी हो रही है। निफ्टी का बैंक इंडेक्स लगातार सातवें दिन मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आया। पॉजिटिव सेंटीमेंट्स के कारण ही आज दिन के कारोबार में निफ्टी का बैंक इंडेक्स 53,357 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया। सितंबर के महीने में बैंक इंडेक्स में 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी आ चुकी है। आज भी एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा जैसे बड़े बैंकों के शेयरों में 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई, जिसने पूरे मार्केट सेंटीमेंट को तेज करने में बड़ी भूमिका निभाई।

प्रशांत धामी के अनुसार मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में भी आज जोरदार खरीदारी हुई। पिछले कुछ दिनों से मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में लगातार मुनाफा वसूली हो रही थी, लेकिन आज निवेशकों ने छोटे और मझोले शेयरों में भी जम कर पैसा लगाया। इसी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 1.16 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप और मिडकैप शेयर पिछले लगातार 3 दिन से बिकवाली के दबाव में कारोबार कर रहे थे, लेकिन इन शेयरों में आज आई तेजी ने भी मार्केट सेंटीमेंट्स को पॉजिटिव बनाने में अहम भूमिका निभाई। धामी का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरो में कटौती करने से ग्लोबल मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ना तय हो गया है।

## आईफोन-16 की बिक्री शुरू, दिल्ली और मुंबई के स्टोर पर लगी लाइन



**नई दिल्ली ।** भारत में आईफोन-16 सीरीज के मोबाइल फोन की बिक्री आज से शुरू हो गई। एप्पल के नई दिल्ली और मुंबई दोनों के आधिकारिक स्टोर सुबह 8 बजे खुल गए। आईफोन-16 खरीदने के लिए लोग नई दिल्ली के साकेत स्थित सेलेक्ट सिटी वॉक में लंबी कतार में खड़े दिखे। एप्पल के स्टोर 11 बजे सुबह खुलते हैं। लेकिन, एप्पल के नए फोन खरीदने के लिए दोनों स्टोर के बाहर लोगों की लंबी लाइन लगी हुई है। कंपनी ने 9 सितंबर को अपने इस साल के सबसे बड़े इवेंट 'इट्स ग्लोटाइम' में एआई फीचर्स के साथ आईफोन-16 सीरीज लॉन्च किया था। इसमें आईफोन-16, आईफोन-16 प्लस, आईफोन-16 प्रो और आईफोन-16 प्रो मैक्स शामिल हैं। एप्पल ने 13 सितंबर को इनकी बुकिंग की शुरुआत कर चुकी की है। इसके कस्टमर्स फोन को ऑफिशियल वेबसाइट और ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट और अमेजन से बुक कर सकते हैं।

## एईएम-भारत बैठक में आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की हुई समीक्षा: गोयल

### 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक में हुए शामिल

एजेंसी

**लाओस/नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को लाओस के वियनतियाने में 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों (एईएम-भारत) की बैठक में भाग लिया। गोयल ने इस बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि बैठक में आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा हुई। वह लाओस के वियनतियाने के दो दिवसीय दौरे पर हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि (एईएम-भारत) की बैठक में आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा हुई और इसकी प्रगति पर ध्यान दिया गया, जिससे व्यापार और



आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। इससे दोनों पक्षों के व्यवसायों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक में दोतरफा व्यापार के महत्व पर जोर दिया गया, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच मजबूत आपूर्ति श्रृंखला संबंधों और जीवीसी एकीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे पूरे क्षेत्र के व्यवसायों और लोगों को लाभ होगा। वाणिज्य मंत्रालय कार्यालय ने दी जानकारी में बताया कि पीयूष गोयल ने 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक से पहले भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। वाणिज्य मंत्री ने फिक्की के नेतृत्व में भारतीय उद्योगों से आग्रह किया कि वे आसियान व्यवसायों के साथ संबंधों को गहरा करें और आपसी विकास और समृद्धि के लिए इस क्षेत्र में भारत के निर्यात को बढ़ाने के अवसरों की तलाश करें। इससे पहले पीयूष गोयल ने 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के आर्थिक मंत्रियों की बैठक के दौरान स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की राज्य सचिव हेलेन बुडलिगर आर्टिडा के साथ मुलाकात की।

## विवाद से विश्वास 2.0 योजना अब एक अक्टूबर से

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 1 अक्टूबर से प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना 'विवाद से विश्वास 2.0' की शुरुआत करेगी। इसकी घोषणा जुलाई में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024-25 में लंबित कुछ आयकर विवादों के समाधान के लिए की गई थी। वित्त मंत्रालय ने जारी अधिसूचना में कहा, ''केंद्र सरकार प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना 2024 को लागू करने की तारीख 1 अक्टूबर, 2024 तय करती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार करों को सरल बनाने, करदाता सेवाओं में सुधार करने, कर निश्चितता प्रदान करने और राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ मुकदमेबाजी को कम करने के अपने प्रयास को जारी रखेगी। उल्लेखनीय है क करीब 35 लाख करोड़ रुपये की 2.7 करोड़ प्रत्यक्ष कर मांगों पर विभिन्न कानूनी मंचों पर विवाद जारी है। केंद्र सरकार प्रत्यक्ष करों के तहत लंबित मामलों के लिए 'विवाद से विश्वास' योजना का पहला चरण 2020 में लेकर आई थी।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का शताब्दी समारोह

# देश की ग्रामीण और कृषि व्यवस्था में नए सुधार सराहनीय : राज्यपाल

### रांची को कृषि, शिक्षा व शोध का प्रमुख केंद्र बनाएंगे : शिवराज



**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रांची को कृषि, शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र बनाएंगे। न्यूनत्तम मूल्य भी बढ़ाने का प्रयास करेंगे, जितनी लागत आता है, उसमें 50 प्रतिशत जोड़कर ही न्यूनत्तम प्रोडक्शन मूल्य दिया जाएगा। इस साल से 1500 से नहीं पांच हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय दुगुनी करना चाहते हैं। कृषि में उत्पादन बढ़ाना, घाटा कम करने, केवल धान, गेंहू से काम नहीं चलेगा। हमें दूसरे खेती में जाना होगा। आज भी हम लाह में 400 करोड़ का निर्यात करते हैं। आज ऐसी महिलाएं है जो लाख-लाख रुपये कमा रही हैं। हमारी आय बढ़ाने के लिए लाह अहम है। प्लास्टिक से बचने के लिए भी इसका उत्पादन जरूरी है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति का प्रेरणादायी व्यक्तित्व आज के इस समारोह की शोभा व गरिमा और भी बढ़ा रहा है। राष्ट्रपति ने छह वर्षों से अधिक राज्यपाल के रूप में झारखंड की सेवा की और राज्य के विकास के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनकी सादगी, मृदु स्वभाव और जनता के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें एक पीपुल्स गवर्नर के रूप में स्थापित किया। राज्यपाल ने कहा कि एक अत्यंत साधारण सी पृष्ठभूमि से आने वाली हमारी राष्ट्रपति कॉलेज जाने वाली अपने गांव की पहली महिला बनीं। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा ग्रहण किया।



वे बालिकाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। विशेष रूप से उन लड़कियों के लिए जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। राज्यपाल ने कहा कि राज्य की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर करती है। राज्य के किसानों को खुशहाल बनाना ही हमारी समृद्धि का आधार है। प्रधानमंत्री किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ह्यप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और ह्यकिसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाएं किसानों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण और कृषि व्यवस्था में नए सुधार हो रहे हैं, वह सराहनीय हैं। संतोष गंगवार ने कहा कि आज हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि हम राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के शताब्दी समारोह में भाग ले रहे हैं। यह संस्थान पूर्व से केवल लाह उत्पादन एवं अनुसंधान पर केन्द्रित था। इस संस्थान द्वारा पिछले 100 वर्षों में भारतीय कृषि को नई दिशा प्रदान की गई है। संस्थान ने लाख उत्पादन, प्रोसेसिंग और मूल्यवर्द्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसने न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के किसानों को समृद्ध बनाने में योगदान दिया है।

### देश का 55 प्रतिशत लाह का उत्पान झारखंड से होता है : हिमांशु पाठक



संस्थान महानिदेशक हिमांशु पाठक ने कहा कि देश में कुल लाह उत्पादन का 55 प्रतिशत झारखंड से होता है। इसके बाद ही अन्य राज्य का योगदान है। इस संस्थान से 10 लाख से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया और अपना आय बढ़ाया। लाह के उत्पादन में हमारा देश नंबर वन है। हमारा संस्थान सेंकेडरी कृषि को बढ़ावा दे रहा है। अगले तीन वर्षों में यह देश न केवल विकाशील, बल्कि विकसित देश रहेगा। इसमें हमारे संस्थान को जो सहयोग रहेगा, जरूर करेगा। निदेशक डॉ. श्याम नारायण झा ने कहा कि इस संस्थान को चिरंजीवी बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। समय-समय पर इस संस्थान का नाम बदला गया। कुल चार बार इस संस्थान का नाम बदला गया है, जिसका मुख्य कारण रहा इसके जरिए कृषि में उत्तोतर विकास। निदेशक डॉ अभिजीत कर ने विकास यात्रा की जानकारी देते हुए कहा भारतीय लाह अनुसंधान संस्थान के नाम से शुरू किया था और कहा झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल,महाराष्ट्र जैसे राज्यों में प्रमुखता से लाह का उत्पादन होता है ।

## पृष्ठ एक के शेष

**जेएसएससी सीजीएल परीक्षा...**
आयोग की सीजीएल परीक्षा शनिवार और रविवार को आयोजित की जानी है। इसे ध्यान में रखते हुए, पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पलामू पुलिस ने होटलों और गेस्ट हाउसों में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितताओं को रोकना है।
पुलिस की इस कार्रवाई से परीक्षा के पहले एक बड़ी राशि की बरामदगी ने संभावित अनियमितताओं की आशंका को जन्म दिया है। आगे की जांच से यह साफ हो पाएगा कि इस धन का उद्देश्य क्या था और इसका परीक्षा से कोई संबंध है या नहीं।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह...**
प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी व अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक भानू प्रताप शाही ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस जनसभा के माध्यम से जनता से हेमंत सोरेन सरकार की भ्रष्ट नीतियों और अधूरे वादों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया जाएगा। शाही ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त करना और जनता भाजपा की ओर देख रही है।
**सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारी :** रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एनएसजी (नेशनल सिक्योरिटी गार्ड) की टीम ने अनुमंडल कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दिया। तीन अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे, एक वीवीआईपी, दूसरा वीआईपी और तीसरा आम जनता के लिए। एसपी दीपक पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे, और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा, जिसमें पूरे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। भाजपा कार्यकर्ता इस यात्रा को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। परिवर्तन यात्रा के जरिए भाजपा झारखंड की वर्तमान सरकार के खिलाफ बड़ा जनसमर्थन जुटाने का प्रयास करेगी। राजनाथ सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा राज्य के विभिन्न हिस्सों में जनता तक भाजपा का संदेश पहुंचाएगी और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सत्ता वापसी का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**सेकेंडरी एग्रीकल्चर से ही रूक...**
हो सकते हैं। यह संस्थान लाह के साथ गम के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस संस्थान का लाभ अन्य संस्थानों को मिलना चाहिए। यह संस्थान प्रशिक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लाह का उत्पादन मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय के द्वारा किया जाता है। इस संस्थान में लाह के साथ-साथ कई लाह से जुड़े कई उत्पाद किए जा रहे हैं। यह भी गर्व की बात है कि झारखंड में इसका उत्पादन देश में 55 प्रतिशत है। कौशल विकास के लिए भी प्रशिक्षण आयोजन किया जाता है। एसएजी समूह की बहने बहुत मेहनती हैं, जो कृषि के साथ अन्य उत्पाद से जुडे हैं। राष्ट्रपति नेकहा कि जानकारी मिली कि जो रॉ लाह होता है वह 100-200 में भेजा जाता था लेकिन बाद में जब विदेश भेजा जाता था तो उसकी कीमत 3000-4000 होता था। मैं जब दौरा करती थी राज्य के अलग-अलग जिला में तो मैं पलामू गई थी। पलामू जाने पर मुझे पता चला कि पलामू का नाम पलाश, लाह और महुआ के नाम पर रखा गया है। हमारे देश के कई राज्य में लाह की फार्मिंग की जाती है। भारत के कुल उत्पादन का 55 प्रतिशत से अधिक लाख उत्पादन झारखंड में किया जाता है। भारत में लाह का उत्पादन जनजातियों के द्वारा किया जाता है। अंत में उन्होंने कहा कि मैं सभी किसान भाई बहनों, संस्थान से जुडे.सभी लोगों, यहां उपस्थित सभी लोगों के स्वर्णिम भविष्य की कामना करती हूं।

**किसानों को खेतिहर मजदूर बनने से...**
संस्करण संस्थान, नामकुम रांची का सौ वर्ष हो रहा है। इन वर्षों में हालात कुछ ऐसे हुए कि बड़े पैमाने पर किसान खेतिहर मजदूर बनते चले गए। किसानों को खेतिहर मजदूर बनने से बचाने की आज आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है, ताकि किसानों के हित में बेहतर नीति निर्धारण के साथ कार्य हो सके।
**मेहनतकश किसानों के हालात से हम सभी वाकिफ हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के प्रति संवेदनाएं हमारे लिए शुरू से ही सर्वोपरि रहा है। वैसे तो किसानों के लिए कई बड़ी-बड़ी बातें होती है। कागजों में भी आंकड़े अच्छे दिखाए जाते हैं । लेकिन, मेहनतकश किसान खेतों में कितना जद्दोजेहद करते हैं, उसे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर देखा जा सकता है । किसानों के हालात कैसे बदलें, इस दिशा में गंभीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है।
**किसानों को लाह की खेती से जोड़ने पर जोर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का 50 से 55 प्रतिशत लाह उत्पादन करता है। लेकिन पहले हम 70 प्रतिशत लाह का उत्पादन करते थे। आज इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं । बस इसके लिए किसानों को लाह की खेती से जोड़ने के लिए प्रोत्साहन और सुविधा उपलब्ध हो। इस कड़ी में हमारी सरकार लाह को कृषि का दर्जा दे चुकी है, ताकि लाह का उत्पादन, अनुसंधान, प्रसंस्करण, उचित मूल्य और बाजार उपलब्ध हो सके।

**सरकार बनते ही बांग्लादेशी-रोहिंग्या...**
पांच लाख नौकरी देंगे युवाओं को नौकरी तो नहीं मिली, ऐसा नियम लागू किया कि दौड़ लगाते-लगाते युवाओं की मौत हो रही है। अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए कहा कि इन्होंने एक हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला, 600 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला और 40 करोड़ का शराब घोटाला किया है। ये लोग सेना की जमीन तक खा गए। ऐसी सरकार कभी झारखंड के लोगों और आदिवासियों का भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य सिर्फ हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार को हटाकर भाजपा को लाना नहीं, बल्कि झारखंड में एक ऐसी सरकार बनाना है, जो भ्रष्टाचार को रोके और बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां से बाहर भेज सके। आज झारखंड के पाकुड़ जिले में हिंदुओं और आदिवासियों झारखंड छोड़ो के नारे लगते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि ये भूमि हमारे आदिवासियों की है या बांग्लादेशी-रोहिंग्या की? हमें इस धरती को बचाना है और यह काम हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार कभी नहीं कर सकती क्योंकि घुसपैठिए उनके वोट बैंक हैं।
**घुसपैठ की जांच के लिए झारखंड सरकार के साथ कमेटी बनाएंगे :** अमित शाह ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर आभार जताते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय, झारखंड सरकार के साथ इसकी जांच के लिए एक कमेटी बनाएगी। झारखंड का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने किया था। इसके पीछे का उद्देश्य जनकल्याण था, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने जनकल्याण की जगह घुसपैठिया कल्याण वाला राज्य बना दिया।
**राज्य की विधवा बहनों को भी ठगा :** इसी तरह राज्य की विधवा बहनों को इन्होंने हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन यह राशि किसी को नहीं मिली। झारखंड की सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यहां एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं। एकेडमिक काउंसिल, जूनियर इंजीनियर, लैब असिस्टेंट, नगरपालिका, ग्रेजुएट लेवल की नौकरी और जेपीएससी के पेपर लीक हुए। सच तो यह है कि यहां पैसा लेकर पेपर बांटे जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पेपर लीक के तमाम मामलों में सख्त कार्रवाई होगी।

**राज्यकर्मियों को दशहरा...**
करोड़ 5 लाख की योजना की रिवाइज स्वीकृति दी गई। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हेथू रिंग रोड पथ 6.9 किमी रोड के लिए 280 करोड़ 60 लाख के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति दी गई। धनबाद में आरएसपी कॉलेज के नए भवन निर्माण के लिए 67 करोड़ की योजना स्वीकृति। फामेर्सी कॉलेज बरियातू में बी फार्मा की पढ़ाई के लिए 32 पदों के सृजन की स्वीकृति। बोकारो में राजकीय पॉलिटेक्निक के पुनर्निर्माण इत्यादि के लिए 45 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई। बोकारो में नव निर्मित अभियंत्रण कॉलेज, गोड्डा नवनिर्मित अभियंत्रण कॉलेज को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के रूप में संचालन की स्वीकृति दी गई। जनगणना 2009 के नियम में संशोधन किया गया। ज्ञानोदय योजना अंतर्गत 291 उच्च उच्चतर महाविद्यालय में अतिरिक्त स्मार्ट क्लास संचालित करने की स्वीकृति दी गई। पथ प्रमंडल चाईबासा अंतर्गत हाट गम्हरिया बेनी सागर रोड 44 किलोमीटर की राइडिंग क्वालिटी सुधारने के लिए 31.69 करोड़ योजना की स्वीकृति दी गई। मयुराक्षी नदी पर पूल निर्माण के लिए करीब 241 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति। झारखंड पशुपालन सेवा नियमावली में संशोधन की स्वीकृति। झारखंड जन्म एवं मृत्यु निबंधन में संशोधन की स्वीकृति। किसानों से धान खरीद अधिप्राप्ति के लिए राज्य सरकार की ओर से दी जानेवाली 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की राशि के लिए 60 करोड़ की स्वीकृति। भवन एवं कर्मकार निबंधन नियमावली 2006 में संशोधन की स्वीकृति। शहरी स्थानीय निकाय में संविदा के आधार पर 107 इंजीनियरों की बहाली होगी। केंद्र के रिकंस्ट्रक्शन ऑफ मोहम्मदगंज टू हैदरनगर के 17.37 केएम सड़क के लिए 92 करोड़ की स्वीकृति।

## मंच सज्जा पर राष्ट्रपति के साथ आयी टीम ने जतायी आपत्ति

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में मंच को भव्य तरीके सजाया गया था। इस पर राष्ट्रपति के साथ आयी टीम ने आपत्ति जतायी। वहीं मंच में लगे फूल-पत्ती को हटा दिया गया।

## मीडिया कर्मियों के लिए पानी तक की कोई व्यवस्था नहीं



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम का कवरेज कर रहे पत्रकारों को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ा। आईसीएआर के कर्मचारियों से पत्रकार पानी मांगते रहे, लेकिन पत्रकारों किसी ने पानी नहीं दिया। पानी मांगने पर आईसीएआर के कर्मचारियों का कहना है था कि किसी प्रकार की कोई व्यवस्था करने से प्रशासन ने मना किया है। आईसीएआर के अनुसार पत्रकारों को 2 घंटे पहले बुलाया गया था। वहीं शौचालय की भी व्यवस्था नहीं थी। इससे महिला पत्रकारों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए ये सुनिश्चित करे निगम : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने नगर निगम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि किसी भी भवन का गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए। साथ ही अदालत को निगम ने यह जानकारी दी कि हिनू नदी के किनारों से अतिक्रमण हटाने की दिशा में सिंगल बेंच से आदेश आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। रांची के बड़ा तालाब व जिले के आसपास के जल स्त्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
अति–अल्पकालीन आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2024–25)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–30.09.2024 को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–01.10-2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–01-10-2024 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची।
(2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
(3) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मोहम्मदगंज से दंगवार पथ के चैंनेज–12.600 कि0मी0 में हाई लेवल बिज का पहुँच पथ एवं आर0सी0सी0 रेलिंग निर्माण कार्य। (वर्ष 2024–25) | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 2 | छः मुहान से बस स्टैण्ड गायत्री मंदिर होते हुए बैरिया चौक पथ का साधारण मरम्मति कार्य। (वर्ष 2024–25) | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 01 Month |
| 3 | डालटनगंज–लेस्लीगंज–पाँकी पथ का ब्रिज रेलिंग मरम्मति कार्य। (वर्ष 2024–25) | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 4 | छत्तरपुर से डुमरिया पथ के चैंनेज–16.50 से 17.600 कि0मी0 तक सड़क के दोनों किनारे आर0सी0सी0 पक्का नाली निर्माण कार्य। (वर्ष 2024–25) | 60,00,000.00 | 1,20,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 5 | मोहम्मदगंज से दंगवार पथ के चैंनेज–19.652 से 20.220 कि0मी0 तक में गार्डवाल निर्माण कार्य। (वर्ष 2024–25) लम्बाई – 595 मी0, उचाई – 2.00 मी0 एवं 1.5 मी0 | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 6 | चैनपुर से रमकण्डा पथ के चैंनेज–0.00 से 0.734 कि0मी0 में सड़क के दोनों तरफ पक्का आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। (वर्ष 2024–25) लम्बाई – 700 मी0 X 2 = 1400 मी0 | 75,00,000.00 | 1,50,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 7 | चैनपुर से रमकण्डा पथ के चैंनेज–9.00 से 9.540 कि0मी0 में ग्राम नावाडीह सड़क के दोनों तरफ आर0सी0सी0 पक्का नाली निर्माण कार्य। (वर्ष 2024–25) लम्बाई – 540 मी0 X 2 = 1080 मी0 | 60,00,000.00 | 1,20,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 8 | चैनपुर से रमकण्डा पथ के चैंनेज–10.50 से 11.00 कि0मी0 में घाटी क्षेत्र के पक्का आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। (वर्ष 2024–25) लम्बाई – 450 मी0 | 60,00,000.00 | 1,20,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 9 | गाँधीपुर से नरसिंहपुर पथराघाट पथ के चैंनेज–13.625 कि0मी0 में गार्डवाल निर्माण कार्य। (वर्ष 2024–25) लम्बाई – 460 मी0 उचाई 2.0 मी0 (ए0भी0) | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 10 | कार्यपालक अभियंता के आवासीय परिसर में मरम्मति एवं सुसज्जीकरण कार्य। (वर्ष 2024–25) | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 11 | कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में मरम्मति एवं सुसज्जीकरण कार्य। (वर्ष 2024–25) | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
PR 336438 Road(24-25)D



## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार

सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर

**रोजगार मेला 2024**

झारखण्ड राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र के कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों में सुगमता से रोजगार के सुनहरे अवसर को प्रदान करने हेतु जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा **एक दिवसीय दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन दिनांकः 28.09.2024, दिन : शनिवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।**

इस मेले में कम्पनियों/प्रतिशठानों/संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही है। अन्य कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिससे बेरोजगार युवक/युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। उक्त मेले में झारखण्ड राज्य में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के प्रावधानों का अनुपालन किया जायगा। इस मेले में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

1. **झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड।**
2. **शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति।**
3. **2 कॉपी फोटो 4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र**
6. **जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी**

इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना रोजगार मेला में भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर स्वयं कर सकते हैं या जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार में उपस्थित हो कर करा लें। ताकि आयोजित रोजगार मेला में भाग लें सकें।

लातेहार जिला के तमाम बेरोजगार युवक/युवतियों से अपील है कि वे इस रोजगार मेला में भाग ले एवं अपनी योग्यता/इच्छानुरूप रोजगार पा कर अपने भविष्य को स्वर्णिम बनायें।

**नोट : विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।**

आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामानाओं के साथ।

**तिथि : 28.09.2024, दिन : शनिवार**
**स्थान : जिला खेल स्टेडियम, लातेहार**
**समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक।**

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 336332 Labour Employment and Traning (24-25)_D



## समाहरणालय, गढ़वा।
### (जिला जन-सम्पर्क कार्यालय, गढ़वा)
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के पत्रांक 06/परीक्षा–01–73 के आलोक में दिनांक 21.09.2024 एवं 22.09.2024 को पूर्वाह्न 8:30 से अपराह्न 5:00 बजे तक तीनो पालियों में जिले के कुल– 19 परीक्षा केन्द्रों पर झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 आयोजित है। इस हेतु गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत कुल–18 एवं श्रीबंशीधर नगर अनुमण्डल अन्तर्गत कुल– 01 परीक्षा केन्द्र अवस्थित है। अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा एवं श्रीबंशीधर नगर उंटारी के आदेश ज्ञापांक 473/गो0 दिनांक 18.09.2024 एवं ज्ञापांक– 112/दिनांक– 20.09.2024 के द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (पूर्व की धारा–144) के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों की चाहरदीवारी के 50 मीटर की चर्तुदिक दूरी तक दिनांक 21.09.2024 एवं 22.09.2024 के पूर्वाह्न 6:00 बजे से अपराह्न 7:30 तक निम्न रूप से लागू है, जिसमें निम्न बातें सन्निहित है :–

(1) सभी परीक्षा केन्द्र के चहारदीवारी से 50 मीटर की चर्तुदिक दूरी में कहीं भी अनाधिकृत रूप से कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे।
(2) परीक्षा केन्द्र के आस–पास किसी प्रकार का शोरगुल की अनुमति नहीं होगी।
(3) परीक्षा केन्द्र के आस–पास लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार का प्रचार– प्रसार/ढोल–नगाड़ा आदि वाद्य यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जायेगा।
(4) परीक्षा केन्द्र एवं आस–पास किसी भी प्रकार का हथियार, आग्नेयास्त्र, ज्वलनशील पदार्थ (पटाखे, बारूद आदि) लाना सर्वथा वर्जित होगा।
(5) परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षार्थी को मोबाईल फोन/ पेजर/ कैलकुलेटर/ ब्लुटूथ/ ईयरफोन, डिजिटल डायरी/लॉग बुक/पुस्तक/नोट बुल/बैग इत्यादि इलेक्ट्रोकनिक यंत्र लाना (परीक्षा कार्य में लगे केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं परीक्षा केन्द्र प्रेक्षक को छोड़कर) पूर्णतया वर्जित होगा।
(6) किसी भी परीक्षार्थी/व्यक्तियों के द्वारा परीक्षा संबंधी किसी प्रकार का अफवाह फैलाये जाने की स्थिति में इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी जाय, जिससे उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके।
(7) सभी होटल/धर्मशाला/आश्रम संचालकों को निदेश है कि आपके यहाँ आवासन कर रहे सभी व्यक्तियों की गहणता से जांच की जाय। किन्हीं भी व्यक्ति पर संदेह की स्थिति में इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दी जाय।
(8) उपरोक्त क्र0सं0– 01 से 07 तक सभी शर्तो को उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थी/व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.336490 IPRD(24-25):D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## नेपाल के पीएम अमेरिका रवाना न्यूयॉर्क में मोदी से वार्ता के प्रयास

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली शुक्रवार को अमेरिका की 10 दिनों की यात्रा पर रवाना हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने के साथ ही अपने अमेरिका भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ओली का भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ साइडलाइन वार्ता करना एक प्रमुख एजेंडा है। उनके साथ विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा सहित विदेश मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी गए हैं। दस दिनों तक अपने अमेरिका भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ओली कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद ओली की यह पहली विदेश यात्रा है। तीन दिनों के लिए अमेरिका जा रहे मोदी 22 सितम्बर को न्यूयॉर्क में रहने वाले हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक दिखा अमेरिकी क्रिप्टोकरेंसी ऐड




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का यू-ट्यूब चैनल हैक हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी का विज्ञापन चल रहा है। अमेरिकी कंपनी रिपल लैब्स ने क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी को डेवलप किया है। इस यूट्यूब चैनल पर सुप्रीम कोर्ट के संविधान बेंच की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया जाता है। हाल ही में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेप और हत्या के मामले की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया था।

### पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर बोले

# कांग्रेस को अर्बन नक्सल और टुकड़े-टुकड़े गैंग चला रहे : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल चला रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये वह कांग्रेस नहीं जिससे कभी महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जुड़े थे। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि आज जिस कांग्रेस हम देख रहे हैं, उस कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है। वह महाराष्ट्र के अमरावती के वर्धा में पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। पीएम ने कहा आज कांग्रेस के लोगों की भाषा और बोली बदल गई है। विदेशी धरती पर जाकर देश विरोधी एजेंडा चलाना, समाज और देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना इनकी भाषा हो गई है। आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है, देश का कोई सबसे भ्रष्ट परिवार है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है।



### कांग्रेस ने पारंपरिक कौशल को बल नहीं दिया

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि हमारे पारंपरिक कौशल में सबसे ज्यादा भागीदारी एससी/एसटी और ओबीसी समाज के लोगों की रही है। अगर पिछली सरकारों ने विश्वकर्मा बंधुओं की चिंता की होती, तो इस समाज की कितनी बड़ी सेवा होती। लेकिन, कांग्रेस और उसके दोस्तों ने एससी/एसटी/ओबीसी को जानबूझकर आगे नहीं बढ़ने दिया। हमने सरकारी सिस्टम से कांग्रेस की इस दलित और पिछड़ा विरोधी सोच को खत्म किया है। पिछले 1 साल के आंकड़े बताते हैं कि विश्वकर्मा योजना का सबसे ज्यादा लाभ

**कांग्रेस के तुष्टिकरण का भूत जाग उठा :** पीएम ने कहा कि कांग्रेस के तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने गणपति बप्पा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया। गणपति की जिस मूर्ति की लोग पूजा कर रहे थे। पुलिस वैन में कैद करवा दिया। मैं हैरान हूं कि इस पर कांग्रेस के सहयोगी के मुंह पर भी ताला लग गया है। उन पर भी कांग्रेस की संगत का ऐसा रंग चढ़ा है कि उनमें गणपति के अपमान का विरोध करने की हिम्मत नहीं बची है।

### कांग्रेस को गणपति पूजा से नफरत

लगे हाथ प्रधानमंत्री ने सीजेआई डीबी चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल होने पर कांग्रेस के सवाल का भी जवाब दिया। मोदी ने कहा कि जिस पार्टी में आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। महाराष्ट्र की धरती गवाह है कि आजादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपित उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था। गणेश उत्सव में हर एक समाज और हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे। इसलिए कांग्रेस को गणपति पूजा से भी चिढ़ है।

## क्यों लोग 60 लाख रू. तक खर्च कर डंकी रूट से जा रहे अमेरिका?

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** करनाल का अमित कुमार डंकी रूट के जरिए अमेरिका गया था। रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। अमित की मां का कहना है कि अमित घर की जमीन व जरूरी चीजें गिरवी रखकर विदेश गया था। उसने डंकी रूट के रास्ते विदेश जाने के लिए उसने 42 लाख रुपए खर्च किए थे। डंकी रूट का मतलब होता है किसी देश में अवैध तरीके से पहुंचने की कोशिश करना। यह देश अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, मैक्सिको सहित कोई भी हो सकता है। लोग लाखों रुपये लगाकर अपने पसंदीदा मुल्क जाना चाहते हैं जबकि वे जानते हैं कि डंकी रूट से जाने में उनकी जान भी जा सकती है। इतना पैसा लगाकर विदेश में अपने चहेते मुल्क पहुंचने की ख्वाहिश रखने वाले लोग इस बात को जानते हुए भी कि उनके अपनी मंजिल तक पहुंचने की कोई गारंटी नहीं है, फिर भी वह वहां पहुंचना चाहते हैं। हरियाणा, पंजाब, गुजरात व अन्य कई राज्यों के कई गांवों से अमित कुमार जैसी कहानियां सामने आ चुकी हैं। इनके बारे में भी आपको बताते हैं। हरियाणा के करनाल जिले के घोलपुरा गांव में कई युवक डंकी रूट से विदेश पहुंचकर अपना नुकसान करा चुके हैं। गांव के रहने वाले उदय सिंह घोलिया 6 महीने तक पनामा के जंगलों से होते हुए मैक्सिको तक पैदल गए। नाव के जरिए उन्होंने अवैध रूप से मैक्सिको जाने की कोशिश की लेकिन सुरक्षा अफसरों ने उन्हें और उनके साथ 300 से ज्यादा लोगों को वापस भारत भेज दिया। अब वह हरियाणा में अपने गांव में गायों की देखभाल सहित घर के काम कर रहे हैं। ऐसी ही कहानी मुकेश कुमार की है। वह ऑस्ट्रिया के एक कैंप में 3 महीने तक रुके और फिर 3 महीने जेल में भी रहे। दिसंबर 2022 में वह वापस आ गए। इस सबके बाद भी इस गांव के बहुत सारे लड़के विदेश जाना चाहते हैं। इस गांव की जनसंख्या लगभग डेढ़ हजार है और यहां के 150 युवा विदेश जा चुके हैं। इनमें से लगभग 80% लोग डंकी रूट से गए हैं और इसके लिए उन्होंने स्थानीय एजेंट को 15 से 60 लाख रुपए तक दिए हैं। गांव का जब कोई युवा अमेरिका पहुंच जाता है तो गांव के लोग पटाखे फोड़ कर उसका स्वागत करते हैं। पंजाब और हरियाणा में ऐसे कई युवाओं की कहानी सामने आ चुकी है जो डंकी रूट के जरिए अपने पसंदीदा देश पहुंचने के चक्कर में लाखों रुपए गंवाने के साथ ही कीमती वक्त का भी नुकसान कर चुके हैं। भारत में सबसे पॉपुलर डंकी रूट के जरिए लोग लैटिन अमेरिका के किसी देश तक पहुंचना चाहते हैं। इक्वाडोर, बोलीविया और गुयाना जैसे देश भारतीयों को वीजा देते हैं और कुछ और देश जैसे- ब्राजील और वेनेजुएला टूरिस्ट वीजा देते हैं। लेकिन लैटिन अमेरिका के देशों तक पहुंचने के लिए लोग एजेंट से संपर्क करते हैं और पहुंचने का रास्ता इस पर निर्भर करता है कि एजेंट के उन देशों में मानव तस्करी नेटवर्क से कैसे लिंक हैं। कुछ एजेंट दुबई से सीधे मैक्सिको का वीजा दिला देते हैं लेकिन मैक्सिको पहुंचने पर सबसे ज्यादा खतरा गिरफ्तार होने का रहता है इसलिए ज्यादातर एजेंट अपने क्लाइंट्स को किसी लैटिन अमेरिका देश में उतारते हैं। फिर उन्हें कोलंबिया ले जाते हैं। कोलंबिया से उन्हें पनामा के जंगलों में ले जाया जाता है और इस दौरान उन्हें डारियन गैप नाम का एक खतरनाक जंगल पार करना होता है। इस जंगल में पानी की कमी तो है ही, जंगली जानवरों और क्रिमिनल गैंग्स का भी खतरा है। विदेश पहुंचने का सपना रखने वाले लोग इस रास्ते पर लूटपाट का शिकार होते हैं और यहां रेप की भी घटनाएं होती हैं। लेकिन इन घटनाओं की कोई रिपोर्ट नहीं होती है और अपराध करने वालों को सजा भी नहीं मिलती है। सब कुछ ठीक रहा तो 8 से 10 दिन में यह पूरा रास्ता पूरा हो जाता है लेकिन अगर किसी शख्स की मौत हो गई तो उसका शव अंतिम संस्कार के लिए उसके घर तक नहीं भेजा जा सकता। ग्वाटेमाला पहुंचने पर लोगों को तस्करों के हवाले कर दिया जाता है और इसके बाद वे उन्हें मैक्सिको और फिर अमेरिका की ओर ले जाते हैं। अमेरिका और मैक्सिको के बीच 3,140 किलोमीटर लंबी सीमा है और इस पर तारबाड़ होती है। लोगों को इसे पार करना होता है। कई लोग रियो ग्रांडे नदी पार करने की कोशिश करते हैं। अवैध रूप से घुसने की कोशिश करने वाले ऐसे लोगों को अमेरिकी अधिकारी हिरासत में ले लेते हैं और फिर उन्हें शरणार्थी कैंपों में रखा जाता है। जिस तरह लोग डंकी रूट के जरिए अमेरिका और मैक्सिको पहुंचते हैं, इसी तरह वे यूरोप के देशों में भी जाने लगे हैं।

## अब तक 35.57 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने की चारधाम यात्रा

एजेंसी

**बदरीनाथ/केदारनाथ।** चारधाम यात्रा में फिर से एक बार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। अब तक चारधाम यात्रा में 35 लाख 57 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। सितंबर माह के दूसरे सप्ताह से बदरीनाथ-केदारनाथ धाम जाने वाले भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। दोनों धामों में प्रतिदिन तीन से चार हजार तीर्थयात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं। शासन-प्रशासन यात्रियों की सुखद यात्रा के लिए सुविधा मुहैया कराने के लिए व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। केदारनाथ मंदिर के कपाट दस मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए थे। यात्रा के शुरूआत से भक्तों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया था। केदारनाथ में सबसे अधिक अभी तक रिकार्ड 11 लाख 45 हजार 897 से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई है। बदरीनाथ में 09 लाख 89 हजार 282 श्रद्धालु पहुंचे हैं। दोनों धामों में 21 लाख 35 हजार से अधिक तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। गंगोत्री धाम में 06 लाख 65 हजार 911 और यमुनोत्री धाम में 05 लाख 83 हजार 455 व हेमकुंड में 01 लाख 66 हजार 503 से अधिक भक्त पहुंचे हैं। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि सरकार, मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से धाम पहुंच रहे यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## अमेरिका में कोर्ट रूम में जिला जज की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका में स्कूलों के बाद अब तो कानून के मंदिर में भी खून बहने लगा है। पूर्वी केंटकी काउंटी के जिला जज की हत्या से लोग सकते और दहशत में हैं। एक ग्रामीण इलाके के शेरिफ ने गुरुवार दोपहर कोर्ट रूम में घुसकर जिला जज की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपित शेरिफ ने आत्मसमर्पण कर दिया। केंटकी स्टेट पुलिस के ट्रूपर मैट ने बताया कि लेचर काउंटी के शेरिफ 43 वर्षीय मिकी स्टाइन्स ने 54 वर्षीय जिला जज केविन मुलिंस को गोली मारने के बाद आत्मसमर्पण कर दिया। यह वारदात दोपहर करीब 2:55 बजे दक्षिण-पूर्वी केंटकी के व्हाइट्सबर्ग शहर में लेचर काउंटी कोर्ट रूम के अंदर हुई।

## पाकिस्तान की अदालत ने ईशनिंदा केस में ईसाई महिला को मौत की सजा सुनाई

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने ईशनिंदा केस में एक ईसाई महिला शौगाता करन को मौत की सजा सुनाई है। साल 2020 के सितंबर माह में एक व्हाट्स ऐप ग्रुप में पैगंबर के बारे में अपमानजनक कंटेंट साझा करने के आरोप में शौगाता के खिलाफ ईशनिंदा कानून के तहत 29 जुलाई, 2021 को मामला दर्ज किया गया था। शिराज अहमद ने इस महिला के खिलाफ साइबर अपराध शाखा में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस्लामाबाद की विशेष अदालत के न्यायाधीश अफजल माजुका ने कल (गुरुवार) सुनवाई के बाद शौगाता करन को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295 सी के तहत दोषी ठहराया। इसमें मौत की सजा का प्रावधान है। शौगाता पर तीन लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इसके अलावा अदालत ने इस महिला को पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक अपराध अधिनियम (पीईसीए) की धारा 11 के तहत सात साल की कैद और एक लाख रुपये का जुमार्ना की भी सजा सुनाई है।

### ईशनिंदा के आरोपित अली को पुलिस ने मार डाला था, परिवार ने माफ किया

डॉन अखबार की इस खबर में यह उल्लेख किया गया है कि कुछ समय पहले ईशनिंदा के आरोपित अब्दुल अली उर्फ शाखी की पुलिस हिरासत में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब उसके बेटों मोहम्मद उस्मान और मोहम्मद अली ने इसके लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारी को माफ कर दिया है। दोनों ने क्वेटा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नूरजई जनजाति के प्रमुख हाजी फैजुल्लाह नूरजई के साथ अली के ईशनिंदा के कृत्य की निंदा की। अली के दो भाइयों खैर मोहम्मद और बोर मोहम्मद ने भी उसके कृत्यों की निंदा की। उस्मान ने कहा कि परिवार और कबीले का अब्दुल अली के ईशनिंदा के घृणित कृत्य से कोई लेना-देना नहीं है।

## एजुकेशन/करियर

आज के दौर में होम साइन का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। इसकी पढ़ाई कर के लोग अच्छे जॉब और करियर बना सकते है। होम साइंस की पढ़ाई झारखंड के लगभग सभी विश्वविद्यालय में होती है। यह मानव विकास और विज्ञान के क्षेत्र में अन्य विभागों से जुड़े विज्ञान के बारे में एक अध्ययन है। इस विषय में डीप्लोमा, डिग्री, स्नातक स्नातकोत्तर समेत कई प्रकार की पढ़ाई होती है। होम साइंस शिक्षा की वह विधा है जिसके अन्तर्गत पाक शास्त्र, पोषण, गृह अर्थशास्त्र, उपभोक्ता विज्ञान, बच्चों की परवरिश, मानव विकास, आन्तरिक सज्जा, वस्त्र एवं परिधान, गृह निर्माण आदि का अध्ययन किया जाता है।

# होम साइंस में बना सकते हैं अपना करियर

### होम साइंस कोर्स

- डिप्लोमा इन होम साइंस
- बीएससी इन होम साइंस
- बीएड इन होम इक्कोनोमिक्स
- एमएससी इन होम साइंस
- एमए इन होम इकोनोमिक्स
- एमएससी फूड साइंस एंड बायोटेकनोलॉजी
- एमएससी इन न्यट्रीशियन साइंस
- एमएससी इन न्यूट्रीशिएन एंड फूड साइंस
- मास्टर ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन होम इकोनोमिक्स
- इसके अलावे अन्य डिग्रियों की पढ़ाई होती है



### होम साइंस की पढ़ाई के लिए भारत के टॉप संस्थान

- लेडी इरविन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- जेडी बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ होम साइंस, कोलकाता
- एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई
- गृह विज्ञान विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय
- गवर्नमेंट होम साइंस कॉलेज, पंजाब यूनिवर्सिटी
- बनस्थली विश्वविद्यालय, राजस्थान
- गृह विज्ञान महाविद्यालय, निर्मला निकेतन, मुंबई



### अन्य जॉब

**प्रोडक्शन जॉब :** इस क्षेत्र में अंतर्गत फूड प्रिजरवेशन, ड्रेस मेकिंग, कुकिंग आदि आते हैं तथा इसमें स्नातक छात्र टेक्सटाइल बिजनेस, फैशन डिजाइनिंग के साथ-साथ होटल एवं फूड इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं।

**रिसर्च जॉब :** रिसर्च के क्षेत्र में प्रमुख विषय जैसे मदर्स, फार्मर्स, विलेजर्स, फूड वैल्यू, फूड आइटम्स आदि को शामिल किया गया है। इसमें प्रयोगशालाओं में रिसर्चर, साइंटिस्ट के रूप में काम करना होता है।

**सेल्स जॉब :** यहां पर फूड आइटम्स का सेल्स प्रमोशन खासकर बेबी फूड संबंधी कार्य किया जाता है। इसमें अनुभव और जानकारी की दृष्टि से होम साइंस के ग्रेजुएट उपयुक्त होते हैं।

**सर्विस जॉब :** किसी होटल, रेस्तरां, टूरिस्ट रिजॉर्ट, कैटरिंग सेंटर में हाउस कीपिंग डिपार्टमेंट एवं देखरेख संबंधी कार्य किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त भी इसमें कई तरह के अवसर हैं।

### करियर

- रिसर्च साइंटिस्ट
- एक्सहिबीटर
- न्यूट्रिशनिस्ट
- डाइटिशियन
- अस्सिटेंट डाइटिशियन
- फ़ूड एनालिस्ट
- हेल्थ एंड न्यूट्रिशन जर्नलिस्ट
- होस्टेस एंड रिसेप्शनिस्ट
- कॉउंसलर, प्रोफेसर एंड रिसर्चर
- आहार विशेषज्ञ
- परिवार नियोजन सलाहकार
- कपड़ा परिधान डिजाइनर
- टेक्सटाइल डिजाइनिंग
- मानव विकास
- संसाधन प्रबंधन
- एक दिन और हमेशा के लिए
- परिवार नियोजन
- खाद्य विश्लेषक
- खाद्य वैज्ञानिक
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता
- अस्पताल परिचारक
- पोषण विशेषज्ञ
- अनुसंधान सहायक सहायक ड्रेस डिजाइनर
- सहायक फैशन डिजाइनर
- बेबी केयर टेकर
- चाइल्ड केयर गिवर
- रसोइया शेफ़
- प्रदर्शक
- पेंट्री प्रभारी
- शिक्षक/व्याख्याता

### प्रवेश परीक्षाएं

- बीएमआईयूएलईई
- एयूईई
- बीएचयूपीएईई
- बीयूईई
- जीएमईई
- सीजीसी एमईई
- आईआईएफईई
- एमजीयूईई
- यूके फएईई
- एसएसयूएसईई

